

- सीईसी के साथ बैठक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीच में छोड़ी - 12



- वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 7-8 % की वृद्धि दर कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता - 12



- ट्रंप को ईरान से समझौते की उम्मीद खामेनेई की युद्ध के विरुद्ध चेतावनी - 13



- दिल्ली की नजरें लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंचने पर- 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.00
सूर्यास्त 05.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया 12:40 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 344, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 44 पैसे के सुधार के साथ 91.49 पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआई 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 91.45 का उच्चस्तर और 91.95 का निचला स्तर छुआ। अंत में रुपया 91.49 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर के मुकाबले 44 पैसे की बढ़त है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया था, जिसके बाद यह छह पैसे की मामूली बढ़त के साथ 91.93 पर बंद हुआ था।

### वायुसेना सिंगापुर एयर शो में लेगी भाग

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम तीन से आठ फरवरी तक आयोजित होने वाले सिंगापुर एयर शो 2026 में भाग लेगी। सारंग एरोबैटिक टीम का गठन 2005 में किया गया था जिसमें पांच अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एएलएच ध्रुव मॉडल पर आधारित हैं।

# बजट से देहरादून, हरिद्वार व हल्द्वानी जैसे शहर होंगे लाभान्वित : धामी

## केंद्रीय बजट को बताया विकसित भारत व आत्मनिर्भर उत्तराखंड का रोडमैप

- मुख्यमंत्री ने कहा- ग्रीन एनर्जी पर विशेष फोकस से राज्य में ग्रीन इकोनॉमी को बल मिलेगा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पेश हुए केंद्रीय बजट बजट पर मीडिया के समक्ष अपने विचार रखते हुए कहा कि नयी योजनाओं के तहत टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास से उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी जैसे शहरों को विशेष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत और आत्मनिर्भर उत्तराखंड का रोडमैप करार दिया। कहा कि ग्रीन एनर्जी पर विशेष फोकस से राज्य में ग्रीन इकोनॉमी को बल मिलेगा।

बलवीर रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने बजट को ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की आत्मा, आत्मविश्वास और विकासशील सोच को मजबूती प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, बजट में पूंजीगत व्यय में की गई बढ़ोतरी से दीर्घकालिक विकास की मजबूत नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि बजट के तीन प्रमुख स्तंभ-संतुलित एवं समावेशी विकास, वंचित वर्गों का क्षमता निर्माण और सबका साथ-सबका विकास-दूरस्थ के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों, गांवों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, बच्चों और वंचित वर्गों सभी के समग्र उत्थान का स्पष्ट मार्ग प्रशस्त करते हैं। सीएम धामी ने बताया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास से उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी जैसे शहरों को विशेष लाभ मिलेगा।

प्रत्येक जनपद में महिला छात्रावास की व्यवस्था से महिला सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलेगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और विश्वास आधारित शासन से निवेश, रोजगार और जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में किए गए विविध और नीतिगत प्रावधानों से उत्तराखंड में रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। आयुष, फार्मा, हथकरघा, खादी और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। ग्रीन एनर्जी पर विशेष फोकस से उत्तराखंड जैसे पर्वतीय एवं वन संपदा से समृद्ध राज्य में ग्रीन इकोनॉमी को बल मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप उत्तराखंड के हितों का ध्यान रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर केंद्र सरकार को दिए गए प्रस्तावों और अनुरोधों को भी बजट में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित किया गया है, जो राज्य-केंद्र के सहयोगात्मक संघवाद का सशक्त उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 उत्तराखंड को रोजगार, निवेश, निर्यात, कौशल विकास और शहरी अवसंरचना के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा और राज्य के समावेशी, संतुलित व सतत विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### धामी बोले- राज्य-केंद्र का सहयोगात्मक संघवाद

मुख्यमंत्री धामी ने यह भी बताया कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप उत्तराखंड के हितों का ध्यान रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर केंद्र सरकार को दिए गए प्रस्तावों और अनुरोधों को भी बजट में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित किया गया है, जो राज्य-केंद्र के सहयोगात्मक संघवाद का सशक्त उदाहरण है।

# चीन मुद्दे पर लोस में हंगामा

## नरवणे के संस्मरण को लेकर राहुल का सत्तापक्ष पर वार





- प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री पर निशाना साधा, सत्तापक्ष और कांग्रेस के बीच हुई तीखी नोकझोंक
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री पर निशाना साधने का प्रयास किया, जिस पर सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिला तथा सदन की कार्यवाही बाधित हुई।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक हैं और वह सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सदन में गतिरोध बने रहने पर सभा की बैठक पहले अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक, दूसरी बार तीन बजकर आठ मिनट पर शाम चार बजे तक और फिर चार बजकर 10 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष सदन में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के मसौदे के उस अंश को पढ़ना चाहते थे जिसमें 31 अगस्त, 2020 की एक घटना का उल्लेख है।

यह संस्मरण अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता से कई बार यह अपील की कि वह पुस्तक या किसी पत्रिका को सदन में उद्धृत नहीं कर सकते, हालांकि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख का हवाला देते हुए चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का विषय उठाने का प्रयास किया और दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चरित्र के बारे में भी बताया है। इस विषय पर कार्यवाही पहली बार स्थगित होने से पहले जब लोकसभा में गतिरोध जारी था तब प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में मौजूद थे।

### नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए



गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा कि सदन में पुस्तक और पत्रिका में प्रकाशित बातों को नहीं रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए। बिरला ने राहुल गांधी से कई बार कहा कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखें। जब राहुल इस संस्मरण के कुछ अंश सदन के पटल पर रखने पर अड़े रहे तो बिरला ने कहा, आप लगातार आसन की अवमानना कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वह आसन को चुनौती नहीं दे रहे हैं, बल्कि चीन के साथ भारत के रिश्ते के बारे में बात रखना चाहते हैं। सदन में लगातार गतिरोध बने रहने पर बिरला ने लोकसभा की बैठक अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा की बैठक पुन: शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर इसी मुद्दे को रखने का प्रयास किया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

# उत्तराखंड के 242 पदक विजेताओं को जल्द मिलेगी सरकारी नौकरी : आर्या

संवाददाता, हल्द्वानी

- अन्य सरकारी विभागों में भेजने के बजाय खेल विभाग में ही पद सृजित कर नियुक्ति दी जाएगी
- राज्य की 23 खेल अकादमियों के बेहतर संचालन के लिए 544 नए पदों को भी भरा जाएगा

**अमृत विचारः** खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने 38वें राष्ट्रीय खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को 'आउट ऑफ टर्न' सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा है।

खेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय खेलों के इतिहास में पहली बार उत्तराखंड ने 100 से अधिक पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है, इसलिए खिलाड़ियों के भविष्य के साथ किसी भी तरह की देरी करना उचित नहीं है। हालांकि पदक विजेताओं को नकद इनाम पहले ही दिया जा चुका है, लेकिन तकनीकी कारणों से रुकी हुई सरकारी नौकरी की प्रक्रिया को अब जल्द पूरा किया जाएगा। रेखा आर्या ने कहा कि खिलाड़ियों को अन्य सरकारी विभागों में भेजने के बजाय खेल विभाग में ही 242 नए पद बनाकर नियुक्ति दी जाएगी। दूसरे विभागों में खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए पर्याप्त समय और खेल के अनुकूल माहौल नहीं मिल पाता है। खेल विभाग में नियुक्ति मिलने से वे अपने खेल पर बेहतर ध्यान दे सकेंगे। साथ ही खेल मंत्री ने घोषणा की कि राज्य की 23 खेल अकादमियों के बेहतर संचालन के लिए 544 नए पदों को भरा जाएगा। मंत्री ने कहा कि इन कदमों से न केवल वर्तमान पदक विजेताओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि उत्तराखंड की आने वाली पीढ़ी को भी खेलों में एक सुरक्षित भविष्य दिखाई देगा।



खेल मंत्री रेखा आर्या

## पैराग्लाइडिंग



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सोमवार को बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करते पर्यटक।

### तीसरे दिन चांदी 52,000 टूटी सोना 12,800 रुपये कमजोर

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमतें लगातार तीसरे दिन तेजी से गिरीं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में यह 52,000 रुपये टूटकर 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत डॉलर के बीच सोना टूटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 52,000 रुपये, या लगभग 17 प्रतिशत टूटकर 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। शनिवार को, चांदी 19 प्रतिशत, या 72,500 रुपये गिरकर 3.12 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी। पिछले तीन सत्रों में, चांदी की कीमतें 1,44,500 रुपये, या लगभग 36 प्रतिशत गिरकर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे आ गई हैं।

# सीबीआई ने साइबर वित्तीय अपराध के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई की, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत 10 राज्यों के 35 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया

सीबीआई ने साइबर वित्तीय अपराधों पर व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत देश में 35 स्थानों पर एक व्यापक तलाशी अभियान चलाने के बाद दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' नाम से यह कार्रवाई 30 जनवरी को अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में शुरू की गई थी।

सीबीआई अधिकारियों ने दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों में 35 स्थानों पर तलाशी ली। इस अभियान के तहत देश में कई साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत में लोगों को निशाना बनाते थे। सोमवार को सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने एक और अंतर्राष्ट्रीय साइबर वित्तीय अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो नयी दिल्ली, गाजियाबाद और कर्नाटक से संचालित हो रहा था।

### जाली कुवैती ई-वीजा व कई डिवाइस जब्त

यह नेटवर्क कुवैती ई-वीजा उपलब्ध कराने व पैसे के बदले कुवैत की प्रमुख कंपनियों में नौकरी दिलाने की आड़ में संचालित किया जा रहा था। अभियान के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड डिस्क जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जिनमें जाली कुवैती ई-वीजा और प्रमुख कंपनियों में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र थे। 60 लाख नकद भी बरामद किए हैं।

# देहरादून में 23 साल की युवती की गर्दन काटकर निर्मम हत्या

संवाददाता, देहरादून।

- आरोपी युवक गिरफ्तार, कई दिनों से कर रहा था युवती का पीछा
- हत्याकांड के बाद इलाके में हड़कंप स्थानीय लोगों में आक्रोश

**अमृत विचारः** राजधानी देहरादून में सरेराह एक 23 साल की युवती की गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारे ने युवती की गर्दन काटकर इस वारदात को अंजाम दिया। यह सनसनीखेज घटना नगर कोतवाली क्षेत्र में मच्छी बाजार इलाके की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार सुबह हुए इस हत्याकांड के बाद इलाके में जहां हड़कंप मचा है वहीं लोगों में भारी आक्रोश भी है।

घर से अपने काम को बाहर निकली युवती को एक युवक रास्ते में रोककर बातचीत करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान युवक ने युवती पर चापड़ से हमला किया। युवती का गला इतनी बुरी तरह कट गया कि वो नीचे गिर गई। उसको उपचार के लिए दून चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा युवती को मृत घोषित कर दिया। हत्यारोपी खुडबुड़ा मोहल्ला कोतवाली नगर देहरादून निवासी आकाश कुमार जिसकी उम्र 27 साल है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि काफी दिनों से युवती गुंजन का पीछा कर रहा था। इसको लेकर कुछ दिन पहले दोनों के बीच बहस भी हुई थी। गुंजन पिछले 5 से 6 सालों से दूल्हे के कपड़ों की दुकान में काम करती थी। हत्यारोपी आकाश ने कुछ दिन पहले उसे धमकी भी दी थी। गुंजन ने इसको लेकर खुड़बुड़ा चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई थी।

# कश्मीर में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल 4.6 रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार तड़के 4.7 तीव्रता का भूकंप आया जिससे बारामूला जिले के पट्टन व आसपास के इलाकों में लोगों में दहशत फैल गई। किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप तड़के पांच बजकर 35 मिनट पर 10 किमी की गहराई में आया व इसका केंद्र पट्टन क्षेत्र में था, जो पर्यटक स्थल गुलमर्ग से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

भूकंप के झटके करीब 20 सेकंड तक महसूस किए गए। कश्मीर घाटी एक अत्यंत सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा पिछले साल नवंबर में जारी राष्ट्रीय भूकंपीय जोखिम मानचित्र में कश्मीर समेत पूरे हिमालयी क्षेत्र को भूकंपीय जोन छह में रखा गया है।

सुझाव | जाति दर्ज करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

# जनगणना के प्रश्न सार्वजनिक करने पर विचार करे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2027 की सामान्य जनगणना में नागरिकों की जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से सोमवार को इन्कार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र और भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय को जनहित याचिका में इस मुद्दे पर दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।

शिक्षाविद् आकाश गोयल की ओर से दायर याचिका पर पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने कहा कि नागरिकों के जाति संबंधी विवरण को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एक पारदर्शी प्रश्नपत्र को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि जाति संबंधी आंकड़ों की पहचान के लिए पहले से तय कोई आंकड़ा नहीं है। जनगणना की प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बनाए गए 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है जो प्रतिवादी प्राधिकारियों को जनगणना करने के विवरण और तौर-तरीके तय करने का अधिकार देते हैं।

सीजेआई ने कहा, हमारे पास इस बात पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता और ऐसे ही विचार रखने वाले कई और लोगों की ओर से जताई गई आशंका के मद्देनजर प्रतिवादी प्राधिकारी किसी भी तरह की गलती से बचने के लिए विशेषज्ञों की सहायता से मजबूत व्यवस्था विकसित कर चुके होंगे। हमें लगता है कि याचिकाकर्ता ने महापंजीयक को दिए गए प्रतिवेदन के जरिए कुछ प्रासंगिक मुद्दे भी उठाए हैं। पीठ ने कहा कि प्राधिकारी याचिका में उठाए गए सुझावों पर विचार कर सकते हैं।



### धर्मांतरण रोधी कानूनों के खिलाफ दाखिल याचिका पर केंद्र और 12 राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया (एनसीसीआई) की नई याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। एनसीसीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा के जरिए दाखिल इस याचिका में धर्मांतरण रोधी कानूनों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एनसीसीआई की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए नई जनहित याचिका को इसी मामले में दाखिल अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ इन सभी पर एक साथ सुनवाई करेगी।

## स्टेट ब्रीफ

### निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर कल

**टनकपुर :** लायंस क्लब टनकपुर द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 4 फरवरी को टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि टनकपुर में जांच के बाद सभी ऑपरेशन ए के हॉस्पिटल सितारगंज में किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों को लाने और ले जाने की सभी सुविधा निशुल्क रहेंगे।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**खटीमा :** सीमावर्ती मेलाघाट रोड पर स्थित मां वन शक्ति मंदिर में अखंड रामायण पाठ के बाद दो दिवसीय भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेलाघाट रोड स्थित मां वन शक्ति मंदिर में बाबा जगतनाथ की देखरेख में 31 जनवरी को अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ। जिसका समापन एक फरवरी को अखंड पाठ के समापन के साथ ही दो दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बच्चों को पेंसिल किट वितरित की

**बाजपुर :** आंगनबाड़ी केंद्र लखनपुर खमरिया, बाजपुर में सोमवार को मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'एक मुस्कान प्रोजेक्ट' के तहत बच्चों को पेंसिल किट वितरित की गई। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर ट्रस्ट की प्रतिनिधि बेबी चौबे ने कहा कि संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेनू यादव, मीना कुमारी, कमला पांडे, शांति आदि रहे।

### 54 पाउच कच्ची शराब सहित एक दबोचा

**खटीमा :** पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र शाह के निर्देशन में गश्त के दौरान सोमवार सुबह होटल बेस्ट व्यू के निकट से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने उसके कब्जे से 54 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में युवक ने स्वयं को गांव दोधेरा, फरीदपुर, बरेली निवासी मोतीराम बताया। यह भी बताया कि पकड़िया में सरकारी भूमि में झोपड़ी बनाकर रहता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### अनियमित पश्चिमी विक्षोभ, तापमान में असमानता और जलवायु परिवर्तन के चलते ओलावृष्टि के अनुकूल बना है फरवरी

# बर्फबारी नहीं, नैनीताल-मुक्तेश्वर और रामगढ़ में गिरेंगे ओले

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** फरवरी का महीना बर्फबारी से अधिक ओलावृष्टि के लिए अनुकूल होने लगा है। इसके प्रमुख कारण अनियमित पश्चिमी विक्षोभ, तापमान में असमानता और जलवायु परिवर्तन है। इस वर्ष भी फरवरी में ओलावृष्टि अधिक होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

नैनीताल, मुक्तेश्वर और रामगढ़ सरीखे दो हजार मीटर की आसपास ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फरवरी का महीना बर्फबारी का हुआ करता था, जबकि मार्च में ओलावृष्टि हुआ करती थी। मगर अब परिस्थितियों में बदलाव आने लगा है। इसके पीछे कई कारण है। जिनमें एक बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का अनियमित होना है, जो भारी बादलों के साथ अचानक आता है और क्षेत्र के वातावरण में तापमान अधिक होने के कारण बर्फ की जगह ओलों की बरसात कर जाता है।

मजबूत विंड शीयर यानी पश्चिमी विक्षोभ की ठंडी हवा और गर्म हवा के बीच तालमेल नहीं बैठ पाता है। तब हवाओं के बीच संग्राम उत्पन्न होता है, जो ओलों की बरसात का कारण बन जाता है। इंस्टेबिलिटी यानी तेज हवाओं के बीच बादलों में तेज टकराव होने लगता है। जिस कारण बिजली गिरने और गर्जना उत्पन्न होती है। चौथा कारण हवाएं पहाड़ों से टकराकर सीधे ऊपर उठती है।

इस अवस्था में बादल तेजी से बनते हैं और ओलावृष्टि शुरू हो जाती है। इनके अलावा फरवरी में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। यह स्थिति पिछले कुछ वर्षों से देखी जा रही है। इसके पीछे की वजह जलवायु परिवर्तन है। ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि का ग्राफ बढ़ने लगा है। जिस कारण मौसम में कई तरह की तब्दीलियां आने लगी हैं। भविष्य में मौसम किस ओर करवट बदलेगा, यह वैश्विक ताप की वृद्धि पर निर्भर रहेगा।

### नैनीताल में हल्की वर्षा के साथ कड़ाके की ठंड

**नैनीताल :** नैनीताल में मौसम हल्की वर्षा के साथ बदलने लगा है और सनसनाती सर्दी पड़नी शुरू हो गई है। एक और पश्चिमी विक्षोभ आने के कारण मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दिया है। सरोवर नगरी में सुबह के समय हल्की धूप निकली हुई थी और दोपहर में घने बादलों ने आसमान में डेरा डाला था और चार बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई। सांय पांच बजे कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई। इसके बाद बादल छंट गए आसमान साफ हो गया। इस दौरान लोग दस्ताने, टोपी और मफलर पहनने को मजबूर हुए तो हीटर भी दिन में ही शुरू हो गए। शाम की ठंड अधिक सताने वाली रही। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक के बाद एक, यह दूसरा पश्चिमी विक्षोभ है, जिसका असर नैनीताल में अधिक रहने की संभावना है।

### फरवरी में संभव है अधिक ओलावृष्टि

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह कहते हैं कि कभी हिमपात से आच्छादित रहने वाले पर्वतीय क्षेत्र अब सूखे की चपेट में आने लगे है। साथ ही मार्च का मौसम फरवरी में शिफ्ट होने लगा है तो तापमान भी अधिक बढ़ने लगे हैं। जिस कारण मार्च की जगह फरवरी में ओलावृष्टि की अधिक संभावनाएं रहेगी। मौसम का रूप बदलने लगा है। साथ ही पश्चिमी विक्षोभ कभी बहुत मजबूत तो कभी बेहद कमजोर होने होने लगे हैं। जिसका असर हमारे मौसम में पढ़ने लगा है। भविष्य में मौसम में कई तरह के दूसरे प्रभाव भी देखने को मिलेंगे।

## नैनीताल समेत तीन जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

**हल्द्वानी:** राज्य में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। मंगलवार को तीन जिलों में भारी का यलो अलर्ट है और साथ ही तेज हवा भी चल सकती है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बर्फबारी भी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के देहरादून, पौड़ी और नैनीताल जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है और साथ ही 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इसके अलावा उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 2800 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। हल्द्वानी में सोमवार को धूप खिलने से पारा 24 डिग्री तक पहुंच गया जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है।

# कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली व जनसेवा पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### मुख्यमंत्री धामी ने पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अफसरों को दी सख्त हिदायत

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



- योजनाएं कागजों में नहीं, जमीन पर दिखाई दें, पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ेगी
- कैंची धाम बाईपास जून तक होगा पूरा, अभियोजन अधिकारियों का परफॉर्मेंस ऑडिट होगा

**अमृत विचार:** सचिवालय में सोमवार को आयोजित बैठक में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अखिल भारतीय डीजी/आईजी सम्मेलन से प्राप्त निष्कर्षों की समीक्षा करते हुए राज्य की कानून व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, पर्यटन प्रबंधन, राजस्व, नशा मुक्ति, अभियोजन, कारागार सुधार एवं जनशिकायत निवारण से जुड़े विषयों पर समीक्षा की।

बैठक में मुख्य सचिव सहित सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना-चौकी सहित धरातल पर वर्क कल्चर में तत्काल सुधार किया जाए। आम आदमी के साथ मानवीयता, संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। निर्दोष नागरिकों को परेशान करने की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लैंड फ्रॉड के मामलों पर कठोर कानून बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि से जुड़े अपराधों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अपराध नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक आत्ममंथन भी आवश्यक है। पुलिस और प्रशासन के सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे के खुलने के बाद राज्य में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैंची धाम बाईपास जून माह तक पूरा कर लिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिए कि आपराधिक मामलों की विवेचना लंबित न रखी जाए। रात्रि गश्त को और अधिक सघन किया जाए तथा निरंतर पेट्रोलिंग की जाए। अभियोजन व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियोजन कमजोर नहीं होना चाहिए। अभियोजन अधिकारियों का परफॉर्मेंस ऑडिट कराया जाए।

### नदी-नालों व सरकारी भूमि पर कब्जा ठीक नहीं

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी–नालों एवं सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माणों के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, लेखपाल, पटवारी की जवाबदेही तय की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों और ऐसे अतिक्रमण को संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## 45 दिन में निस्तारित हों 143 के वाद: सीएस

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेशभर के 5 वर्षों से अधिक समय से लंबित कुल 1760 मामलों में 10 प्रतिशत मामले मार्च 2026 तक निस्तारण करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र के साथ ही वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी प्रतिबिंबित होना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 143 के वादों को निस्तारण के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया जाए।

सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारण की बात कही। मुख्य सचिव ने सभी ज़िलाधिकारियों को धारा 34 व 143 के वादों के निस्तारण के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने ज़िलाधिकारी नैनीताल की तर्ज पर निर्विवाद मामलों को कैम्प लगाकर निस्तारित करने के लिए प्रत्येक जिले में लागू करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने 143 के मामले 6 माह या इससे अधिक समय तक लंबित रखे जाने पर चिंता व्यक्त की।

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर हो कठोर कार्रवाई

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में गृह विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को प्रदेश में क़ानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण मामलों को जनपद एवं पुलिस हेडक्वार्टर स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग कर शीघ्र मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में अभियोजन और फॉरेंसिक जांचों के लिए अपने सिस्टम को और मजबूत किए जाने पर बल दिया, ताकि इसकी प्रगति और मॉनिटरिंग अच्छे प्रकार से हो सके। उन्होंने कहा कि ई-समन व्यवस्था को बढ़ाने की आवश्यकता है। कहा कि हेल्पलाइन 1905 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं एसएसपी स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जाए। कहा कि गृह, पुलिस विभाग के अंतर्गत वादों के निस्तारण के लिए थाना व तहसील दिवस का आयोजन होना चाहिए। इसके लिए इसकी एसओपी तैयार किए जाने की आवश्यकता है।

### थानों में जमा जब्त वाहनों की हो नीलामी

मुख्य सचिव ने थानों में जमा जब्त वाहनों की नीलामी कर खाली कराया जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लम्बित मामलों से संबंधित वाहनों के डिस्पोजल के लिए और क्या किया जा सकता है, इसे एक्स्प्लोर कर लिया जाए।

### बच्चों को नशे की लत से बचाना होगा

मुख्य सचिव ने कहा कि मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन प्लेटफार्म को अधिक से अधिक जनसंचार किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे की लत से बचाने के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों को अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में भी इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किए जाने की बात कही ताकि लोगों के बीच जागरूकता बढ़े।




## शिक्षार्थियों को दे रहे लाइब्रेरी ऑटोमेशन की जानकारी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस की ओर से शिक्षार्थियों के लिए लाइब्रेरी ऑटोमेशन व सूचना प्रौद्योगिकी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में शिक्षार्थियों को सूचना व संचार प्रौद्योगिकी और आधुनिक लाइब्रेरी ऑटोमेशन प्रणालियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। कार्यशाला के अंतर्गत शिक्षार्थियों को कोहा, सोल, डी-स्पेस और वेबसाइट डिजाइनिंग जैसे आधुनिक लाइब्रेरी ऑटोमेशन और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में हेमवती नंदन बहुगुणा विवि के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. हर सिंह बिष्ट ने कोहा लाइब्रेरी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक जानकारी दी। डॉ. बिष्ट ने कोहा के फीचर्स की जानकारी दी और कोहा सॉफ्टवेयर की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के अगले सत्र में शिक्षार्थियों को सोल लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर, डी-स्पेस डिजिटल रिपॉजिटरी और वेबसाइट डिजाइनिंग से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने की।

# प्रकृति की गोद में योग, झील के पास बच्चों ने किया प्राणायाम



कोलीढेक झील में योग का करते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर जनपद में योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा कोलीढेक झील, लोहाघाट में वीकेंड योग सत्र आयोजित किया गया।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पर्यटन स्थल पर आयोजित इस योग सत्र में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस पहल का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है, बल्कि जनपद के पर्यटन स्थलों को स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों से जोड़ना भी है। आयुष विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे वीकेंड योग सत्र विभिन्न दर्शनीय स्थलों पर आयोजित किए जाने की योजना है। योग के माध्यम से स्वस्थ जनपद और जागरूक समाज की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है।

# हिमालयी क्षेत्र के विकास को दीर्घकालिक साझेदारी जरूरी

राज्य ब्यूरो, देहरादून



देहरादून में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में शिरकत करते वैज्ञानिक।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र ने हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते भूस्खलन जोखिम व सुरक्षित विकास की चुनौती को ध्यान में रखते हुए हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में आपदा-सक्षम विकास विषय पर मंथन किया गया।

सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं वित्तीय प्रशासन अनुसंधान संस्थान सुद्धोवाला में हुई पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने किया। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र भूगर्भीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, जहां भूस्खलन, भारी वर्षा और भूकंपीय गतिविधियों के कारण निरंतर खतरा बना रहता है। इस प्रशिक्षण से हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन की प्रक्रियाओं और जोखिम को वैज्ञानिक रूप से समझने, सुरक्षित और टिकाऊ अवसंरचना विकसित करने तथा सड़कों, पुलों और जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए दीर्घकालिक और लचीले इंजीनियरिंग समाधान अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों और संस्थानों की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना, जोखिम आकलन की प्रक्रियाओं में सुधार लाना और आपदा के बाद पुनर्बहाली तंत्र को अधिक प्रभावी बनाना है। नॉर्वे के भू-तकनीकी अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने हिमालयी परिस्थितियों के अनुरूप ढलान स्थिरता, मृदा सुदृढ़ीकरण, सॉइल नेलिंग, जल निकासी उपायों तथा उपग्रह आधारित तकनीकों के माध्यम से जोखिम मानचित्रण पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## चार दूरबीनों से एस्ट्रोनॉमी की दुनिया में ऊंची उड़ान

**नैनीताल:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एस्ट्रोफिजिक्स और एस्ट्रोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए देश में चार टेलीस्कोप की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं स्थापित करने व अपग्रेड किए जाने की घोषणा वास्तव में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। 13. 6 मीटर की नेशनल लार्ज ऑप्टिकल इन्फ्रारेड टेलीस्कोप (एनएलओटी) एशिया की सबसे बड़ी दूरबीनों में शुमार होगी।

रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से अंतरिक्ष के क्षेत्र में की गई घोषणा को लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक डा मनीष नाजा ने कहा कि उच्च शिक्षा क्षेत्र में निवेश के संदर्भ में दूरबीनों से जुड़ी घोषणा वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण है। देश में चार अत्याधुनिक दूरबीनों को स्थापित किया जाना विश्व स्तर पर भारत की लंबी छलांग होगी। इन दूरबीनों में ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड और सोलर दूरबीनों को शामिल किया गया है। 13. 6 मीटर की नेशनल लार्ज ऑप्टिकल में इन्फ्रारेड भी जोड़ दिया गया है, जो दूर की आकाशगंगाओं और तारों का अवलोकन करने में सक्षम होगी। इस सुविधा के उपलब्ध होने से भारतीय वैज्ञानिकों को दूसरे देशों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी।

सिटी ब्रीफ

## शब-ए-बारात के लिए मांगे 5 पानी के टैंकर

**हल्द्वानी :** मुस्लिम समाज के शब-ए-बारात को देखते हुए वार्ड संख्या 27 के पार्षद रोहित कुमार ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर पेयजल आपूर्ति के लिए 5 पानी के टैंकर तैनात करने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों और कब्रिस्तानों में जुटते हैं, जिससे वहां पानी की खपत बढ़ जाती है। परेशानी न हो, इसके लिए उन्होंने कब्रिस्तान के गेट पर पानी के टैंकर तैनात करने की मांग की है।

## कानूनी और साइबर क्राइम की जानकारी दी

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की बैठक सोमवार को गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सिविल जज पारुल थपलियाल ने वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा, साइबर क्राइम और भरण-पोषण कानून की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के वंचित और 3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराता है। बैठक में 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से खिचड़ी वितरण और 2 मार्च को पर्वतीय उत्थान मंच में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में समिति सदस्य पीडी पांडे, उर्वा दत्त जोशी और बाला दत्त सुयाल की माताओं के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष इंद्र सिंह निगल्टिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में आर एस ऐरी, डीके बल्यूटिया, प्रताप सिंह जंतवाल, नीरू धवन सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## गौरव अध्यक्ष व सुमित कुमार मंत्री चुने गए

**हल्द्वानी :** वन विकास निगम कर्मचारी संगठन का कुमाऊं अध्यक्ष गौरव डुंगराकोटी व मंत्री सुमित कुमार को चुना गया है। सोमवार को रामपुर रोड स्थित चीड़ डिपो में वन विकास निगम कर्मचारी संगठन की कुमाऊं कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से गौरव डुंगराकोटी को अध्यक्ष, कैलाश चंद्र जोशी क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील चंद्र जोशी एवं नितीश कनवाल उपाध्यक्ष, सुमित कुमार मंत्री, गौरव जोशी संयुक्त मंत्री, हेमंत कुमार कोषाध्यक्ष, नीरज गुणवंत संगठन मंत्री और दीप चंद्र अटवाल प्रचार मंत्री निर्वाचित हुए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी ने वन निगम कर्मियों की समस्याओं के लिए संघर्ष करने की भी शपथ ली।

### ईवीसीएल ट्रॉफी: आज दिल्ली नाइट्स और उत्तराखंड सोल्जर्स के बीच होगा उद्घाटन मैच, आईपीएल जैसा दिखेगा रोमांच

# बल्लेबाज मचाएंगे धमाल, गेंदबाजों की होगी अग्निपरीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार शाम से टी-20 क्रिकेट का रोमांच शुरू होने जा रहा है। ईवीसीएल की ओर से आयोजित इस महाकुंभ का उद्घाटन मुकाबला मंगलवर शाम 6:30 बजे दिल्ली नाइट्स और उत्तराखंड सोल्जर्स के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट को लेकर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है, क्योंकि इसमें प्रवीण कुमार और इरफान पठान जैसे दिग्गज खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरेंगे।यह टूर्नामेंट पूरी तरह आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है। मैच की शुरुआत पारंपरिक कुमाऊंनी नृत्य और गीतों के साथ होगी, जो खेल के रोमांच में स्थानीय संस्कृति का तड़का लगाएगा। दिल्ली नाइट्स की कमान पूर्व भारतीय स्टार गेंदबाज प्रवीण कुमार संभालेंगे। प्रतियोगिता में कुल छह टीमें दिल्ली नाइट्स, हल्द्वानी टाइगर्स, मसूरी किंग्स, उत्तराखंड सोल्जर्स, वाराणसी वाइपर्स और यूपी वॉरियर्स हिस्सा ले रही हैं। स्टेडियम में दूधिया रोशनी (फ्लड लाइट्स) के बीच होने वाले इन मुकाबलों के लिए पिच और मैदान पूरी तरह तैयार हैं। आयोजकों के अनुसार, दर्शकों को हाई-वोल्टेज मुकाबले देखने को मिलेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 फरवरी को शाम 6:30 बजे से खेला जाएगा।



गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पिच का जायजा लेते खिलाड़ी।





गौलापार स्थित क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**खिलाड़ी पहुंचे हल्द्वानी, दर्शकों की वर्षों पुरानी इच्छा हुई पूरी :** गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो रहे ईवीसीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी छह टीमों के खिलाड़ी हल्द्वानी पहुंच चुके हैं। स्थानीय दर्शकों की वर्षों पुरानी इच्छा आखिरकार पूरी हो गई है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार और ऑलराउंडर इरफान पठान को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित है। आयोजकों के अनुसार सभी टीमें अभ्यास सत्र में जुट गई हैं और पिच व मैदान पूरी तरह मैच के लिए तैयार हैं। हल्द्वानी में पहली बार इतने बड़े स्तर पर क्रिकेट आयोजन से खेल पर्यटन को भी नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

## बाजार क्षेत्र से फड़ ठेले हटाने की मांग

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त परितोष वर्मा व सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने व्यापारियों के साथ बैठक की।

बैठक में प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के सह संयोजक देवेश अग्रवाल ने कहा कि बाजार में दुकानदारों ने दुकानों के आगे पैसा लेकर फड़ -ठेले लगाए हैं। नगर निगम द्वारा उन पर कार्रवाई की जाए। दीपक माहेश्वरी ने कहा कि बाजार क्षेत्र से ठेले हटाए जाएं। व्यापारियों ने कहा कि कॉम्प्लैक्स के दुकानदारों के लिए पार्किंग बनाएं तथा निगम की क्षतिग्रस्त दुकानों को ठीक किया जाए। नगर आयुक्त पारितोष वर्मा ने अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, पूरन लाल साह, प्रज्ञान भारद्वाज, कुंदन रावत, ऋषभ पाठक रहे।

# अब मरीजों का दर्द बढ़ाएगा बेस का महंगा इलाज

### कई जांचें हुईं महंगी, लिपिड प्रोफाइल 333 तो सीबीसी जांच 204 रुपये में, मरीजों की जेब पर पड़ेगा बोझ

संवाददाता, हल्द्वानी

**15** सौ से अधिक मरीज बेस अस्पताल में पहुंचते हैं रोज

**02** सौ 55 रुपये की पुरानी दरों पर होगा एक्सरे

**अमृत विचारः** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में जांच दरों को महंगा कर दिया गया है। सभी जांचों में शुल्क नहीं बढ़ाया गया है लेकिन कुछ जांचों में शुल्क काफी ज्यादा कर दिया गया है। इससे मरीजों के ऊपर और भी आर्थिक बोझ पड़ेगा।

बेस अस्पताल हल्द्वानी शहर का प्रमुख सरकारी अस्पताल है। यहां पर रोजाना 1500 से ज्यादा मरीज ओपीडी में आते हैं। इसके साथ ही अस्पताल में आईपीडी में भी मरीजों की ठीक संख्या रहती है। अस्पताल में होने वाली जांच दरों में कुछ के शुल्क को बढ़ा दिया गया है। हालांकि कुछ जांचों की दरों को पहले के बराबर ही रखा गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी नए शासनादेश के बाद ऐसा किया गया है। नई जांच दरों को लागू भी कर दिया गया है। हालांकि राहत यह है कि आईपीडी में भर्ती होने वाले मरीजों का उपचार आयुष्मान योजना के कार्ड से हो जाएगा लेकिन दिक्कत ओपीडी में आने मरीजों को है, उनको जांच शुल्क को देना ही होगा। इससे पहले अस्पताल में ओपीडी का पर्चा भी महंगा कर दिया गया था। अस्पताल प्रबंधक डॉ. मिथलेश बिष्ट ने बताया कि सभी जांचों को महंगा नहीं किया गया है। कई जांचें ऐसी भी हैं, जिनका शुल्क पुराना ही है। जैसे कि एक्सरे का शुल्क 255, ईसीजी का 150 और यूएसजी का 680 रुपये ही बरकरार रखा गया है।





**ये हैं जांचों की नई दरें**

| जांच | पुराना शुल्क | नया शुल्क |
|---|---|---|
| एलएफटी | 225 | 304 |
| केएफटी | 225 | 340 |
| एचबी | 18 | 34 |
| लिपिड प्रोफाइल | 200 | 333 |
| आरबीएस | 24 | 27 |
| सीबीसी | 135 | 204 |
| एसजीओटी | 55 | 68 |
| एसजीपीटी | 55 | 68 |

**एसटीएच में अभी नहीं हुई है शुल्क में वृद्धि**

**हल्द्वानी :** बेस में स्वास्थ्य संबंधित कुछ जांचों की दरें जरूर बढ़ गई हैं लेकिन एसटीएच में अभी ऐसा कोई भी आदेश नहीं आया है। यहां पर रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी में अभी भी पुराना रेट ही चल रहा है। अस्पताल के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि हमारे यहां अभी पुरानी ही दरों पर ही जांचें की जा रही हैं।

## कैथलैब की सीलन की गई दूर, इस हफ्ते आएगी टीम

संवाददाता, हल्द्वानी

- मशीनों के स्टालेशन के लिए टीम को आना है
- उसके बाद ही हो सकेगा कैथलैब का हस्तांतरण

**अमृत विचारः** एसटीएच में बनाई जा रही कैथलैब की सीलन दूर हो गई है। सीलन होने की वजह से मशीनों को इंस्टॉलेशन करने का काम रुका हुआ था। अब सीलन खत्म होने के बाद संबंधित कंपनी यहां इस हफ्ते निरीक्षण करने पहुंचेगी।

डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भारत हैवी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएचईएल) के सहयोग से रही है। यहां मरीजों को एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। कुमाऊं मंडल में निजी अस्पतालों बाद सरकारी अस्पतालों में केवल यही अस्पताल है जहां यह सुविधा दी जाएगी। इसका निर्माण देरी से हुआ और जब मशीनों को हस्तांतरित करने की बात आई तो यहां पर सीलन की समस्या खड़ी हो गई। निर्माणदाई



संस्था मंडी परिषद ने सीलन हटाने का काम पूरा कर लिया है, अब इस हफ्ते संबंधित कंपनी आकर यहां पर मशीनों के इंस्टालेशन से जुड़ा काम करेगी।

इसके बाद कैथलैब का ट्रॉयल किया जाएगा। ट्रॉयल में सफल होने के बाद अगले चरण का काम पूरा किया जाएगा। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही कैथलैब एसटीएच प्रशासन को हस्तांतरित हो जाएगी।

## सड़क और नालियों की मरम्मत को किया प्रदर्शन



पर्वतीय मोहल्ले में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय मोहल्ले में सड़कों व नालियों के निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कें व नालियां नहीं बनाई गईं तो नगर निगम का घेराव किया जाएगा।

नगर निगम में पर्वतीय मोहल्ले के फेज-2 गली नंबर-11 में मोहल्लेवासी इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से सड़कों व नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश, वाहनों के दवाब और मरम्मत-नवीनीकरण नहीं होने से इन सड़कों की स्थिति बदहाल हो गई है। नालियां नहीं होने से बारिश के पानी की निकासी नहीं होती है, फिर गंदा पानी लोगों के घरों में घुसता है जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी होती है, उनका नुकसान भी होता है। यह भी आरोप लगाया कि सांसद, विधायक, मेयर, पार्षद सिर्फ वोट मांगने आते हैं, फिर गली में झांकने भी नहीं आते हैं। हर बार सिर्फ वादों का झुनझुना मिलता है। गुस्साए लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो नगर निगम के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। यहां अंजलि वर्मा, मीना भाकुनी, नीमा जोशी, प्रमिला केसरवानी, भावना गुप्ता, अंजू संदीप जायसवाल, विजेंद्र, आदि मौजूद रहे।

# ठग तीन साल से था फरार, पकड़ा गया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर सवा लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के मामले में पिछले करीब तीन वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

बताया गया कि मोहल्ला खताड़ी निवासी हैदर अली ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि उसके क्षेत्र में रहने वाले अयूब अंसारी तथा उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा निवासी अतिकुर रहमान वर्क अंसारी ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर एक लाख 33 हजार की धोखाधड़ी की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में अयूब अंसारी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। मामले की विवेचना कोतवाली के उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा को सौंपी गई थी। उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा द्वारा फरार चल रहे आरोपी अतिकुर रहमान की गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। इस बीच आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट भी जारी किया गया था। बीते रविवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी अतिकुर रहमान को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



पुलिस हिरासत में ठगी का आरोपी। ● अमृत विचार

## लोगों से पैसे वसूल रहे नकली किन्नर पकड़े

**रामनगरः** नकली किन्नरों द्वारा बधाई के नाम पर पैसे मांगने के मामले में रामनगर में किन्नर समाज ने दो फर्जी किन्नरों को पकड़ लिया। किन्नर समाज की गुरु रेशमा ने बताया कि सोमवार को रामनगर के कोसी बैराज के पास एक पार्क में दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया, जो स्वयं को किन्नर बताकर राहगीरों से पैसे वसूल रहे थे।

गुरु रेशमा ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि पकड़े गए दोनों लोग किन्नर नहीं हैं और उनका किन्नर समाज से कोई संबंध नहीं है। दोनों भदोही जिले के निवासी हैं, वो इससे पहले रोडवेज बस स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों से पैसे मांग चुके थे। मौके पर पहुंचे किन्नर समाज के सदस्यों ने दोनों फर्जी किन्नरों को सख्त चेतावनी दी और उन्हें वापस भदोही रवाना किया गया।

# गेंहू की फसल के बीच की चरस की खेती, बेचने की कोशिश में पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खेती की आड़ में चरस की खेती करने वाले दो शातिर तस्कर उस वक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गए, जब वह रगड़-रगड़ कर निकाली गई चरस को खपाने हल्द्वानी पहुंचे थे। शातिर गौला बाईपास पर ग्राहक की तलाश में थे, लेकिन तभी पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब आधा किग्रा चरस बरामद की है। न्यायालय के आदेश पर दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल के मुताबिक, बीती एक जनवरी को एसआई जगवीर सिंह टीम के साथ गश्त पर थे। पुलिस टीम गौला बाईपास रोड पर कट (डिवाईडर वाल) से होकर आंवला चौकी रोड की ओर बढ़े तो सड़क किनारे लाइन से गौला खनन के डंपर खड़े दिखे। हादसे की आशंका पर टीम डंपरों को हटाते हुए आगे बढ़ी। तभी गौलापुल की ओर से एक स्कूटी पुलिस को आता दिखा।

पुलिस के मुताबिक, जैसे ही स्कूटी सवारों की नजर पुलिस पर पड़ी तो वह उल्टा भागने लगे। स्कूटी में पीछे बैठा व्यक्ति कह रहा था कि तेजी से भाग वरना पकड़े जाएंगे। हालांकि वह भाग नहीं सके और पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। तलाश में पुलिस ने आरोपियों के पास से 463 ग्राम चरस बरामद की। पूछने पर आरोपियों ने बताया कि वह बागेश्वर के लाथी कपकोट के रहने वाले हैं। लाथी वह गेहूं की खेती करते हैं और इसी खेत में चरस उगाते हैं। बरामद चरस दोनों ने उसी खेत से रगड़-रगड़ कर निकाली थी।

आरोपियों ने अपने नाम भूपेश चन्द्र पुत्र गिरीश चन्द्र और दिनेश चन्द्र पुत्र ख्याली दत्त पाठक बताए। साथ ही बताया कि वह हल्द्वानी में कुंवर कालोनी धानमिल में किराए पर रहते हैं। दोनों हल्द्वानी में ग्राहक की तलाश में थे, तभी पकड़े गए।



चरस के साथ बनभूलपुरा पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। ● अमृत विचार

## रानीबाग में आज गुल रहेगी बिजली

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से लाइनों के आधुनिकीकरण और रखरखाव कार्य के चलते रानीबाग और गौलापार क्षेत्र के हजारों लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। आज मंगलवार को गायत्री नगर क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी।

सोमवार को 33/11 केवी उपसंस्थान गौलापार के नलकूप और दानीबंगर फीडर से जुड़े इलाकों में सुबह से शाम तक बिजली गुल रही। बिजली न होने से कई क्षेत्रों में पेयजल संकट भी गहरा गया। स्थानीय व्यापारियों का कामकाज भी प्रभावित रहा। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि रखरखाव कार्य के चलते मंगलवार को 33/11 केवी उपसंस्थान एचएमटी रानीबाग के अंतर्गत गायत्री नगर और उससे जुड़े क्षेत्रों में बिजली कटौती की जाएगी।

विकास की बात

### जीतपुर नेगी में सड़क व नाला निर्माण को लेकर विधायक भगत ने किया क्षेत्र का निरीक्षण, अफसरों को दिए निर्देश

# वन भूमि का हल निकालें ताकि सड़क व नाला बन सके : भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जीतपुर नेगी में सड़क व नाले निर्माण को लेकर विधायक बंशीधर भगत ने लोनिवि, वन अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने वन भूमि संबंधित नियमों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक निष्कर्ष निकालने के निर्देश दिए।

सोमवार को विधायक भगत ने रामपुर रोड स्थित जीतपुर नेगी का स्थानीय लोगों, लोनिवि व वन अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वन भूमि की अड़चनों व तकनीकी कारणों से बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क व नाला नहीं होने से बारिश में जीतपुर नेगी में सड़कें कीचड़ व जलमग्न हो जाती हैं। फिर आवागमन प्रभावित होता है, सबसे ज्यादा समस्याएं स्कूली बच्चों को होती हैं। गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों का उपचार एक चुनौती बन जाता है।

इस पर विधायक ने कहा कि जहां लोग वर्षों से रह रहे हो, सड़क, नाला और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना न्यायसंगत नहीं है। वन भूमि से संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं के अंतर्गत आपसी समन्वय स्थापित करते हुए व्यावहारिक रास्ता निकाला जाए ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने वन और लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति के आधार पर विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा जाए। इससे नियमों के अनुरूप आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर सड़क एवं नाले के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस दौरान डीएफओ उमेश तिवारी, एई ललित तिवारी, मोहन नेगी, कैलाश भट्ट, मुकेश कश्यप, अमरजीत मुखिया, देवेंद्र कुमार, चंद्रपाल मौर्या, रामानंद कश्यप, संजीव कश्यप, रामबाबू मौर्या, छत्रपल सैनी, लाल सिंह मौर्या, मदन लाल मौर्या आदि मौजूद रहे।



जीतपुरनेगी में निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत, डीएफओ उमेश तिवारी व अन्य। ● अमृत विचार

## छेड़छाड़ में डंपर चालक को दो साल का कारावास

**नैनीतालः** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की अदालत ने युवती से छेड़छाड़ के दोषी डंपर चालक चंदन सिंह डंगवाल को दो साल का कठोर कारावास सुनाया है।

मामला 19 फरवरी 2024 का है, जब तल्ला रामगढ़ की एक युवती आधार कार्ड अपडेट कराने के बाद घर लौट रही थी। इसी दौरान भटेलिया निवासी डंपर चालक ने युवती को लिफ्ट देने का बहाना बनाया और उसे डंपर में बैठा लिया। वाहन में बैठते ही आरोपी ने युवती के साथ अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर उसे चलते डंपर से सड़क पर धक्का देकर फरार हो गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन की अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया।

# आसरे की तलाश में निकले युवक को नशेड़ियों ने लूटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रात में आसरे की तलाश में रैन बसेरा ढूंढ रहे युवक को लुटेरों ने लूट लिया। रैन बसेरे तक पहुंचाने का भरोसा देकर लुटेरे उसे सुनसान स्थान पर ले गए और डरा-धमका कर उससे पांच हजार रुपये नगद और मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित के साथ युवक रात भर लुटेरों की तलाश करती रही, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।

जानकारी के मुताबिक, लक्सर हरिद्वार का रहने वाला एक युवक बीते शनिवार का अल्मोड़ा स्थित जागेश्वर धाम दर्शन करने के लिए गया था। हल्द्वानी वापसी के दौरान उसे काफी देर हो गई। रात ज्यादा होने पर युवक ने रैन बसेरे की तलाश शुरू की। किसी राहगीर ने उसे राजपुरा में रैन बसेरा होने की बात कही। युवक राजपुरा पहुंच गया। यहां उसे दो युवक मिले, जिनसे पीड़ित ने रैन बसेरे का पता पूछा। दोनों युवक उसे रैन बसेरे तक पहुंचाने के नाम पर रेलवे ट्रैक तक ले गए और उससे नगदी व मोबाइल लूट लिया। इसके बाद यवक रोडवेज बस अड्डे पहुंचा। यहां उसने एक कांस्टेबल को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित को साथ लेकर आरोपियों की तलाश शुरू की, लेकिन वह नहीं मिले। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सिटी ब्रीफ

### अज्ञानता वश शिवरात्रि पर लोग करते हैं भांग का सेवन: डॉ. सर्वेश्वर

**हल्द्वानी :** एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित शिव कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथाव्यास डॉ. सर्वेश ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि भगवान शिव ने कभी भांग का नशा नहीं किया। लोग अज्ञानता वश शिवरात्रि पर नशे का सेवन करते हैं, जबकि शास्त्रों के अनुसार जिसमें शांति न हो, वह नशा है। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाहोत्सव की भव्य झांकी सजाई गई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत, राजेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, डॉ. जेआर धपोला, बंशीधर भगत, अंकित शर्मा, गीता बलुटिया, दीप्ति चौपाल व प्रमोद पंत रहे।

### उत्थान मंच में पुस्तक मेला 14-15 मार्च को

**हल्द्वानी :** 14 और 15 मार्च को उत्थान मंच मैदान में आयोजित होने वाले द्वितीय हल्द्वानी किताब कौतिक में लगभग 80 हजार किताबें उपलब्ध रहेंगी। आओ, दोस्ती करें किताबों से विचार के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के प्रसिद्ध साहित्यकार, कलाकार और विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम की थीम नशामुक्त समाज और मानसिक स्वास्थ्य रखी गई है, जिस पर विभिन्न ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित होंगे। कार्यक्रम संयोजक हेम पंत ने बताया कि राज्य में अब तक 14 किताब कौतिक आयोजित हो चुके हैं।

# ग्रामीणों को निहाल के उफान से बचाएगा रोपवे

## धापला गांव को मिलेगी बड़ी राहत, 120 परिवारों को मिलेगा लाभ, स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी-धापला गांव के बीच निहाल नदी पर 30 लाख 28 हजार रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जाएगा। नगर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित धापला गांव का निहाल नदी के कारण बरसात के मौसम में संपर्क कट जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोपवे बनने से गांव के लगभग 120 परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

अब तक सड़क व रोपवे जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता था। रोपवे निर्माण की सूचना से क्षेत्र में खुशी की लहर है। रोपवे का निर्माण वन विभाग के वॉच टावर से ग्रामीण क्षेत्र के निचले छोर तक लगभग 250 मीटर लंबाई में किया जाएगा, जिसे सिंचाई विभाग द्वारा कराया जाएगा। रोपवे बनने से ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम होगा और स्वाभाविक रूप से रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। रोपवे के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।



कालाढूंगी-धापला गांव के बीच स्थित इसी निहाल नदी पर बनेगा रोपवे। ● अमृत विचार

क्षेत्र के ग्रामीणों की मुख्य आजीविका कृषि है। भूमि उपजाऊ होने के कारण बरसात के मौसम में सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। धापला गांव की सब्जियों की नगर में अच्छी मांग रहती है, लेकिन निहाल नदी के उफान पर आने से संपर्क टूट जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को भी आपात स्थिति में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं और तेज बहाव में वाहन तक बह चुके हैं। हालांकि wअब तक किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। रोपवे बनने से बरसात के दौरान आवागमन आसान हो जाएगा।



प्रधान पुष्पा कुमारी, अरविंद कुमार और पूर्व प्रधान दयानंद आर्या।

**30.28** लाख रुपये की लागत से किया जाएगा रोपवे का निर्माण

ग्राम प्रधान पुष्पा कुमारी ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार ने कहा कि 700 से अधिक की आबादी वाले क्षेत्र में सड़क का न बनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि 500 की आबादी वाले गांवों में पीएमजीएसवाई के तहत सड़कें बन रही हैं। पूर्व प्रधान दयानंद आर्या ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए कई बार शासन-प्रशासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं तथा लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई द्वारा संयुक्त सर्वे भी किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### बरसात में टापू बन जाता है धापला गांव

आजादी के 78 वर्षों बाद भी नगर से 10 किमी दूर धापला गांव सड़क सुविधा से वंचित है। सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को आए दिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि राजनीतिक दल चुनाव के समय विकास और सड़क के वादे तो करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद जनता और वादों को भूल जाते हैं। गांव तक पहुंचने के लिए घने जंगलों और नालों से होकर गुजरना पड़ता है, जिसकी स्थिति बरसात के मौसम में और भी खराब हो जाती है। ब्लॉक मुख्यालय और नगर से संपर्क कट जाने के कारण गांव बरसात में टापू में तब्दील हो जाता है। स्कूलों में शिक्षक नहीं पहुंच पाते, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। बीमारों, गर्भवती महिलाओं और किसानों की फसल बाजार तक नहीं पहुंच पाती। सड़क के अभाव में विद्यार्थियों को कॉलेज और ग्रामीणों को नगर आने-जाने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सिंचाई विभाग के एसडीओ गणेश पांडे ने बताया कि रोपवे निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# ढेला के विद्यार्थियों ने किया आर्द्र भूमि क्षेत्र का भ्रमण



आर्द्र भूमि का भ्रमण करते राइका ढेला के स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाताः रामनगर

**अमृत विचार:** विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के छात्र-छात्राओं ने आर्द्र भूमि क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने वेटलैंड विषय पर आधारित फिल्म देखकर आर्द्रभूमि के महत्व को समझा।

वरिष्ठ नेचर गाइड सुरेश रावत ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में आर्द्रभूमियों जैसे दलदल एवं मैंग्रोव के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना है। आर्द्रभूमियां विश्व के सबसे नाजुक एवं संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों में से एक हैं, जो पौधों एवं जीव-जंतुओं के लिए विशिष्ट आवास प्रदान करती हैं तथा विश्वभर में लाखों लोगों की आजीविका का आधार भी हैं। नवेंदु मठपाल ने बताया कि वर्ष 2026 के विश्व आर्द्रभूमि दिवस की थीम आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। फिल्म के माध्यम से बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि आर्द्रभूमियों के लगातार घटने से पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो रहा है तथा सारस जैसे पक्षियों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है। यहां प्रधानाचार्य मनोज जोशी, विज्ञान प्रवक्ता सीपी खाती, हरीश कुमार, दिनेश निखुरपा, शैलेन्द्र भट्ट, बालकृष्ण चंद, जया बाफिला, संजीव कुमार, उषा पवार एवं पदमा उपस्थित रहे।

# प्रवासी पक्षियों से रूबरू हुईं छात्राएं




रामनगर के मालधन चौड़ में प्रवासी पक्षियों की पहचान कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का समूह। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर द कॉर्बेट फाउंडेशन ढिकुली ने शासकीय कन्या इंटर कॉलेज, मालधन चौड़, रामनगर की छात्राओं के लिए तुमड़िया जलाशय में प्रवासी पक्षी अवलोकन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आर्द्रभूमियों के महत्व, प्रवासी पक्षियों की भूमिका और जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में 113 छात्राओं और 6 शिक्षकों ने सक्रिय भाग लिया। इसका संचालन और समन्वय द कॉर्बेट फाउंडेशन की परियोजना टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. हरेंद्र सिंह बर्गली, जैसन कोटिन्हो, समीक्षा मनराल, सीएस सुयाल, खीमानंद आर्य, मनोज सती और इदरीश हुसैन ने पक्षी विशेषज्ञ संजय छिमवाल और दीपक कुमार के साथ छात्रों को आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी, प्रवासी पक्षियों के व्यवहार और विभिन्न प्रजातियों की पहचान से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। अवलोकन के दौरान छात्राओं ने जलाशय में पाए जाने वाले पक्षियों को नजदीक से देखा और समझा कि स्वस्थ आर्द्रभूमियां कैसे पशु-पक्षियों, जलचरों और मानव समुदायों के जीवन को संतुलित बनाए रखती हैं। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि पारंपरिक और स्थानीय प्रथाएं आर्द्रभूमियों के दीर्घकालिक संरक्षण में सहायक रही हैं।

### हनुमान बिना राम कृपा संभव नहीं: लोहनी

**हल्दूचौड़ :** श्री हनुमान मंदिर एवं बाबा केशव दास आश्रम में चल रहे श्री हनुमान कथा ज्ञान यज्ञ सत्संग में व्यास आचार्य सतीश लोहनी ने प्रवचन में कहा कि हनुमान जी की कृपा के बिना श्रीराम से प्रेम और जीवन में सफलता संभव नहीं है।

बताया कि हनुमान जी रामकृपा के सेतु हैं और उनकी शरण में आने से सभी संकट दूर होते हैं, सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं और आत्मिक उन्नति संभव होती है। कथा स्थल जय बजरंगबली और श्रीराम जय राम के जयघोष से गूंज उठा। भजन-कीर्तन और कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए। इस अवसर पर यजमान श्रीमती एवं श्री देवीदत्त बमेटा, श्रीमती एवं श्री दिनेश चंद्र मिश्रा, मंदिर पुजारी प्रकाश चंद्र जोशी, पंडित गणेश दत्त जोशी, आचार्य राजेश जोशी, ब्राह्मण कमल तिवारी, पंडित कैलाश चंद्र जोशी आदि रहे।

# शिक्षा की गुणवत्ता पर किया चिंतन

संवाददाताः भीमताल

**अमृत विचार:** ओखलकांडा विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली के निर्देश एवं मार्गदर्शन में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार, गलनी (खनस्यूं) में विकासखंड के समस्त हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली, खंड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त विद्यालय प्रमुखों के बीच परस्पर संवाद के माध्यम से विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय भवनों की वर्तमान स्थिति, छात्रों के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि एवं उसके समुचित उपयोग, पतलोट एवं भीड़ापानी के पीएम श्री विद्यालयों में विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त बजट के उपयोग तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



ओखलकांडा में शिक्षा समीक्षा बैठक में मौजूद ब्लॉक प्रमुख, शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षक।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली ने कहा कि पंचायती राज अधिनियम में वर्णित 29 विषयों के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुखों द्वारा अपने-अपने विकासखंडों में विभागीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिससे विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय बना रहता है और कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पहाड़ी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने में शिक्षकों एवं विद्यालय प्रमुखों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने सुझाव भी आमंत्रित किए। खंड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी ने परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी विद्यालयों एवं पीएम श्री विद्यालयों को प्राप्त बजट के पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विकासखंड के समस्त हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों के प्रधानाध्यापक व प्रधानाचार्य रहे।

### वन्यजीव सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**धानाचूली:** राइका धानाचूली में वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को वनाग्नि के दुष्प्रभावों तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण के संबंध में जानकारी दी गई।

वन क्षेत्राधिकारी विजय भट्ट ने बताया कि वनों में लगने वाली आग से बहुमूल्य वन संपदा नष्ट होती है तथा वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास प्रभावित होता है। इससे जंगली जानवर भोजन और सुरक्षा की तलाश में आबादी की ओर आने लगते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं वनों में आग न लगाएं और न ही किसी अन्य को आग लगाने दें। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को वन एवं वन्यजीव संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# पंचायत राज अधिनियम में संशोधन की उम्मीद जताई



तहसीलदार लालकुआं को ज्ञापन देते हेमंत सिंह गौनिया और गोविंद बल्लभ भट्ट।

- समाजसेवी हेमंत गौनिया व गोविंद भट्ट ने बताया अच्छी पहल
- तहसीलदार के माध्यम से पंचायती राज मंत्री को भेजा पत्र

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में पंचायत व्यवस्था को और अधिक लोकतांत्रिक, पारदर्शी और जनसरोकारों से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को लेकर समाजसेवी हेमंत सिंह गौनिया और गोविंद बल्लभ भट्ट ने अच्छी पहल बताया है। उन्होंने लालकुआं तहसीलदार के माध्यम से पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज को धन्यवाद पत्र भेजा।

पत्र में उल्लेख है कि 13 मई 2025 को पंचायत राज अधिनियम में आवश्यक संशोधन की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव सीधे जनता द्वारा कराए जाने का आग्रह किया गया था। इस मांग पर शासन स्तर पर कार्रवाई की गई और संबंधित निर्देश पंचायती राज निदेशक उत्तराखंड को अग्रसारित किए गए। दोनों समाजसेवियों का कहना है कि राज्य सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया है और जल्द स्वीकृति की संभावना जताई गई है। समाजसेवियों का कहना है कि इस कदम से लोकतंत्र मजबूत होगा, पारदर्शिता बढ़ेगी और पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

# भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा में शामिल हुए पीएनजी के विद्यार्थी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उत्तराखंड द्वारा आयोजित भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

परीक्षा प्रभारी डॉ. शरद भट्ट ने बताया कि परीक्षा में कुल 213 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 124 छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्र रामनगर महाविद्यालय में उपस्थित हुए। परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य से संबंधित भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत प्रश्न पूछे गए।



बौद्धिक परीक्षा में शामिल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के विद्यार्थी।

डॉ. सुभाष पोखरियाल ने बताया कि परीक्षा के उपरांत सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। डॉ. मूलचंद्र शुक्ल ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार घोषित किए जाएंगे। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को प्राचार्य प्रो. एमसी. पांडे द्वारा गठित समिति में संयोजक डॉ. मूलचंद्र शुक्ल, परीक्षा प्रभारी डॉ. शरद भट्ट, डॉ. नीमा राणा, डॉ. सुभाष पोखरियाल, डॉ. मनोज नैनवाल एवं डॉ. हेमचंद्र भट्ट शामिल रहे। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक खाती ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### 15 फरवरी तक बंटेगा दिसंबर का राशन

**नैनीताल:** जिला पूर्ति विभाग ने लाभार्थियों को राहत देते हुए राशन वितरण की समय-सीमा बढ़ा दी है। भारत सरकार की ओर से माह दिसंबर 2025 के राशन वितरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई है।

वहीं जनवरी 2026 के राशन वितरण की समय-सीमा 28 फरवरी तक निर्धारित की है। इस संबंध में सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में ऑनलाइन राशन वितरण प्रणाली के तहत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी पात्र लाभार्थी को राशन मिलने में परेशानी न हो। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार ऑनलाइन सिस्टम में सभी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

# शिलालेख में गुलदार की सूचना पर की गश्त

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय शिलालेख में गुलदार दिखाई देने की सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा गश्त की गई। बच्चों को वनाग्नि एवं गुलदार से सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं। साथ ही स्टाफ एवं ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय के आसपास की झाड़ियों की सफाई भी कराई गई।

वहीं वन विभाग रामगढ़ के प्यूड़ा अनुभाग अंतर्गत गहना क्षेत्र में गुलदार दिखाई देने की सूचनाओं के बाद लगाए गए ट्रैप कैमरों की जांच की गई। जांच में कैमरों में गुलदार की कोई गतिविधि दर्ज नहीं पाई गई। गश्त दल में वन दरोगा पूरन चंद्र मेलकानी, वन आरक्षी अभय कुमार एवं सुनील पुरोहित, उपनल श्रमिक बबलू कुमार, ग्राम प्रधान शिलालेख दिनेश चंद्र मेलकानी एवं सरपंच सरोजिनी मेलकानी शामिल रहे।



> गुलदार दिखाई देने की सूचना पर विभाग की टीम लगातार घटनास्थल पर पहुंच रही है। इसके बावजूद कुछ लोग भ्रामक सूचनाएं फैला रहे हैं, जो गलत हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आज वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को सुरक्षा के साथ विद्यालय तक पहुंचाया गया।
>
> -**विजय भट्ट**, वन क्षेत्राधिकारी, रेंज नथुवाखान




छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं शिक्षकों के साथ। ● अमृत विचार

### युवराज व ईशिका ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**रामनगर, अमृत विचार :** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र युवराज सिंह एवं छात्रा ईशिका ने छात्रवृत्ति परीक्षा पास की है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक एक हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदीश सती ने बताया कि वर्तमान में स्कूल के कुल पांच विद्यार्थी छात्रवृत्ति का लाभ ले रहे हैं। शिक्षक सपना बिष्ट, प्रमोद सुंदरियाल, योगेंद्र सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कुबेर सिंह रावत, उपाध्यक्ष चंपा मेहरा, करम सिंह, गोपाल सिंह मेहरा, संगीता टड़ियाल, दिलीप सिंह मेहरा एवं राजेंद्र चंद्र ने बच्चों को बधाई दी है।

तैयारियां | 23 फरवरी को महिला होली जुलूस एवं महिला स्वांग प्रतियोगिता के साथ होगा उद्घाटन

# फागोत्सव को लेकर महिला होली दलों की बैठक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** श्री राम सेवक सभा, नैनीताल द्वारा आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक फागोत्सव की तैयारियों को लेकर आज सभा भवन में शहर की प्रमुख महिला होली दलों, महिला होलियारों एवं महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अशोक साह ने की। बैठक में संस्था के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने फागोत्सव के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात महिला होली दलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ फागोत्सव को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने को लेकर सार्थक परिचर्चा की गई।



बैठक में मौजूद महिला होली दलों की सदस्याएं एवं आयोजक। ● अमृत विचार

महासचिव ने बताया कि इस वर्ष भी महिला होली कार्यक्रम को विशेष रूप से व्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 23 एवं 24 फरवरी को दो दिवसीय महिला होली दल प्रतिभाग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें नैनीताल के साथ-साथ अन्य जिलों से भी महिला होली दल सहभागिता करेंगे। फागोत्सव के उद्घाटन दिवस 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे धर्मशाला तल्लीताल से महिला होली जुलूस एवं महिला स्वांग प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जो नगर भ्रमण करते हुए शहरवासियों को पारंपरिक होली की रंगत से सराबोर करेगा। कार्यक्रम का संचालन मोहित लाल साह ने किया। संरक्षक घनश्याम लाल साह, उपाध्यक्ष अशोक साह, प्रबंधक विमल चौधरी, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह सहित मुकेश जोशी, हरीश सिंह राणा, गिरीश जोशी, किशन नेगी, ललित साह, भुवन बिष्ट, आलोक चौधरी, कैलाश बोरा, आनंद बिष्ट, जीवंती भट्ट, अमिता साह, रेखा जोशी, तारा बोरा, खष्टी बिष्ट, कविता गंगोला, सुमन साह, रेशमा टंडन, हेमा जोशी, सुनीता वर्मा, भारती कैड़ा, रुचि बेलवाल, ज्योति साह, मंजू पांडे, कलावती असवाल, हिमांशु तिवारी, तुलसी बिष्ट, अदिति खुराना रहे।

TARAI DENTAL & IMPLANT CENTER
दाँतों का अस्पताल
1. क्या आपके दाँतों में दर्द रहता है ?
2. क्या आपने पीले दाँतों को सफेद करना चाहते हैं ?
3. क्या आपको ठंडा पानी दाँतों में तकलीफ देता है ?
4. क्या आपके दाँत पीले है ?
5. क्या आपके दाँत हिलते है ?
6. क्या आप पायरिया से पीड़ित है ?
7. क्या आपके मुँह से बदबू आती है ?
8. क्या आपके मसूडो में सूजन है और खून आता है ?
9. क्या आपके दाँत टेढ़े-मेढ़े है ?
10. क्या आपके मुँह व जीभ पर छाले है ?
11. क्या आपके मुँह में बार- बार फुंसी होती है ?
12. क्या आपके जबड़े में सूजन आती है ?
Dr. M.K Chandra BDS Regn. No. 17423
नगला, पंतनगर जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
Mob:- 9897542846
Dr. Sharukh

## सिटी ब्रीफ

### डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने की बैठक

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को हल्द्वानी में हुई बैठक में महासंघ ने सेवाकाल में कम से कम तीन पदोन्नति सुनिश्चित करने या पुरानी व्यवस्था के तहत 10, 16 और 26 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति वेतनमान का लाभ दिया जाए। पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, पेयजल निगम व जल संस्थान का राजकीयकरण कर उनका एकीकरण और दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत अभियंताओं के लिए 2 करोड़ रुपये के सामूहिक दुर्घटना बीमा की मांग उठाई । बैठक डॉ. सुरेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन गणेश सिंह रौतेला ने किया। इस दौरान संजय कार्की, भावना पंत सहित अन्य पदाधिकारी व अभियंता मौजूद रहे।

### देहरादून में चल रही रणजी ट्रॉफी में उत्तराखंड क्रिकेट टीम ने इतिहास रचा, क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर

# असम को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा उत्तराखंड

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** देहरादून में चल रही रणजी ट्रॉफी में उत्तराखंड क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम मुकाबले में उत्तराखंड ने असम को एक पारी और 42 रनों के विशाल अंतर से शिकस्त दी।

इस शानदार जीत और बोनस अंक के साथ उत्तराखंड पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर रहा और चौथी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अभिमन्यु क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस निर्णायक मैच में उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 460 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की इस मजबूत नींव के सूत्रधार कप्तान कुणाल चंदेला रहे, जिन्होंने विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 207 रनों की शानदार दोहरी शतकीय पारी खेली। उनकी इस पारी ने मैच की शुरुआत में ही असम को बैकफुट पर धकेल दिया। बल्लेबाजों के बाद उत्तराखंड के गेंदबाजों ने भी अपना दबदबा बनाए रखा। असम की पहली पारी महज 140 रनों पर सिमट गई, जिसमें मयंक मिश्रा और आदित्य रावत ने 3-3 विकेट झटके। फॉलोऑन खेलने उतरी असम की टीम दूसरी पारी में भी संघर्ष करती नजर आई और 278 रनों पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में स्पिनर मयंक मिश्रा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट चटकाए और टीम की जीत सुनिश्चित की।


चौथी बार रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा उत्तराखंड। ● अमृत विचार

उत्तराखंड ने इस सीजन के 7 लीग मैचों में से 4 में जीत (सर्विसेज, हरियाणा, त्रिपुरा और असम) दर्ज की, जबकि 2 में हार और 1 मैच ड्रॉ रहा। कुल 29 अंकों के साथ टीम ग्रुप में दूसरे पायदान पर रही। बंगाल की हरियाणा पर जीत ने उत्तराखंड की राह और आसान कर दी। 2018 में घरेलू क्रिकेट में कदम रखने के बाद यह चौथी बार है जब उत्तराखंड ने नॉकआउट राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया है कि उत्तराखंड अब भारतीय घरेलू क्रिकेट की एक मजबूत टीम बन चुकी है। अब क्रिकेट प्रेमियों की नजरें क्वार्टर फाइनल पर टिकी हैं, जहां टीम नए जोश के साथ मैदान में उतरेगी।

# उपभोक्ताओं को फरवरी में मिलेगा जनवरी का चावल

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** नैनीताल जिले में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन लेने वाले करीब 9.60 लाख उपभोक्ताओं को जनवरी माह का चावल समय पर नहीं मिल पाया था। लंबे इंतजार के बाद अब राहत की खबर है। जनवरी माह का चावल जिले के गोदामों से दुकानों में पहुंच गया है।

पूर्ति विभाग के अनुसार जिन उपभोक्ताओं ने जनवरी माह का चावल अब तक नहीं लिया है, उन्हें यह चावल फरवरी माह में वितरित किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को उनके हिस्से का चावल निश्चित रूप से मिलेगा। पूर्ति निरीक्षक राहुल डांगी ने बताया कि जनवरी माह में उपभोक्ताओं को पहले ही दो माह का गेहूं तथा दिसंबर माह का चावल वितरित किया जा चुका है।

चावल की आपूर्ति में देरी के कारण जनवरी माह का चावल समय पर नहीं मिल पाया, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी संबंधित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर जाकर संपर्क करें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चावल प्राप्त करें।

# मांगों को लेकर भोजनमाताओं ने भरी हुंकार

### मानदेय बढ़ाने, मातृत्व अवकाश, ईएसआईसी व ईपीएफ सुविधा दिए जाने सहित विभिन्न मांगें उठाईं

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें महिलाएं भोजनमाता के रूप में काम करती हैं। लेकिन वे स्वयं अल्प मानदेय व उत्पीड़न के साथ काम करने को मजबूर हैं।

मात्र तीन हजार प्रतिमाह मानदेय पर प्रदेश में भोजनमाताएं काम कर रही हैं। उन्हें ईएसआईसी और ईपीएफ की सुविधा भी नहीं मिलती है। मातृत्व अवकाश नहीं होने से उनमें- असुरक्षा की भावना भी रहती है। विभिन्न मांगों को लेकर भोजनमाताओं ने सोमवार को बुद्ध पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और वक्ताओं ने अपनी बातें रखीं। प्रदर्शन के बाद भोजनमाताओं ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि सरकार ने शीघ्र ही भोजनमाताओं की मांगों का समाधान नहीं किया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि वे सालों से अल्प मानदेय, अतिरिक्त काम के बोझ, मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हैं। बताया कि सरकार की ओर से घोषित मानदेय आज तक लागू नहीं हुआ है। स्कूलों में भोजनमाताओं से उनके कार्यक्षेत्र से बाहर साफ-सफाई, चौकीदारी, माली और अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग के कार्य कराए जा रहे हैं। कई स्कूलों में गैस चूल्हा, पानी व मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, इसके बावजूद भोजनमाताओं पर समय पर भोजन उपलब्ध कराने का पूरा दबाव डाला जाता है। स्कूल खुलने से लेकर बंद होने तक उनसे काम लिया जाता है। कोई अवकाश नहीं दिया जाता और विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी व अभद्र टिप्पणी भी की जाती है। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रगतिशील भोजनमाता संगठन के महामंत्री रजनी जोशी, पछास महासचिव महेश, चंदन, भाकपा माले से कैलाश पांडे, युवा कांग्रेस नेता हेमंत साहू, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से पुष्पा, क्रालोस से मुकेश भंडारी, चंपा गिनवाल, पुष्पा कुड़ाई, हेमा, उमा, दीपा बिष्ट, हीरा, इंदू रैक्वाल, दीपा उप्रेती, ममता आदि शामिल रहे।



वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर बुद्ध पार्क में धरना देतीं भोजन माताएं। ● अमृत विचार

#### ये हैं मुख्य मांगें

- घोषित मानदेय तत्काल लागू किया जाए।
- भोजनमाताओं से गैर-निर्धारित कार्य लेना बंद किया जाए।
- न्यूनतम वेतन 18000 लागू करे।
- स्कूलों में रसोई, गैस, पानी और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए।
- उत्पीड़न, शोषण व अभद्र व्यवहार पर सख्त कार्रवाई हो।
- भोजनमाताओं को सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व प्रदान किया जाए।

#### नैनीताल में भी भोजन माताओं का आंदोलन

**नैनीताल :** उत्तराखंड राज्य की मिड-डे-मील योजना में कार्यरत भोजनमाताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को राज्यव्यापी हड़ताल की। नैनीताल की भोजनमाताओं ने तल्लीताल डाट में धरना-प्रदर्शन किया और कुमाऊं आयुक्त के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी देवी, अनीता, पुष्पा, सीमा, सुशीला, चंपा, लता, शबीना, संतोष, जानकी, हेमा, भगवती, नंदी, पूजा, दीपा, शकीना, दीपा नेगी, सरस्वती, कमला, हेमा, निर्मला देवी आदि रहीं।

#### रामनगर में भोजन माताओं ने जुलूस निकाला

**रामनगर :** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, उत्तराखंड के आह्वान सोमवार को रामनगर क्षेत्र की भोजन माताओं ने कार्य बहिष्कार कर शहर में जुलूस निकाल विरोध जताया। उन्होंने उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन राज्य के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। भोजनमाताओं की सभा को प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, उत्तराखंड की अध्यक्ष शारदा देवी, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंम्वाल, इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित रुहेला, उपपा के प्रभात ध्यानी मो. आसिफ समेत अन्य भोजन माताएं शामिल रहे।

# गंदे मिले असलहे, खाने की गुणवत्ता में भी कमी


काठगोदाम थाने में सीओ अमित कुमार सैनी के सामने शस्त्रों को खोल कर जोड़ते सिपाही।

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- **सीओ ने काठगोदाम थाने का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण**
- **विवेचनाओं के सफल निस्तारण के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा कोतवाली के बाद सीओ सिटी अमित कुमार सैनी काठगोदाम थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। यहां भी उन्हें तमाम खामियां नजर आईं और उन्हें फौरन दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि असलहों की नियमित सफाई करें और कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसें।

सोमवार को निरीक्षण पर पहुंचे सीओ ने गार्द, थाना भवन, कार्यालय, बैरिकों और हवालात का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। थाने के अभिलेख व लंबित अभियोगों की समीक्षा की और स्टाफ को अभिलेखों के रख-रखाव और कार्य प्रणाली में सुधार करने को कहा। सीसीटीएनएस समेत सभी ऑनलाइन पोर्टल की समीक्षा करते हुए मालखाना रजिस्टर का मिलान कराया। सभी मालों को सुव्यवस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिए। थाने में उपलब्ध शास्त्रों खोलने-जोड़ने का अभ्यास व साफ-सफाई करने के निर्देशित किया। हेल्पलाइन, साइबर, महिला अपराधों को लेकर बैनर और फ्लैस लगाने को कहा। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा, मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार आदि थे।

## घास लेने गई महिला जंगल में हुई लापता

**भीमतालः** नगर के वार्ड संख्या 6 कुआंताल क्षेत्र के जंगल से 56 वर्षीय महिला गंगा देवी पत्नी रंजन प्रसाद लापता हो गईं। जानकारी के अनुसार महिला सुबह घास लेने जंगल गई थी, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने खोज शुरू की।

स्थानीय लोगों के अलावा भाजपा नेता प्रकाश मनोज भट्ट, सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज दुर्गपाल, कारोबारी विनीत जोशी सहित दर्जनों युवक महिला की खोज में जुट गए। घने जंगल और जंगली जानवरों के खतरे के बावजूद खोज जारी रही। लोगों का कहना है कि महिला संभवतः रास्ता भटक गई या घास काटते समय किसी दुर्घटना का शिकार हुई हो। देर रात तक महिला का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस, वन विभाग और प्रशासन को महिला के लापता होने की जानकारी दे दी है।


जंगल में लापता महिला को ढूंढते लोग।

## हिंदुओं का एकजुट होना बहुत जरूरी

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल ने महानगर कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की नियुक्ति की। सोमवार को रामपुर रोड स्थित मंगलम बैंक्वेट हॉल में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई । अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक दरम्वाल ने की।

जिला महामंत्री करण सिंह ने कहा कि हिंदू समाज को केवल चिंता नहीं बल्कि संकल्प और संगठन की आवश्यकता है। जब तक हिंदू एकजुट नहीं होगा, तब तक समाज सुरक्षित नहीं रह सकता। सर्व सम्मति से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद में संदीप राणा को महानगर उपाध्यक्ष व अमित गोस्वामी को महानगर महामंत्री चुना गया। वहीं, राष्ट्रीय बजरंग दल में जितेंद्र कुमार को महानगर अध्यक्ष व गौरव सिंह साह को महानगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। आनंद पांडे, हरीश भट्ट, मनोज कुमार, किशन बजवाल, मोहन सिंह, पंकज बिष्ट, मुकेश रहे।

# विधायक बेहड़ के जन्मदिन पर गुरुद्वारे में की अरदास


किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के जन्मदिन पर केक काटते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता परमजीत सिंह कोहली शंटी के सुभाष नगर स्थित आवास पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ का 69वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रदेश के प्रमुख कांग्रेसी नेता तिलक राज बेहड़ वर्तमान में किच्छा से विधायक हैं, वह पूर्व कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। इस अवसर पर सिख समाज ने उन्हें बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की। परमजीत सिंह कोहली ने गुरुद्वारे में उनके जन्मदिन की अरदास की और कहा कि तिलक राज बेहड़ हमेशा सिख समाज के साथ खड़े रहे हैं। जाकिर हुसैन, दीप पाठक, हेम चंद्र जोशी, विजय कुसाल, शंकर दत्त तिवारी, संजू बिष्ट, सुरेंद्र सिंह नरूला, ललित जोशी, अरविंदर सिंह गुजराल, गुरुप्रीत सिंह, प्रिंस दलजीत सिंह दल्ली, हेमंत साहू, ध्रुव चरणजीत सिंह बिंद्रा, कुलविंदर सिंह, कवलदीप सिंह कोहली ने केक काटकर बधाई दी।

## अनाथ बच्चों के साथ मनाया स्थापना दिवस

**हल्द्वानी :** एचडीडीयूएस केयर फाउंडेशन ने अपना दूसरा स्थापना दिवस अनाथ और दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। इसको लेकर फाउंडेशन के लोगों ने नंदपुर, फतेपुर स्थित जय शारदा जन कल्याण समिति सेवालय में कार्यक्रम आयोजित किया। बच्चों को खिचड़ी के साथ वस्त्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन पंडित ललित मोहन जोशी ने किया। साथ ही कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर किए जाएंगे, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जा सके। रश्मि जोशी एवं ललित मोहन जोशी ने बच्चों से संवाद किया। रक्षित गुरुरानी ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान जय शारदा जन कल्याण समिति सेवालय की अध्यक्ष नियमा बिष्ट, संचालक नीमा बिष्ट, संचालक रोहित जोशी, उपाध्यक्ष मीना पांडे, सोनाक्षी, सत्ता के निदेशक प्रेमचंद आदि थे।

### ओवरहेड टैंकों की मरम्मत का कार्य पूरा

**हल्द्वानी :** गर्मी का सीजन शुरू होने से पहलेशहर की पेयजल व्यवस्था को लेकर राहत भरी खबर है। जल संस्थान ने शहर के मुख्य ओवरहेड टैंकों के सुधारीकरण और मरम्मत का कार्य समय से पहले ही पूरा कर लिया है। इससे अब पानी की बर्बादी रुकेगी और लीकेज की पुरानी समस्या से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि गर्मी शुरू होने से पहले ही राजपुरा, तिकोनिया और आवास विकास क्षेत्रों के ओवरहेड टैंकों की मरम्मत का लक्ष्य रखा गया था, जिसे पूरा कर लिया गया है। शिकायत वाले क्षेत्रों पर अब विशेष फोकस टैंकों की मरम्मत के बाद अब विभाग का पूरा ध्यान ऊंचाई वाले इलाकों पर है, जहां पानी का दबाव कम रहता है। उन इलाकों की पाइपलाइनों की जांच की जा रही है। ईई लोशाली ने बताया कि विभाग उन क्षेत्रों की सूची पर काम कर रहा है, जहां से हर साल गर्मियों में फोन कॉल के माध्यम से किल्लत की सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। इन क्षेत्रों में तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं ताकि लोगों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े।

### गंदा पानी पीने को मजबूर बागजाला के लोग

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला ग्राम कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पानी की समस्या को लेकर जल संस्थान लालकुआं डिवीजन के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि गौलापार के बागजाला पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नलों में गंदा पानी आ रहा है। इस कारण लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। किसान महासभा के पदाधिकारी डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि बागजाला के ग्रामीण टूटी पाइप लाइन के चलते नाली का गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। किसान महासभा के सचिव वेद प्रकाश ने कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल संस्थान के ईई नंदकिशोर ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही लाइन की मरम्मत की जाएगी। पूर्व प्रधानाचार्य गणेश राम, मीना भट्ट, हेमा देवी, पंकज चौहान, चंदन सिंह रहे।

# डीके स्पोर्ट्स और गोल्डन अकादमी बनी विजेता

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का सोमवार को पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और तन्मय क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। तन्मय क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए।

निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 31वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। सोमवार को दूसरा मैच कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुवा में गोल्डन क्रिकेट अकादमी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। गोल्डन क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठगोदाम क्रिकेट अकादमी की टीम 40 ओवर में 217 रन ही बना सकी और गोल्डन क्रिकेट अकादमी ने 47 रनों से मैच जीत लिया। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, विजय आर्या, विक्रम बोरा, मनोज पंतरहे। कमल पपनै ने बताया कि आज कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।



## सिटी ब्रीफ

### ठाकुर मंदिर में वेदियों की प्राण प्रतिष्ठा की

**जसपुर :** नगर के ठाकुर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के बाद व्यास जी द्वारा भागवत कथा सुनाई गई। सोमवार को वेदियों की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति संस्कार हुआ। साथ ही पूजन कार्य संपन्न हुआ। पूजन के बाद दोपहर से भागवत कथा का आयोजन किया गया। देहरादून निवासी खीमानंद भट्ट व्यास जी द्वारा पहले दिन भागवत कथा के महत्व को बताया। कहा कि भागवत कथा के श्रवण से पापों का नाश होता है एवं पुण्य बढ़ता है। यहां हल्द्वानी से आए गिरीश चंद्र शास्त्री, कांति बल्लभ पाठक, हर्षित जोशी, प्रकाश जोशी, रमेश कांडपाल, बागेश्वर के महेश उपाध्याय, कुसुमपाल नाथ, हृदयेश, गौरव वशिष्ठ मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर :** 29 जनवरी की सुबह हुए सड़क हादसा प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी निवासी नंद किशोर ने बताया कि 29 जनवरी की सुबह 9 बजे उसकी भाभी के पास सिडकुल पुलिस का फोन आया था कि गोविंद बल्लभ भट्ट का सिडकुल चौक पर सड़क हादसा हुआ है। इसमें गोविंद की मौत हो चुकी है। जब वह सिडकुल चौकी पहुंचा तो पता चला कि अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई है।

# पत्थरबाजी कांड में 63.38 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

## एएनटीएफ प्रभारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, फरार अभियुक्तों की तलाश तेज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एसओजी पर हुए पत्थरबाजी कांड में एएनटीएफ प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि फरार नशा माफिया की भाभी को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया है और फरार अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है। पत्थरबाजी प्रकरण में एएनटीएफ का जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

बताते चलें कि एक जनवरी की शाम साढ़े 5 बजे मिली सूचना के आधार पर एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने एसओजी के साथ मिलकर पंडित कबाड़ी वाली गली सुभाष कॉलोनी स्थित एक संकरी गली स्थित घर पर दबिश दी। दबिश के दौरान संयुक्त टीम ने नाजिम उर्फ नदीम को दबोच लिया और उसके कब्जे से हेरोइन भी बरामद की थी। जब एएनटीएफ की टीम लौट रही थी। तभी महिलाओं और पुरुषों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया और चारों तरफ से घेर लिया। पत्थरबाजी में एक सिपाही भुवन पांडेय का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। साथ ही पत्थरबाजों ने नशा माफिया को छुड़वा कर फरार कर दिया। सूचना मिलने के कॉलोनी को छावनी में तब्दील कर दिया गया और जिस महिला के पत्थर से सिपाही घायल हुआ था। उसे भी पकड़ लिया गया। महिला पुलिस कर्मी ने जब पत्थरबाजी करने वाली महिला की तलाशी ली तो उसके कब्जे से भी 63.38 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

पूछताछ में महिला ने अपना नाम वार्ड-29 सुभाष कॉलोनी निवासी हसीना बताया। साथ ही वीडियो दिखाने पर पत्थरबाजों की पहचान भी की। पुलिस ने महिला अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इसके अलावा एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज कर पत्थरबाजों को चिह्नित कर सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है।

### हसीना ने की पत्थरबाजों की पहचान

हेरोइन के साथ गिरफ्तार पत्थरबाजी करने वाली अभियुक्त हसीना की निशानदेही पर ही पुलिस ने पत्थरबाजों को चिन्हित किया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है। जिसके आधार पर पुलिस अब पत्थरबाज अफसाना, फिजा, रोशनी, फरहाना के अलावा फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त नाजिम उर्फ नदीम, शाहरुख, इरशाद उर्फ दाऊद उर्फ शददा, सूरज और अनमोल को सरगर्मी से खोज रही है। बताया जा रहा है कि नशा माफिया नाजिम उर्फ नदीक वर्ष 2024 में पॉक्सो में जेल भी जा चुका है और इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी का धंधा करता है।

### तो क्या देवर-भाभी बेचते हैं हेरोइन

पूछताछ में अभियुक्त हसीना ने बताया कि देवर नाजिम व पति ईलयास सभी एक ही मकान में रहते हैं। देवर नाजिम हेरोइन की खेप लाता है और पुड़िया बनाकर रख देता है। जब कोई नशेड़ी आता है तो वह खुद ही स्मैक की पुड़िया बेचती है। मुनाफा आपस में बांट लिया जाता है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि जिस वक्त देवर फरार हुआ था। उस वक्त भी उसके पास हेरोइन थी और कुछ हेरोइन को उसने अपने स्वेटर में छिपा लिया था, लेकिन पुलिस की तलाशी में हेरोइन बरामद हो गई। पुलिस ने महिला अभियुक्त के खिलाफ भी साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

### हसीना ने मुहैया कराया तराजू

अभियुक्त हसीना से जब पुलिस ने 64.64 ग्राम हेरोइन की खेप बरामद की और जब बरामद हेरोइन का वजन तोलने के लिए खुद महिला अभियुक्त ने ही जमीन पर पड़े छोटा सा तराजू मुहैया कराया। जिसके बाद पुलिस टीम को संदेह हुआ और यह स्पष्ट हो चुका था कि हेरोइन की खरीद फरोख्त घर के अंदर से ही संचालित होती है। जिसके बाद पुलिस ने दो घंटे तक घर की तलाशी ली और कई ऐसे साक्ष्य मिले जो कि हेरोइन तस्करी किए जाने की ओर इशारा करते हैं। पुलिस ने सभी साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिए हैं।

## पालिकाध्यक्ष ने दो टाइल्स मार्गों का शिलान्यास किया

**बाजपुर :** नगरपालिका परिषद बाजपुर के वार्ड संख्या छह मोहल्ला केशवनगर में सोमवार को दो टाइल्स मार्गों का शिलान्यास नगर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने किया। पहले टाइल्स मार्ग का निर्माण वेद प्रकाश चौहान के मकान से प्राइमरी स्कूल मार्ग तक लगभग 150 मीटर लंबाई में किया जाएगा, जबकि दूसरा मार्ग राहुल शर्मा कोटे वाले के मकान से भैरव दत्त शर्मा के मकान तक लगभग 100 मीटर लंबा होगा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि नगर का कोई भी हिस्सा विकास से वंचित नहीं रहेगा। नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद आसिफ, हामिद हुसैन, इसरार अली, विवेक पांडे, अंजना पांडे, हेमंत पांडे, सुरेंद्र चौहान, किशोरी सिंह चौहान, विनोद सिंह चौहान, सुरेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, दिनेश शर्मा, भैरव दत्त शर्मा, योगेंद्र शर्मा, विश्वजीत सिंह चौहान, ठेकेदार वाजिद अली मौजूद रहे।



रोडवेज स्टेशन परिसर में निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते महापौर विकास शर्मा।

# किच्छा बाईपास पर बनेगा वेंडिंग जोन

संवाददाता, रुद्रपुर

- भविष्य की बड़ी योजनाओं की रूपरेखा की तय

**अमृत विचार:** महापौर विकास शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ शहर के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। साथ ही भविष्य की उन बड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी तैयार की, जिनका लोकार्पण और शिलान्यास 14 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रस्तावित है।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान महापौर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण कार्यों के जायजा लिया। बस टर्मिनल के पुराने कार्यालयों की शिफ्टिंग न होने परिवहन निगम को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय को तत्काल शिफ्ट करें। ताकि जनहित में बन रहे हाईवे का कार्य बाधित न हो। अधिकारियों ने जल्द ही इसे पूरा करने का आश्वासन दिया। किच्छा बाईपास पर नया वेंडिंग जोन बनेगा। इसमें 30 दुकानों का निर्माण किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने पुराने ढांचे को ध्वस्त कर शिक्षा विभाग की भूमि पर नया दो मंजिला हाईटेक शौचालय बनाया जाए, जिसके लिए विभागीय अनापत्ति प्राप्त कर ली गई है। इसके साथ ही शिवनगर में अतिक्रमण मुक्त कराई गई बेशकीमती भूमि का उपयोग भी जनहित में करने का निर्णय लिया गया। महापौर ने घोषणा की कि इस भूमि पर बच्चों के लिए भव्य पार्क और बुजुर्गों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था की जाएगी।

# खाताधारकों और असंगठित क्षेत्र के लोगों को एपीवाई जोड़ने पर बल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखंड एवं जिला अग्रणी बैंक की ओर से अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत सामुदायिक संपर्क और समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, नैनीताल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, आईडीबीआई बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक को एपीवाई नामांकन में उत्कृष्ट भूमिका निभाते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए पीएफआरडीए ने सम्मानित किया।

सोमवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) भारत सरकार के दिशा निर्देश पर यह बैठक आयोजित हुई। इस दौरान पूर्णकालिन सदस्य (अर्थशास्त्र) ममता शंकर, महाप्रबंधक (पीएफआरडीए) के आर दौलथ अली खान ने बताया कि बैठक का उद्देश्य खाताधारकों एवं असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़ना था।

प्रबंधक(पीएफआरडीए) निशांत आनंद ने अटल पेंशन योजना पर प्रस्तुति देते हुए वीडियो के माध्यम से जन समुदाय को जानकारी दी। इस दौरान सभी हितधारकों ने एपीवाई नामांकन को बढ़ाने के लिए सुनियोजित नीति बनाने के लिए विमर्श किया गया। वंचित वर्ग व असंगठित क्षेत्र के लोगों को समावेश करने की प्रक्रिया को बल देने पर सहमति दी गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, डीजीएम (एसबीआई) राजीव रंजन, सहायक महाप्रबंधक (एसएलबीसी) दीपक ममगाईं उपस्थित रहे।




बैठक में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# साहब बेटे की हत्या हुई है, मुझे इंसाफ दिला दो

संवाददाता, रुद्रपुर

- बेबस मां ने एसएसपी को सौंपा खत, 4 जनवरी को मिला था ऐवरान का शव

**अमृत विचार:** अपने मृत बेटे को इंसाफ दिलाने को लेकर एक बेबस मां पुलिस कार्यालय पहुंची और बोली साहब बेटे की हत्या हुई है। मुझे इंसाफ दिला दो। शिकायतकर्ता ने एसएसपी को संबोधित ज्ञापन एसपी सिटी को सौंपा।

सोमवार को गांव बांसखेड़ा अमरिया पीलीभीत यूपी की रहने वाली इंद्रावती जाटव पुलिस कार्यालय पहुंची और एसपी सिटी से मुलाकात कर बताया कि उसका 28 वर्षीय बेटा ऐवरान गांव घेरा फार्म सरकड़ा सितारगंज में रहकर काम करता था। 4 जनवरी की शाम साढ़े 5 बजे सूचना मिली कि बेटे का शव घेरा फार्म स्थित नाली में पड़ा मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और वह शव लेकर अपने गांव चली गई। महिला का कहना था कि उसका बेटा बिल्कुल स्वस्थ था और कोई भी बीमारी नहीं थी।

इसके अलावा बेटा झगड़ालू प्रवृत्ति का भी नहीं था। ऐसे में उसे आशंका है कि बेटे की हत्या हुई है। जिसको लेकर थाना सितारगंज पुलिस को भी तहरीर देकर कार्रवाई का मुद्दा उठाया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाने के चक्कर काटने के बाद जब न्याय नहीं मिला तो महिला ने एसएसपी को संबोधित ज्ञापन देकर मुकदमा दर्ज कर हत्या की दिशा में कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया। जिस पर एसपी सिटी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्विद्यालयी खो-खो स्पर्धा में जेपीएस की टीम रही विजेता

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोलम्बस पब्लिक स्कूल प्रांगण में इंटरेक्ट क्लब द्वारा अंडर-14 अंतर्विद्यालयी खो-खो प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें 12 विद्यालयों के 144 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में कोलम्बस पब्लिक स्कूल और बालिका वर्ग में जेपीएस स्कूल विजेता रहा।

प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ एवं समापन पंतनगर विवि के पूर्व कुलपति डॉ.बीएस बिष्ट और विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने गुब्बारे उड़ाकर किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती, बल्कि खेल के प्रति समर्पण सबसे अहम है। जिस प्रकार विद्यालय ने अंतर्विद्यालयी खो-खो प्रतिस्पर्धा का आयोजन कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया है वह सराहनीय है।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेला ने बताया कि बालक वर्ग के फाइनल मुकाबला कोलम्बस पब्लिक स्कूल और स्टोन रिज इंटरनेशनल के बीच हुआ। जहां कोलम्बस की टीम विजेता बनी। इसके अलावा बालिका वर्ग में जेसीज पब्लिक स्कूल विजेता, जबकि उपविजेता कोलंबस पब्लिक स्कूल रही। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सोहेल खान, नयोनिका भट्ट, अनुज बिष्ट, तान्या तिवारी, माधवा कथूरिया, अस्मि घुघत्याल ने किया। इस मौके पर मनोज अग्निहोत्री, सुनील सोनी, अतुल गुप्ता, मदन अग्रवाल, नीरज पांचाल, डॉ. कामेश मित्तल, डॉ.परविंदर कौर आदि मौजूद रहे।




विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि।



बाजपुर में मंगल कलश शोभायात्रा में शामिल संत-महात्मा एवं लोग।

## मंगल कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण शुरू

**बाजपुर :** नैनीताल स्टेट हाईवे स्थित हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन बड़ा शिव मंदिर में सोमवार को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण संगीतमय कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में संत-महात्माओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत भगवान गिरी के नेतृत्व में अनाज मंडी स्थित मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं श्रीगणेश पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो मुख्यमार्ग, भगत सिंह चौक, बेरिया मोड़ से होते हुए कथा स्थल प्राचीन बड़ा शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। वहां विधिविधान से कलश स्थापित किए गए। कथावाचक आचार्य सतीश जोशी (स्नेही) नई सड़क बरहैनी ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक नित्य अभिषेक व पूजन किया जाएगा, जबकि दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक संगीतमय कथा प्रवचन होंगे। महंत भगवान गिरि ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन ब्रह्मलीन संत महंत थानापति समाधि गिरी जी महाराज के शिष्य ब्रह्मलीन देवगिरी की प्रथम पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 9 फरवरी को हवन-यज्ञ में पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।


**कार्यालय, नगर पंचायत सुल्तानपुर, ऊधम सिंह नगर**
E-mail ID-npsultanpur108@gmail.com Phone/Fax-05947-225108

पत्रांक : 900/ न०पं० / सो०सू०/2026-27 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 02-02-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत सुल्तानपुर को गृहकर नामान्तरण / दर्ज करने हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनका विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र० सं० | पुराने भवन स्वामी का नाम (विक्रेता) | नये भवन स्वामी का नाम (क्रेता) | भवन नामान्तरण का आधार | आवेदन के साथ संलग्न अभिलेख |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री दीपचन्द पुत्र श्री हीरालाल, निवासी वार्ड नं० 1, शिवनगर, सुल्तानपुर के क्र० सं०- 40 पर दर्ज भवन है। | श्रीमती दयावती पत्नी श्री दीपचन्द निवासी, वार्ड नं० 1, शिवनगर, सुल्तानपुर | उत्तरजीवी प्रमाण पत्र | 1. आवेदन पत्र 2. प्रार्थी का शपथ पत्र 3. मृत्यु प्रमाण पत्र 4. उत्तरजीवी प्रमाण पत्र 5. अनापत्ती प्रत्र 6. आधार कार्ड 7. भवन का हस्तलिखित मानचित्र |

अतः समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं। उपरोक्त भवन के गृहकर नामान्तरण/दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के तिथि से तीस दिन के अन्दर लिखित आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के तिथि से तीस दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। वाद मियाद समाप्ति पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
माननीय अध्यक्ष महोदय
नगर पंचायत सुल्तानपुर, ऊधम सिंह नगर


## ग्रामीणों ने बाढ़ से निजात दिलाने की मांग उठाई

**बाजपुर :** ग्राम खमरिया व लखनपुर क्षेत्र में जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बाढ़ से निजात दिलाने के लिए सीसी नाला व पुलिया निर्माण की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम लखनपुर में बेरिया रोड के किनारे नाला व पुलिया न होने के कारण बारिश के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने से घरों, दुकानों और खेतों में पानी भर जाता है, जिससे हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, जलभराव के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में भी काफी परेशानी होती है। इसलिए पुलिया का निर्माण हो।



कंबल वितरित करते विधायक शिव अरोरा।

## विधायक अरोरा ने बुजुर्ग और महिलाओं को कंबल बांटे

**रुद्रपुर :** विधायक शिव अरोरा ने वार्ड 8 शिवनगर में एक निजी स्कूल के प्रांगण में बुजुर्ग, महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के मंत्र को आत्मसात करते हुए जनता की सेवा कर रहे हैं। सोमवार को कंबल वितरण के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि उनके माध्यम से लगातार जरूरतमंद निर्धन लोगों को लगातार कंबल वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान वार्ड 8 के पार्षद शिवकुमार गंगवार, दीपक दिवाकर, धीरेश गुप्ता, मदन दिवाकर, मुकेश रस्तोगी, राजेंद्र राठौर, पिंकू रस्तोगी, बब्लू रस्तोगी, जयवीर रस्तोगी, शिखर राय, ममता देवी, रंजीत सिंह, सतपाल सैनी, भगवान दास मौजूद रहे।

## चोरी के मास्टरमाइंड निकले तीन किशोर

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले सन्नी के घर लाखों के आभूषण चोरी करने वाले तीन अपचारी किशोरों को पुलिस ने पकड़ लिया और अभिरक्षा में हुई पूछताछ के बाद निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों किशोर आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि आनंद विहार वार्ड-एक निवासी सन्नी जौहरी ने बताया था कि 22 जनवरी को वह दोस्तों के साथ राजस्थान गया था और पत्नी अपने मायके गई हुई थी। 24 जनवरी को पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर की छत पर सामान बिखरा पड़ा है और चोरी होने की संभावना है।



संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते समाजसेवी चुघ।

## धूमधाम से मनाई गई संत रविदास की जयंती

**रुद्रपुर :** समाज में समरसता का संदेश देने वाले संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। सोमवार को बागवाला झील स्थित संत रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी चुघ ने कहा की संत रविदास ने समाज में समरसता का संदेश दिया था और आपसी भेदभाव और ऊंच नीच के मतभेद को मिटाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधान प्रमोद कुमार, योगेश तिवारी, मनीष कुमार, रामदेव सागर, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

**पहल** | आंगनबाड़ी अधिकारियों और कार्यकत्रियों को दिलाई शपथ, विधायक बोले-बाल विवाह एक अभिशाप

# बाल विवाह मुक्त रथ को हरी झंडी दिखाकर दिलाई शपथ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) की ओर से बाल विवाह मुक्त रथ का संचालन 2 फरवरी से 8 मार्च तक एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोग से किया जा रहा है। वहीं विकास भवन परिसर से बाल विवाह मुक्त रथ को विधायक शिव अरोरा और मुख्य विकास अधिकारी देवेश शासनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने 10 बाल विकास परियोजना अधिकारी 35 सुपरवाइजर और 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विवाह मुक्त ऊधमसिंह नगर बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही आह्वान किया कि सभी लोग सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है। हमें अपने समाज से इसे समाप्त कर आत्मनिर्भर भारत एवं सशक्त भारत की नींव को मजबूत करने में योगदान देना है। जागरूकता वाहन के माध्यम से समाज में इस बाल विवाह जैसी बुराई को समाप्त करने में काफी मदद मिलेगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह अत्यंत संवेदनशील विषय है। जिस पर जिला प्रोबेशन द्वारा कार्य किया जा रहा है। 1098 पर बाल विवाह की शिकायतें प्राप्त होती हैं। डॉ. अमित श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ जनपद के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय, सरकारी अस्पताल, तहसील एवं संवेदनशील क्षेत्रों में जाएगी और जन जागरूकता कर बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने बाल विकास की टीम को सक्रिय सहयोग करने का संदेश दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बाल विवाह के रोकथाम में प्रत्येक स्तर पर सहयोग कर ऊधमसिंह नगर को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी, बीना भंडारी, रेनू यादव, परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी, संगीता, बिंद्रा तिवारी, रवींद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।




बाल विवाह मुक्त रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक और सीडीओ। ● अमृत विचार

## पेड़ से लटका मिला शव

**रुद्रपुरः** कोतवाली इलाके के गांव बिदुखेड़ा स्थित एक पेड़ में शव लटका होने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव की शिनाख्त शुरू कर दी है। सोमवार की दोपहर को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गांव बिदुखेड़ा स्थित एक पेड़ पर शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही एसएसआई अनिल जोशी घटनास्थल पहुंचे। जांच की तो पाया कि शव पेड़ से लटका हुआ है घटना के समीप एक बाइक भी खड़ी है। तलाशी लेने पर जेब से एक आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड में यूपी का स्थायी पता था। यह भी जानकारी मिली कि मृतक रंपुरा बस्ती में रहता था और दिहाड़ी मजदूरी करता था। कारण वास्तविक पुष्टि नहीं होने के कारण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली-पंतनगर की दूसरी उड़ान रद्द

**पंतनगर :** पंतनगर एयरपोर्ट पर सोमवार को कम दृश्यता (लो विजुअलिटी) के चलते इंडिगो एयरलाइंस की दिल्ली–पंतनगर के बीच निर्धारित दूसरी उड़ान रद्द कर दी गई। उड़ान निरस्त होने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार उड़ान संख्या 6ई–7156, जिसे शाम 4.15 बजे पंतनगर पहुंचना था, मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण रद्द करनी पड़ी। एयरपोर्ट निदेशक पवन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ानों में समायोजित करने अथवा पूर्ण किराया वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### ब्रह्मदेव मंदिर में माघ खिचड़ी का भंडारा

**खटीमा :** ब्रह्मदेव मंदिर में माघ माह में खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में आयोजित खिचड़ी भंडारे में पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी शामिल हुए। भंडारे में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी प्रबंधन द्वारा पालिकाध्यक्ष को शॉल भेंटकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रह्मदेव कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह भाटिया, मनोज वाधवा, जगदीश चौसली मौजूद रहे।

# टैक्स किराया हम भरें और फायदा उठाएं फड़ व्यापारी, मंजूर नहीं!

## मंगल बाजार के विरोध में किच्छा के व्यापारियों का शक्ति प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में पोस्टर बैनर लेकर जुलूस निकालते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर में स्थानीय व्यापारियों और साप्ताहिक मंगल बाजार के बीच का विवाद अब उग्र रूप लेता जा रहा है। देवभूमि व्यापार मंडल के बैनर तले बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सड़कों पर उतरकर जुलूस निकाला और प्रशासन से इस बाजार को स्थायी रूप से बंद करने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि यह बाजार उनके व्यापारिक हितों और सरकारी राजस्व दोनों के लिए नुकसानदेह है।

देवभूमि व्यापार मंडल के कार्यकारी नगर अध्यक्ष जगरूप सिंह गोल्डी, विजय अरोड़ा और महामंत्री नितिन फुटेला के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी पुराने बस अड्डे पर एकत्रित हुए। यहां से मुख्य मार्ग पर विशाल जुलूस निकालते हुए व्यापारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय दुकानदार सरकार को भारी जीएसटी, आयकर, दुकान का किराया और बिजली बिल चुकाते हैं, जबकि मंगल बाजार में बाहर से आने वाले फड़ व्यापारी किसी भी प्रकार का टैक्स या खर्च वहन नहीं करते। इससे स्थानीय दुकानदारों के लिए अपने खर्चे पूरे करना मुश्किल हो गया है। एसडीएम गौरव पांडे ने व्यापारियों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले में नियमों की जांच की जाएगी और नगर पालिका प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर ही मंगल बाजार के भविष्य पर निर्णय लिया जाएगा। इसी बीच व्यापारी नेता गुलशन सिंधी ने प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि स्थानीय व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ या उनकी जायज मांगों को अनसुना किया गया, तो पूरे किच्छा बाजार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, दुर्गेश गुप्ता, मधुर अरोड़ा, केशव लोहिया, राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज की

**खटीमाः** थाना झनकईया के भुड़ाई गांव में दो युवकों के बीच गाली गलौज और मारपीट के आरोप में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भुड़ाई निवासी सचिन सिंह राणा ने थाना झनकईया पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि दो जनवरी शाम करीब सात बजे वह गांव की ही दुकान से सामान लेने गया था और सामान लेकर लौट रहा था। इसी दौरान अजीत सिंह ने उसे रास्ते में रोककर गली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगा। उसने जलती हुई लकड़ी उसके गले और कान के पास लगा दी। उसने बमुश्किल भागकर जान बचाई और सरकारी अस्पताल में इलाज कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

इधर भुड़ाई निवासी अजीत सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह दो जनवरी को अपने घर में अलाव जलाकर परिवार के साथ बैठा था कि सचिन सिंह शराब पीकर आकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने लात-घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने अजीत सिंह की तहरीर पर भी मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विधानसभा में उठाएंगे फसल रौंदने का मामला

संवाददाता, खटीमा


उप नेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन कापड़ी।

**अमृत विचारः** शहीद हरिकिशन तलवार के परिवार की लगभग 125 एकड़ भूमि पर खड़ी गन्ने, लाही, मटर, गेहूं की फसल को पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में बिना नंबर के 20 से अधिक ट्रैक्टरों से रौंदने के मामले में उप नेता प्रतिपक्ष और विधायक भुवन कापड़ी ने भाजपा सरकार पर हमला बोला।

पत्रकारों के रूबरू हुए विधायक कापड़ी ने कहा कि वह इस गंभीर मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और विधानसभा सत्र में उठाकर मांग करेंगे कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुई घटना से क्षेत्र में असुरक्षा एवं भय के वातावरण है। विधायक कापड़ी ने कहा कि कृषि एवं रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले किसान किरण तलवार की लगभग 125 एकड़ में खड़ी सरसों, गन्ना एवं गेहूं की फसल पुलिस एवं प्रशासन की उपस्थिति में रौंदकर अन्य को कब्जा दिलाया जाता है। फसल जोतने वाले ट्रैक्टर नंबर विहीन थे। स्थानीय प्रशासन को उच्च न्यायालय आदेशित किया था तो उनको सार्वजनिक करना चाहिए था।

145 की कार्रवाई कर खड़ी फसल को सुरक्षित करना चाहिए था। इस मामले का सरकारी खर्च भी जमा करना चाहिए था। भारी पुलिस बल को साथ लेकर प्रशासन ने 60 से 70 वर्षों से काबिज किसान की फसल को बर्बाद कर कब्जे हटाने का कार्य किया। उपनेता प्रतिपक्ष कापड़ी ने कहा कि यह मामला नेपाल से लगी सीमा एवं मुख्यमंत्री के घर से लगे गांव का है। घटना के समय मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मीडिया एवं लोगों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी। अधिकारियों के फोन स्विच ऑफ द अथवा रेंज से बाहर बताए जा रहे थे।

# ईंट मारकर मां-बेटी का फोड़ा सिर, भड़के विधायक अरोरा

संवाददाता, रुद्रपुर


पीड़ित परिवार के साथ कोतवाल से मिलते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सुभाष कॉलोनी में जब एक विशेष समुदाय के लोगों ने मां-बेटी के सिर पर ईंट मारकर घायल कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही भड़के विधायक शिव अरोरा समर्थकों के साथ चौकी पहुंचे और कोतवाल को बुलाकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने कठोर कार्रवाई नहीं की तो एसएसपी से मुलाकात की जाएगी।

सुभाष कॉलोनी की रहने वाली उर्मिला देवी आदर्श कॉलोनी चौकी में तहरीर देकर बताया था कि एक जनवरी को पड़ोस के रहने वाले विशेष समुदाय के लोगों ने एकराय होकर घर आए और उसके सिर पर ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया। जब बेटी ने बीच बचाव किया तो डंडा मारकर हाथ तोड़ दिया। तहरीर देने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार की शाम को विधायक समर्थकों के साथ चौकी पहुंचे और नाराजगी जताते हुए फौरन कोतवाल मनोज रतूड़ी को बुलाया।

उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो प्रकरण को लेकर एसएसपी से मुलाकात की जाएगी। जबकि वास्तविकता यह है कि मां-बेटी हालत गंभीर बनी हुई।


एनएसएस शिविर में सफाई अभियान चलाते थारू जीआईसी के शिविरार्थी।

## थारू जीआईसी का एनएसएस शिविर शुरू

**खटीमा :** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नौंगवां ठग्गू में किया गया है। सोमवार को शिविर का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान राखी राणा कहा कि शिविर में आए सभी बच्चों को सात दिनों में ऐसा कार्य करना चाहिए जिसका मार्गदर्शन गांव के लोग भी करें। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि शिविर केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि अनुशासन, सेवा भावना और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने कहा कि बच्चे शिविर के माध्यम से अपने जीवन के लिए यादगार अनुभव सुनिश्चित करेंगे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी विवेक जोशी ने किया। प्रथम दिवस पर बच्चों ने विद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई और क्यारियां बनकर फूलों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर आलोक सिंह, डॉ. रामजी वर्मा, अजय कुमार अवस्थी, योग शिक्षक मेवाराम, मोहित सिंह राणा मौजूद रहे।

# हमले के बाद फास्ट फूड मार्केट में तनाव

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में भवानी सेना के नगर अध्यक्ष सोनू गुप्ता को शांत कराते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** फास्ट फूड मार्केट में प्रदीप कबीर नामक युवक पर धारदार हथियार से हुए जानलेवा हमले के विरोध में व्यापारियों और वार्ड वासियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने मार्केट को हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया और एसडीएम गौरव पांडे को ज्ञापन सौंपा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्केट के कारण क्षेत्र में नशा और असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है। एसडीएम ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए 10 दिनों के भीतर अस्पताल की खंडहर बिल्डिंग को ध्वस्त करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों और फूड विक्रेताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। सूचना पर तुरंत पहुंची पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए दोनों पक्षों को अलग-अलग किया और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है तथा वार्ड वासियों ने फास्ट फूड बाजार पुनः खोलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मौके पर भवानी सेना नगर अध्यक्ष सोनू गुप्ता, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला, व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष अमन मदान, चेतन गंगवार, रोहित अरोड़ा, दिलीप गंगवार, सतीश गुप्ता, भरत अरोरा, अजहर जैदी, विजय सक्सेना, शिवम कश्यप, राजीव कुकरेजा, बॉबी गांधी, अंशुल गंगवार आदि मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी

**शक्तिफार्मः** नगर के सब्जी एवं मछली बाजार क्षेत्र में, अवैध कच्ची शराब के खिलाफ, पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। हालांकि भनक लगते ही तमाम कच्ची शराब कारोबारी, अपने-अपने ठिकानों पर ताला लगाकर फरार हो गए।

नगर के बीचो बीच एवं पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित सब्जी एवं मछली बाजार क्षेत्र में, छोटे-छोटे ढाबों एवं खोखो पर अवैध कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जाता है। विगत दिनों बैठक के दौरान अवैध कच्ची शराब कारोबार पर लगाम लगाए जाने की मांग की गई थी। इसके पश्चात चौकी पुलिस द्वारा सब्जी एवं मछली बाजार क्षेत्र में स्थित ढाबों एवं खोखो में छापेमारी अभियान चलाया गया, परंतु इससे पूर्व ही भनक लगते ही तमाम शराब कारोबारी फरार हो गए।


किच्छा में जन समस्याएं सुनते विधायक तिलक राज बेहड़।

## विधायक बेहड़ ने 'जन संवाद' में सुनीं समस्याएं

**किच्छा :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने आवास विकास स्थित कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान आर्थिक सहायता, सड़क–नाली निर्माण, पेयजल और विद्युत जैसी दर्जनों शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम अंजनिया और सेतुईया में हुए अग्निकांड के पीड़ितों को विधायक ने तहसील प्रशासन से वार्ता कर जल्द आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। नगर के विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर विधायक ने अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। बेहड़ ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, गुलशन सिंधी, मेजर सिंह, एन यू खान, गौरव बेहड़, गौरव चावला, कुलदीप सिंह लक्की आदि मौजूद रहे।

## थारू-गैर थारू भूमि विवाद का समाधान किया जाए : ऐरी

**खटीमाः** उत्तराखंड क्रांति दल के शीर्ष नेता काशी सिंह ऐरी ने कहा कि गैर थारू परिवारों को काबिज भूमि पर भू स्वामित्व के अधिकार से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि रोक हटाई जाती तो जमीन विक्रेता को उसकी जमीन का उचित मूल्य मिलता। प्रदेश की पूर्व की सरकारों ने इस भूमि विवाद को सुलझाने की जहमत नहीं उठाई। जिसके चलते आए दिन भूमि विवाद के मामले उठते हैं। उक्रांद नेता काशी सिंह ऐरी ने बग्घा 54 के पूर्व सैनिकों एवं यहां बसे अन्य किसानों की समस्या पर चर्चा की और कहा कि न्यायालय की आड़ में बग्घा वासियों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने वर्षों से यहां बसे किसानों को वन भूमि के नियमों में शिथिलता बरतते हुये भूमि धरी अधिकार दिलाने की मांग की। उक्रांद नेता ने तहसील क्षेत्र में घोषित पूर्व सैनिक तथा अन्य राज्य आंदोलनकारियों को दोहरी पेंशन के लाभ से वंचित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने पुनः पेंशन का लाभ देने व चिन्हीकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हीकरण समिति गठित कर वर्षों से लंबित आवेदनों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम सिंह धामी, धन बहादुर चंद, गोविंद सिंह बिष्ट, कैलाश भट्ट, विनोद राजपूत मौजूद रहे।

## कुपोषण के विरुद्ध मिलेट्स की भूमिका पर दिया जोर

**पंतनगर :** सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एआईसीआरपी (महिला कृषि) के तत्वावधान में दो दिवसीय ''मिलेट्स'' प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डीन डॉ. अल्का गोयल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुपोषण के विरुद्ध मिलेट्स (श्रीअन्न) की भूमिका पर जोर दिया। प्रशिक्षण के पहले दिन महिलाओं को मातृ पोषण हेतु मिलेट्स के लाभ बताकर मिलेट केक बनाना सिखाया गया। दूसरे दिन किशोरियों को एनीमिया रोकथाम के लिए रागी चॉकलेट बनाने की विधि का प्रदर्शन किया गया। डॉ. संज्ञा सिंह और भाब्या के संचालन में हुए इस सत्र में वीडियो और कहानियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई गई। इस दौरान डॉ. मनीषा गहलोत और डॉ. सीमा क्वात्रा सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।




# माहौल बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई हो

संवाददाता, सितारगंज


एसडीएम को ज्ञापन देते भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर के सांप्रदायिक सौहार्द को बचाने और यातायात बाधित करने के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई चर्चा में रही। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने जहां एक ओर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की, वहीं दूसरी ओर पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने के आरोप में उन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने एसडीएम रविंद्र जुवांठा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सितारगंज में सभी धर्मों के लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं, लेकिन कुछ लोग जातिवाद फैलाकर यहां का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इस दौरान उनके साथ जितेंद्र, अजय कुमार, फरमान और मोहम्मद यासीन सहित कई लोग मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर, कानून व्यवस्था और यातायात बाधित करने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एसआई ललित चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने सत्येंद्र कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, सत्येंद्र कुमार ने 10-15 अन्य लोगों के साथ पीपल चौराहे पर बिना अनुमति के धरना-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के कारण सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध हो गया और करीब 10 मिनट तक शहर का यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## डॉ. केसरवानी ने निभाई निर्णायक की भूमिका

**पंतनगरः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के डॉ. अमित केसरवानी ने महाराष्ट्र के 18वें अंतर-विश्वविद्यालयी अनुसंधान सम्मेलन 'आविष्कार-2026' में बतौर निर्णायक सहभागिता की। परभणी स्थित वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय में 28-31 जनवरी तक आयोजित इस भव्य सम्मेलन में 26 विश्वविद्यालयों के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने शोध प्रदर्शित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. एके सिंह (पूर्व निदेशक, आईसीएआर) और प्रगतिशील किसान पद्मश्री डॉ. श्रीरंग लाड रहे। डॉ. केसरवानी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे गर्व का क्षण बताया। उनकी यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के नेतृत्व को रेखांकित करती है।



## सिटी ब्रीफ

### स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**काशीपुर :** 36 वां सड़क सुरक्षा माह के अभियान के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज काशीपुर में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान पुलिस आपके द्वार के तहत विद्यार्थियों को गुड टच व बेड टच, साइबर संबंधित अपराध, नशा मुक्ति, डायल 112, उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति एप के बारे में लाभप्रद जानकारी दी गई। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, चौकी इंचार्ज कटोराताल कौशल भाकुनी, महिला उपनिरीक्षक बीना पपोला, इंदु, वंदना, प्रेम कनवाल मौजूद रहे।

### घर में घुसकर अश्लील हरकतें करने का आरोप

**बाजपुर :** कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति पर घर में घुसकर अश्लीलता करने व नाबालिग को उठाने व दुष्कर्म की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसमें पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव निवासी व्यक्ति पर घर में घुसकर उसके साथ अश्लीलता करने , विरोध करने पर पुत्री को उठाकर ले जाने का प्रयास करने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। तहरीर में अपनी व पुत्री को जानमाल का खतरा होने की बता कही गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### टायर रिपेयर की दुकान में लगी आग

**जसपुर :** टायर रिपेयर की दुकान में देर रात आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। पतरामपुर रोड स्थित ट्रक यूनियन के पास वसीम अहमद की टायर रिपेयर की एक दुकान में रविवार की देर रात आग लग गई। दुकान में आग लगती देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग लगने की सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में फायर कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर तत्काल कार्यवाही शुरू की। अग्निशमन टीम ने दुकान में रखे सिलेंडर और कंप्रेशर को सुरक्षित रखते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान सहोता पेपर मिल की फायर टेंडर की भी मदद ली गई।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के कौशल एवं दक्षताओं को सुदृढ़ करने का उद्देश्य, सहयोग के लिए किया समझौता

# आईआईएम व आईसीएआई मिलकर करेंगे कौशल विकास

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर (आईआईएम) और भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के कौशल एवं दक्षताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।


काशीपुर के आईआईएम में एमओयू में दिखाते अधिकारी। ● अमृत विचार

समझौता ज्ञापन में आईआईएम की ओर से प्रो. नीरज द्विवेदी निदेशक तथा आईसीएआई की ओर से सचिव सीए डॉ. जय कुमार बत्रा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता व्यावसायिक कौशल संवर्धन पर केंद्रित अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रिफ्रेशर कोर्स, सेमिनार, कार्यशालाओं तथा अनुसंधान उन्मुख पहलों के डिजाइन एवं संचालन के लिए आपसी सहयोग की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

इसके तहत आईआईएम काशीपुर, आईसीएआई के परामर्श से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए सहयोगात्मक कार्यक्रमों का डिजाइन एवं संचालन करेगा। जिनमें व्यावहारिक केस स्टडीज, वर्तमान बाजार दृष्टिकोण पर आधारित व्याख्यान तथा परिदृश्य निर्माण पद्धतियों पर विशेष बल दिया जाएगा। वहीं आईसीएआई अपने आधिकारिक संचार माध्यमों, डिजिटल प्लेटफार्म और प्रकाशनों के माध्यम से इन कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार एवं आउटरीच में सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। आईआईएम काशीपुर के निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और विश्वास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए आईआईएम के डीन (विकास) प्रो. कुनाल के. गांगुली ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन लेखांकन पेशे की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप सुव्यवस्थित और व्यवहार-आधारित कार्यक्रमों के विकास के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। यह सहयोग आईआईएम काशीपुर और आईसीएआई की उस साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत वे व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ करने, उद्योग-प्रासंगिक कौशल विकसित करने तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच सतत अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर डॉ. संबित कुमार मिश्रा उप निदेशक आईसीएआई, प्रो. केएन बढ़ानी आदि मौजूद रहे।

# चेक बाउंस में दोषी को छह माह की सजा मिली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत ने चेक बाउंस के एक दोषी को 6 माह के कारावास तथा 8.10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

ढकिया नं. 1, काशीपुर निवासी राहीलाल ने 20 फरवरी 2016 में न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसने ग्राम शिव नगर, ढकिया नं. 1, काशीपुर निवासी दीवान सिंह को जुलाई 2015 में 6 लाख 50 हजार रुपये, तीन महीने के लिए उधार दिये थे। जब उसने अपने पैसे मांगे, तो दीवान सिंह ने उसे 2.50 लाख व 4 लाख रुपये के दो चेक दिए, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गये। राहीलाल के अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार चौहान ने अदालत से दोगुनी रकम दिलाए जाने की मांग की। वहीं, दीवान सिंह ने अदालत में कहा कि वह राहीलाल के यहां 10 हजार रुपये की कमेटी चलाता था, जिसके बदले में उसने 1 लाख 20 हजार रुपये कमेटी के उठाए थे और बदले में सिक्योरिटी के रूप में दो ब्लैंक चेक हस्ताक्षर कर दिये थे। लेकिन दीवान सिंह इस कथन के बदले में कोई भी दस्तावेज सबूत के रूप में अदालत में प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर विनीत कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने राहीलाल के वकील वीरेंद्र कुमार चौहान की दलील और तर्कों से संतुष्ट होकर दीवान सिंह को 6 माह के साधारण कारावास तथा 8.40 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में गरजीं भोजन माताएं

### शहर में रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय में किया प्रदर्शन, 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए शासन-प्रशासन को चेतावनी दी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** अपनी लंबित मांगों और विभागीय अनदेखी से आक्रोशित भोजन माताओं ने सोमवार को प्रगतिशील भोजनमाता यूनियन के बैनर तले राज्यव्यापी हड़ताल के तहत रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। भोजन माता संगठन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगी।



काशीपुर में एसडीएम कार्यालय कूच करतीं भोजन माताएं।


रुद्रपुर में सीईओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करतीं भोजन माताएं।

सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचीं भोजन माताओं ने कहा कि वे लंबे समय से जिला और खंड स्तर पर अधिकारियों को पत्र दे रही हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन द्वारा घोषित मानदेय भी अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिसके चलते वे भारी आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के दौर से गुजर रही हैं। ज्ञापन में भोजन माताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भोजन बनाने के अलावा उनसे स्कूलों में सफाई, माली और चौकीदारी जैसे चतुर्थ श्रेणी के कार्य जबरन कराए जा रहे हैं। सरकारी जीओ के अनुसार उनका कार्य समय मात्र 3 घंटे तय है, लेकिन उनसे स्कूल खुलने से लेकर बंद होने तक काम लिया जा रहा है। उन्होंने घोषित मानदेय को तत्काल लागू करने और उसमें सम्मानजनक वृद्धि करने, भोजन माताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिये जाने, नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाने, छात्र संख्या कम होने पर भोजन माता को सेवा से हटाने वाले जीओ को रद्द करने, सेवानिवृत्ति पर जीवन यापन के लिए सम्मानजनक एकमुश्त राशि का भुगतान करने, अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा बनाए जाने वाले खाने पर रोक लगाने की मांग की। भोजन माताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

इस मौके पर बबीता, सविता, शारदा, गीता, रेखा, हेमलता, संगीता, पूजा, मंजू देवी, शबाना, सरोज, शकुंतला, कौशल्या, बीना देवी आदि मौजूद रहे।

### मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर भोजन माताओं का प्रदर्शन

**रुद्रपुर :** दस सूत्रीय मुद्दा उठाते हुए प्रगतिशील भोजन माता संगठन ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। आगाह किया कि यदि जल्द ही शासन-प्रशासन ने कोई समाधान नहीं किया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू होगा। सोमवार को बड़ी संख्या में भोजन माता सीईओ कार्यालय पर एकत्रित हुई और धरना प्रदर्शन कर सभा की। उनका कहना था कि पिछले लंबे समय से भोजन माता चार श्रमिक कोड रद्द करने, पांच हजार घोषित मानदेय शीघ्र लागू करने, भोजन माताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने, पीएफ-ईएसआई व मातृत्व अवकाश लागू हो, अक्षय फाउंडेशन द्वारा बनाए जा रहे खाने पर रोक लगाने, भोजन माताओं को स्थाई करते हुए स्कूलों में हो रहे शोषण को बंद करने की मांग की। इसे अलावा निकाली गई भोजन माताओं के शीघ्र कार्यबहाली का आदेश जारी करने, कम विद्यार्थियों की संख्या में भोजन माताओं को निकालने पर रोक और क्लस्टर योजना तत्काल रद्द करने का मुद्दा उठाया जा रहा है, लेकिन अभी तक शासन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने आगाह किया कि यदि सरकार ने मांगे पर गौर नहीं किया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा। इस मौके पर पूनम देवी, सुनीता देवी, दीपा भट्ट, हंसी देवी, यशोदा देवी, प्रमिला देवी, सुमन शर्मा, कलावती, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा

**जसपुरः** ब्लॉक के तीनों मंडल अध्यक्षों ने अपने मोर्चा अध्यक्षों समेत सभी मोर्चो के अध्यक्ष नियुक्त किए हैं।

नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अमित बग्गा को युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाया है। जबकि शीला कश्यप को महिला मोर्चा, अशोक कुमार किसान मोर्चा, पदम सिंह ओबीसी मोर्चा, अभिषेक सागर एससी मोर्चा, मो. समीर राजा को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाया है। वहीं महुआडाबरा मंडल अध्यक्ष मनप्रीत लाडी ने गौरव कश्यप को युवा मोर्चा अध्यक्ष, सुधा गोस्वामी को महिला मोर्चा, जितेंद्र सिंह को किसान मोर्चा, प्रमोद सैनी को ओबीसी मोर्चा, विनोद कुमार को एससी मोर्चा, शरीफ खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाया है। इसी तरह भरतपुर मेघावाला मंडल के अध्यक्ष राजकुमार गुंबर ने देवेंद्र सिंह को युवा मोर्चा अध्यक्ष, अंजली को महिला मोर्चा, सुरेंद्र सिंह लवली को किसान मोर्चा, सुनील कश्यप को ओबीसी मोर्चा, शुभम आर्य को एससी मोर्चा, आरिफ अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाया है।

### गन्ना पर्यवेक्षक संघ की जोनल इकाई का गठन

**जसपुरः** गन्ना विकास परिषद नादेही में विनोद कुमार प्रांतीय कोषाध्यक्ष उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ की अध्यक्षता में उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ की जोनल इकाई नादेही की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में निर्विरोध चुनाव करते हुए नरेंद्र सिंह को अध्यक्ष, विनेश कुमार को मंत्री एवं प्रियंका बधानी को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद कार्यकारिणी की बैठक की गई।

कार्यकारिणी की बैठक में विगत वर्षों के सर्वेक्षण सहायक के भुगतान एवं कार्यालय में बैठने के लिये उचित व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की गई। इन विषयों को ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नादेही एवं जीएम/सचिव चीनी मिल नादेही के समक्ष रखने पर विचार किया गया।



काशीपुर में किसानों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

### गन्ने की बुवाई को प्रोत्साहित करने का किया आह्वान

**काशीपुर :** गन्ना विकास विभाग की ओर से कचनाल गोसाई गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर गन्ने की बुवाई को प्रोत्साहित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान के बदलाव के रूप में किसानों को बसंत कालीन गन्ने की बुवाई को प्रोत्साहित करना चाहिए। ग्रीष्मकालीन धान पर जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है। ग्रीष्मकालीन धान पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं है। इसके कारण जल स्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में किसानों को उसके स्थान पर गन्ने की खेती करनी चाहिए। दरअसल, गन्ने की फसल ग्रीष्मकालीन धान का एक उत्तम विकल्प है। इसकी बुवाई के लिए विभाग की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में एससीडीआई बीके चौधरी, राजेश कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### आठ छात्र-छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति

**काशीपुरः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर के आठ छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के दम पर छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

16 दिसंबर को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति एवं डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति, श्रीदेव सुमन परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें राउमावि मानपुर के 29 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। रविवार को इसका परिणाम घोषित हो गया है। इसमें साधनहीन विद्यालय मानपुर की छात्रा गुंजन ने ब्लॉक में सबसे अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम और शौर्य भारती ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसके अलावा विद्यालय के छात्र अंश, दिव्यांशु, अमित कुमार, छात्रा सृष्टि, प्रियांशी, बुलबुल ने भी परीक्षा पास कर छात्रवृत्ति के लिए जगह पक्की कर ली है।

# रात में चाय पीने निकला था युवक तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से मौत

संवाददाता, काशीपुर

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

**अमृत विचारः** तेज रफ्तार एक वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक फैक्ट्री में कार्यरत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


संदीप। (फाइल फोटो)

हल्द्वानी के पोस्ट-अर्जुनपुर हैडा गजर डी-क्लास निवासी संदीप पंत (31) पुत्र गणेश चंद्र पंत यहां महुआखेड़ा गंज के ग्राम कटैय्या स्थित क्रॉस बॉड प्लाईवुड में बॉयलर इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। वह यहां फैक्ट्री परिसर में बने क्वाटर में रहते थे।

बीते रविवार की रात वह अपनी फैक्ट्री के ही साथी चंदन बिष्ट (27) निवासी जौलजीवी के साथ चाय पीने महुआखेड़ागंज चौराहे पर बाइक से आए थे। बताया जा रहा है कि संदीप पंत व चंदन बिष्ट दोनों बाइक से फैक्ट्री लौट रहे थे। इसी दौरान रात लगभग साढ़े दस बजे एक तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर पहुंचे फैक्ट्री कर्मी दोनों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने संदीप पंत को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल चंदन बिष्ट को आईसीयू में भर्ती कर लिया।

वहीं सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक संदीप के पिता गणेश चंद्र पंत ने बताया कि बीते रविवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे उनकी मोबाइल पर बात हुई थी। उसके बाद रात में कई बार फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। रात लगभग डेढ़ बजे फैक्ट्री की ओर से उन्हें घटना की जानकारी मिली। बताया उनका बेटा अविवाहित था। वह अपने पीछे दो बहन दीपिका (28) व कोमल (22) माता ललिता पंत व पिता को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

### कथित पत्रकार ने रंगदारी मांगी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुरः** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक ने एक तथाकथित पत्रकार व उसके साथी पर उसके खिलाफ खबर चलाकर उसकी छवि धूमिल करने व खबर हटाने के नाम पर 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी व उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मामले का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

कुंडा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एसबीआई शाखा कुंडा की प्रबंधक सुमन सिंह ने बताया कि कथित पत्रकार हिमांशु ठाकुर और हरियावाला निवासी उमेश कुमार ने साजिश के तहत एक गलत और मान हानिकारक वीडियो अपने फेसबुक चैनल पर वायरल किया।

# काशीपुर में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** द्रोणासागर टीले पर वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया है। वन विभाग ने तेंदुए को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है।

बाजपुर रोड स्थित ऐतिहासिक तीर्थ द्रोणासागर परिसर से सटे गोविषाण टीला क्षेत्र पर बीते लगभग 4-5 साल से तेंदुओं का आतंक बना हुआ था। तब क्षेत्र के पार्षद अनिल कुमार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारी रंजीत सिंह बिष्ट की मांग पर वन विभाग ने टीला परिसर क्षेत्र में पिंजरा लगाया था।

सर्वेक्षण विभाग के कर्मचारी रंजीत ने बताया उन्होंने रविवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे गश्त के दौरान दो तेंदुओं के शावक को बैठे हुए देखा था। सोमवार सुबह टीला से तेंदुए के दहाड़ने की आवाज आने पर सुबह लगभग छह बजे जाकर देखा तो पिंजरे में एक तेंदुआ कैद था। तब उन्होंने क्षेत्र के पार्षद अनिल कुमार व वन विभाग के रेंजर देवेंद्र सिंह रजवार को सूचना दी।


टीला क्षेत्र में पकड़ा गया तेंदुआ।


साईं विहार कॉलोनी में बैठा गुलदार।

### साईं विहार कॉलोनी में गुलदार की दस्तक

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी रोड स्थित साईं विहार कॉलोनी में तड़के बाउंड्री की दीवार पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। यह नजारा देख लोगों के होश उड़ गए। सांई विहार कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार सुबह जब कॉलोनी के लोग सुबह छह बजे मार्निंग वॉक पर निकले तो सामने बाउंड्री वॉल पर गुलदार बैठा देख सभी स्तब्ध रह गए। लोग दबे पैर अपने घरों को वापस चले गए। वहीं, गुलदार भी दीवार फांद कर झाड़ियों में चला गया। कॉलोनी निवासी बैंक कर्मी शिवओम वर्मा ने बताया कि सुबह लोगों ने सड़क पर टहलते समय बाउंड्री वॉल में गुलदार बैठा देखा।


ग्राम हरसान में कार्यक्रम को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

### नेता प्रतिपक्ष ने मार्ग निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया

**बाजपुर :** नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में कुल एक करोड़ 18 लाख 52 हजार रुपये की लागत से मार्ग निर्माण कार्यों का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। ग्राम सभा हरसान में डोवाल फार्म मार्ग का 90 लाख 34 हजार रुपये की लागत से शिलान्यास किया गया। वहीं रेंटा-सिहाली संपर्क मार्ग का 28 लाख 16 हजार रुपये की धनराशि से शिलान्यास किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात यशपाल आर्य ग्राम हरिपुरा स्थित देवी मंदिर में आयोजित देवी भागवत महापुराण कथा में पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर विकास के लिए 7 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र डोवाल, जिला पंचायत सदस्य पति जसपाल सिंह बिल्लू मौजूद रहे।

### पार्किंग समस्या पर भवानी सेना मुखर

**किच्छाः** नगर की चरमराती यातायात व्यवस्था और पार्किंग की कमी को लेकर भवानी सेना संगठन ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रदीप शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। नगर प्रमुख सोनू गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मांग की कि इंदिरा गांधी खेल मैदान के एक हिस्से को अस्थाई पार्किंग के रूप में विकसित किया जाए। संगठन का तर्क है कि तहसील, अस्पताल और कोतवाली जैसे महत्वपूर्ण संस्थान एक ही मार्ग पर होने के कारण वाहनों के जमावड़े से हमेशा जाम लगा रहता है, जिससे एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी बाधित होती हैं। खेल मैदान में पार्किंग बनने से न केवल यातायात सुगम होगा और अतिक्रमण से निजात मिलेगी, बल्कि मैदान में डेरा डाले रहने वाले नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों पर भी लगाम लगेगी।


चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह। ● अमृत विचार

### पीएम आवास के लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**सितारगंज :** नगर पालिका सितारगंज में पीएम आवास योजना शहरी 2 .0 के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सोमवार को पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने पीएम आवास योजना शहरी 2 .0 के लिए चयनित 63 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना पक्का मकान हो। पीएम आवास योजना से सरकार इस सपने को साकार कर रही है। ईओ प्रतिभा कोहली ने बताया कि विभागीय जांच के बाद 63 लाभार्थियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि आवास निर्माण करने के लिए लाभार्थियों को प्रथम किस्त जारी कर दी है। इस मौके पर एलडीसी अमित गंगवार, राजस्व निरीक्षक राजेश अरोड़ा, सुभाष सिंह, करन सिंह, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे। अमृत विचार

**ब्रीफ न्यूज**

### बनबसा में माघी खिचड़ी का आयोजन

**बनबसा :** सद्भावना योग साथी ग्रुप द्वारा सोमवार को मिनी स्टेडियम बनबसा में माघ माह की महा खिचड़ी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ जीजीआईसी इंटर कॉलेज की छात्राओं तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में ललित वर्मा, जनक चंद, पवन कापड़ी, भरत सिंह भंडारी, दीपू रौतेला, मदन बोरा, दिनेश गड़कोटी, मीना उनियाल और किरण वर्मा सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

### एनडीपीएस के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बनबसा :** पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अमरीक सिंह उर्फ संजू पुत्र बलविंदर सिंह, निवासी ग्राम विडौरा मझौला, थाना नानकमत्ता, जनपद ऊधमसिंहनगर, उम्र 25 वर्ष को चीकाघाट पुल के पास, थाना सितारगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# सुनीं शिकायतें-किया समाधान, दिया सम्मान

## ताड़ीखेत के बिल्लेख में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचार:** जनपद अल्मोड़ा के विकासखंड ताड़ीखेत अंतर्गत न्याय पंचायत बिल्लेख में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर मौके पर ही सेवाएं प्रदान की गईं।

इस दौरान कुल 1123 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 468 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 248 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में जाति, आय, निवास सहित विभिन्न प्रमाणपत्रों के लिए 77 आवेदन पत्र भरवाए गए तथा नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। शिविर में विधायक रानीखेत प्रमोद नैनवाल एवं संयुक्त



बिल्लेख में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभागियों को सम्मानित करते अधिकारी।

**1123** लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात ने उपस्थित होकर जनसमस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उधर, विकासखंड सल्ट की न्याय पंचायत क्वैराला में भी बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित शिविर में उपजिलाधिकारी रिंकू बिष्ट ने लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त 276 में से 240 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया।

# जनता दरबार में 19 शिकायतें दर्ज, शीघ्र समाधान के निर्देश

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

जनता दरबार में कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन, ई-ऑफिस और जन समर्पण पोर्टल की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन पर लंबे समय से लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को समयबद्ध निर्देश दिए गए। सभी विभागों को अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली संचालित करने तथा भविष्य में सभी फाइलें केवल ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, जल निगम के अधिशासी अभियंता वीके रवि, जल संस्थान के दीनदयाल टम्टा, लोक निर्माण विभाग के संजय पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी जीबी पांडे, समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी के आरोपी। ● अमृत विचार

# बैंक लोन और फाइनेंस धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** बागेश्वर पुलिस ने बैंक लोन और मोबाइल फाइनेंस धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों ने एक महिला के आधार और पैन कार्ड में एडिटिंग कर डीएमजे फाइनेंस के माध्यम से सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन खरीद लिया था।

पुलिस उपाधीक्षक जी.एल. साह ने बताया कि गुरूड़ की निवासी वरिजा त्रिपाठी ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनके आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर बिना उनकी अनुमति के एक महंगा मोबाइल फोन ले लिया, जिससे उनका सिविल स्कोर खराब हो गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक मनोहर चंद्र को सौंपी। जांच के दौरान देहरादून के यमुनोत्री एन्क्लेव निवासी अंकित कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह तथा सहारनपुर के ककराला, नकुड़ निवासी जॉनी पुत्र बलवंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक मनोहर चंद्र तथा कांस्टेबल इमरान और राजेंद्र सिंह शामिल थे।

# एक छात्र के जिम्मे तीन परिवारों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी होगी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से फैमली एडॉप्शन स्कीम शुरू का आगाज हो गया है। इसकी शुरुआत हवालबाग विकासखंड के ग्राम पंचायत अथरबनी से की गई है। जहां एक छात्र के जिम्मे पर तीन परिवार के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी होगी।

अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से अथरबनी गांव में फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी के मानकों के अनुरूप हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य एमबीबीएस के 50 छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य व्यवस्था



अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज ने अथरबनी में फैमली एडॉप्शन स्कीम शुरू की गई।

से जोड़ते हुए उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

प्राचार्य डॉ. सीपी भैसोड़ा और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रो डॉ. मसरूफ हसन के निर्देशन में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने गांव के परिवारों को गोद लेकर उनका स्वास्थ्य एवं सामाजिक सर्वेक्षण किया। प्रत्येक विद्यार्थी ने तीन परिवारों को गोद लिया। ताकि वे परिवारों की स्वास्थ्य स्थिति, स्वच्छता, जीवनशैली और आवश्यकताओं को समझते हुए उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया जा सके। इस मौके पर यहां ग्राम प्रधान विनोद जोशी, नरेश कुमार आगरी, दीप चंद्र, मोहम्मद इकबाल आदि मौजूद रहे।

# देवभूमि में टीचर्स सेल्फ केयर टीम की शुरुआत

**संवाददाता, बैरती**

**अमृत विचार:** सेवाकाल के दौरान गंभीर बीमारी अथवा असमय निधन की स्थिति में शिक्षकों के परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवभूमि उत्तराखंड में टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) का गठन किया गया है। यह पहल पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से प्रेरित होकर शुरू की गई है, जहाँ इस टीम से लगभग चार लाख सदस्य जुड़े हैं और सदस्य के निधन पर नामित व्यक्ति को 50 लाख रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है।

उत्तराखंड में टीचर्स सेल्फ केयर टीम की विधिवत शुरुआत 14 दिसंबर 2025 को डायट रुड़की में की गई। इस अवसर पर टीएससीटी उत्तर प्रदेश के संस्थापक एवं अध्यक्ष विवेकानंद, उत्तराखंड प्रभारी सुमन भटोनिया, प्रभारी विपुल मिश्रा, सहप्रभारी सुधीश पाराशर, संजय सहगल, डायट प्राचार्य मेहराज अहमद तथा संजय वत्स उपस्थित रहे। इसके बाद 26 दिसंबर 2025 को संस्था की आधिकारिक वेबसाइट www.tsctuk.com लॉन्च की गई। मात्र एक माह में संस्था की सदस्य संख्या एक हजार से अधिक हो चुकी है, जिसमें सर्वाधिक 450 सदस्य अल्मोड़ा जनपद से जुड़े हैं। यह उपलब्धि टीएससीटी अल्मोड़ा टीम के प्रयासों का परिणाम है। संस्था का संचालन पूर्णतः शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की स्वैच्छिक सहभागिता से किया जा रहा है। शिक्षकों के इस अनुकरणीय प्रयास की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

# भूल्यूड़ा में सड़क का काम शुरू न होने पर भड़के लोग, प्रदर्शन किया

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** सब्जी उत्पादक गांव भूल्यूड़ा तक प्रस्तावित तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण पिछले पांच वर्षों से लंबित पड़ा है। मामले को लेकर सोमवार को ग्रामीण लोनिवि कार्यालय पहुंचे। विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण खंड लोनिवि द्वारा अब तक सड़क का निर्माण नहीं किए जाने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने दर्जनों बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन हर बार विभाग की ओर से केवल आश्वासन ही मिले, धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के अभाव में सब्जियों को मंडी तक पहुंचाने



लोनिवि कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में ग्रामीणों के विरोध के कारण कार्य को रोकना पड़ा था। इसके बाद मोटर मार्ग का पुनः सर्वे कराया गया, लेकिन वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित होने के कारण मामला अटका हुआ है। प्रदर्शन करने वालों में विनय किरौला, जीवन सिंह बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट, सूरज सिंह बिष्ट, गौरव सिंह बिष्ट, सागर सिंह बिष्ट, विजय सिंह बिष्ट, संजय कुमार, विजय खमपा, जमन सिंह बिष्ट, कमल बिष्ट, सागर सिंह बिष्ट, सुजीत कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



लाभार्थियों को सम्मानित करती भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर। ● अमृत विचार

### टनकपुर में 365 निर्माण श्रमिकों को बांटे टूल किट

**टनकपुर :** यहां गांधी मैदान में श्रम विभाग, चम्पावत द्वारा उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 365 पंजीकृत श्रमिक लाभार्थियों को कंबल, छाता एवं टूल किट वितरित किए गए। यह सहायता श्रमिकों को दैनिक कार्य में सहूलियत प्रदान करने के साथ-साथ मौसम की चुनौतियों से राहत देने में भी सहायक सिद्ध होगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर द्वारा लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वॉलंटियर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों को विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। यह पहल निर्माण श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हुई है, जिससे उन्हें सुरक्षा, सुविधा और सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित हो रहा है।

# बैंकों पर ऋण देने में उत्पीड़न का आरोप

**बागेश्वर:** संघर्ष वाहिनी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए बैंकों पर बेरोजगारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि कुछ बैंक बेरोजगारों को ऋण देने में तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं और उन्हें अपमानित भी किया जा रहा है।

संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में सदस्यों ने सोमवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण लेने के लिए बैंकों द्वारा अनावश्यक प्रपत्र और जमानत की मांग की जा रही है, जबकि योजना में इसकी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक महिला संगीता देवी को यह कहकर ऋण देने से मना कर दिया गया कि उनका सिविल स्कोर कम है।

# तकनीकी शिक्षा में प्रभावी शिक्षण योजना होना भी जरूरी: प्रो. सिंह

- **बीटीकेआईटी में आयोजित हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम**
- **शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने आदि विषयों पर हुई चर्चा**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** बिपिन त्रिपाठी कुमाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को इंस्ट्रक्शनल प्लानिंग एंड डिलीवरी विषय पर आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने आदि को लेकर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. आरके सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा केवल



द्वाराहाट के बीटीकेआईटी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण में मौजूद लोग।

विषय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावी शिक्षण योजना, नवाचारपूर्ण अध्यापन विधियां, विद्यार्थी मनोविज्ञान की समझ और आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों को अपनाना भी आवश्यक हो गया है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह शिक्षण को रोचक, सहभागी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए सक्रिय अधिगम पद्धतियों का उपयोग करें। निदेशक, बीटीकेआईटी प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संकाय सदस्यों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान की ओर से गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के लिए निरंतर शैक्षणिक प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। यहां डॉ. आरके भारती, प्रो. एबी गुप्ता, डॉ. श्वेता रावत आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में सोमवार को स्व. राम सिंह धौनी ट्रस्ट की बैठक में मौजूद सदस्य।

### लमगड़ा मोटर मार्ग को स्व. धौनी के नाम पर रखने की मांग

**अल्मोड़ा :** स्व. राम सिंह धौनी ट्रस्ट की सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में राम सिंह धौनी की जयंती कार्यक्रम को लेकर चर्चा के साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार दयाकृष्ण कांडपाल को संस्था का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। नगर के धारानौला में आयोजित बैठक में संस्था के सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रमों के लेकर चर्चा की। इस दौरान तय किया गया कि आगामी 24 फरवरी को स्व. राम सिंह धौनी की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। साथ ही विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएगी। वहीं, बैठक में सदस्यों ने अल्मोड़ा-लमगड़ा मोटर मार्ग का नाम स्व. धौनी के नाम पर रखे जाने की मांग उठाई। इधर, संस्था की नई कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष के साथ ही डा. लक्ष्मण सिंह को संरक्षक, बलवंत सिंह बिष्ट को कार्यकारीण उपाध्यक्ष, अरविंद बिष्ट को सह सचिव, पंकज टम्टा को उपसचिव, गोपाल सिंह नयाल को प्रचार मंत्री और बीना गैड़ा को सदस्य चुना गया। यहां बैठक में भूपेंद्र नेगी, पंकज कुमार, हयात सिंह गैड़ा, बीपी तिवारी, भगवती परिहार, हरिता नेगी समेत अन्य मौजूद रहे।

**शब्द संसार** | दिल्ली स्थित गढ़वाल भवन में कुमाऊनी भाषा संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

# कुमाऊनी भाषा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विमर्श

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** कुमाऊनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से कुमाऊनी भाषा साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से 01 फरवरी को दिल्ली स्थित गढ़वाल भवन में कुमाऊनी भाषा संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊनी भाषा से जुड़े विविध सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर गंभीर और सार्थक विमर्श हुआ।

संगोष्ठी में कुमाऊनी भाषा एवं साहित्य, लोक-संस्कृति, पारंपरिक त्योहार, लोक-जागर, सामाजिक सरोकार, कुमाऊनी फिल्म विकास यात्रा, योग एवं धर्म से जुड़े कुमाऊनी लोकबोध जैसे विषयों



दिल्ली स्थित गढ़वाल भवन में साहित्यकार को सम्मानित करते अतिथि।

पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कवियों ने काव्य-पाठ के माध्यम से कुमाऊनी भाषा की संवेदनाओं, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक यथार्थ को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र रावत ने की, जबकि समिति के महासचिव राजू पाण्डेय ने कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन किया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह हाल्सी ने समिति के उद्देश्यों, कार्यकलापों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य कुमाऊनी भाषा और संस्कृति को पुष्पित एवं पल्लवित करना है।

उन्होंने बताया कि नए लेखकों और साहित्यकारों को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा तथा अगले चार वर्षों में 400 नए लेखकों और साहित्यकारों को समिति से जोड़ना समिति का प्रमुख लक्ष्य है। विभिन्न भाषा संगोष्ठियों एवं सेमिनारों के माध्यम से कुमाऊनी के प्रचार-प्रसार का कार्य लगातार किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर रावत (मुख्य स्थायी अधिवक्ता, उत्तराखंड सरकार) उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित कवियों एवं वार्ताकारों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर दंपति से मारपीट करने का आरोप

**अल्मोड़ा:** हवालबाग के पाटिया गांव में घर में घुसकर दंपति से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित दंपति ने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई हैं।

पाटिया गांव निवासी पप्पू लाल ने कहा कि गांव के एक ही परिवार के कई लोग उनके घर में रात के समय घुस आए। कुछ समझ पाते आरोपियों ने एकाएक पत्नी और उन पर एकाएक हमला कर दिया। पत्नी को बालों से पकडकर घसीटा गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके पर से फरार हो गए। बताया कि हमले में उनकी पत्नी को गंभीर चोटे आई है, वर्तमान में बेस अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपियों से जान को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है।

# 92 वर्षीय लक्ष्मण सिंह ने राष्ट्रीय गोला क्षेपण में जीता स्वर्ण पदक

- **राजस्थान में आयोजित प्रतियोगिता में लक्ष्मण सिंह ऐठानी का शानदार प्रदर्शन**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में अल्मोड़ा के 92 वर्षीय लक्ष्मण सिंह ऐठानी ने शानदार प्रदर्शन किया है। चैंपिशनशिप में उन्होंने एक स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। उनकी इस उपलब्धि पर लोगों ने खुशी जताई।

डे-केयर संस्था अल्मोड़ा के संरक्षक, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के सलाहकार और सीईओ के पद से सेवानिवृत्त लक्ष्मण सिंह ऐठानी



मेडल व प्रमाण पत्र के साथ अल्मोड़ा के लक्ष्मण सिंह ऐठानी।

राजस्थान में सातवीं राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के गोला क्षेपण इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो सौ मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, हेम चंद्र जोशी, डॉ. गोकुल रावत, चंद्र मणी भट्ट, एमसी काण्डपाल, आनंद सिंह बगडवाल, डॉ. जेसी दुर्गापाल, रीता दुर्गापाल, डॉ. अरुण पंत, गिरीश जोशी, गिरीश मल्होत्रा आदि ने सुखी जताई।

# अमृत विचार

मंगलवार, 3 फरवरी 2026






हमारी प्रत्येक कृति छेनी बनकर हमारा जीवन रूपी पत्थर गढ़ती है।

**-विनोबा भावे**, संत

## महत्वाकांक्षी बजट

यह बजट एक नियमित विशिष्ट वित्तीय दस्तावेज़ से कहीं अधिक व्यापक अर्थ रखता है। यह उस दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टि का हिस्सा है, जिसके केंद्र में 'विकसित भारत' का लक्ष्य है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्संतुलन, तकनीकी बदलावों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रस्तुत यह बजट संकेत देता है कि भारत केवल परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की नहीं, बल्कि उन्हें आकार देने की तैयारी में है। इस बजट की बुनियादी विशेषता इसका संतुलित राजकोषीय दर्शन है। सरकार ने एक ओर पूंजीगत व्यय को ऐतिहासिक स्तर पर बढ़ाकर 12.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया है, तो दूसरी ओर राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। यह संयोजन दर्शाता है कि विकास और अनुशासन को परस्पर पूरक तत्व के रूप में देखा जा रहा है।

एक दशक पूर्व लगभग दो लाख करोड़ रुपये के आसपास रहा पूंजीगत व्यय आज जिस स्तर पर पहुंचा है, वह अवसंरचना-आधारित विकास मॉडल के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता का संकेत है। अवसंरचना निवेश का उद्देश्य केवल सड़कों, जलमार्गों या लॉजिस्टिक्स गलियारों का विस्तार भर नहीं है, बल्कि भारत के आर्थिक भूगोल को पुनर्परिभाषित करना है। समर्पित माल ढुलाई गलियारे, राष्ट्रीय जलमार्ग और 'पूर्वोदय' जैसी परियोजनाएं उत्पादन, वितरण और निर्यात की लागत को कम कर प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती हैं। दीर्घकाल में यही निवेश निजी क्षेत्र के लिए गुणक प्रभाव उत्पन्न करेगा। विनिर्माण क्षेत्र में बजट का रुख स्पष्ट रूप से रणनीतिक आत्मनिर्भरता की ओर है। रक्षा विनिर्माण में आयात शुल्क में दी गई रियायतें घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ तकनीकी क्षमताओं के विकास का आधार बन सकती हैं। यह दृष्टिकोण आर्थिक नीति को सामरिक नीति से जोड़ने का संकेत देता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए प्रस्तावित त्रिपक्षीय रणनीति, विकास कोष, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नकदी प्रवाह सुगमता और छोटे शहरों में व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा रोज़गार सृजन की रीढ़ को मजबूत कर सकती है। सरकार विकास को केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रखना चाहती। सेवा और डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कर अवकाश, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं को प्रोत्साहन तथा चिकित्सा पर्यटन व आयुर्वेद के आधुनिकीकरण की योजनाएं भारत को वैश्विक डिजिटल और वेलनेस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में रणनीतिक कदम है। कृषि क्षेत्र में बजट की दृष्टि उत्पादन-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर पारिस्थितिकी-तंत्र निर्माण की ओर है। कृत्रिम मेधा आधारित पहल और उच्च मूल्य फसलों के लिए समर्पित मिशन किसानों को उद्यमी बनाने की संभावना रखते हैं।

यदि इन पहलों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, तो ग्रामीण आय और मूल्य संवर्धन दोनों में वृद्धि संभव है। हालांकि, किसी भी बजट की वास्तविक परीक्षा उसके क्रियान्वयन में निहित होती है। पूंजीगत व्यय का समयबद्ध निष्पादन, राज्यों के साथ सहकारी संघवाद और नियामकीय प्रक्रियाओं का सरलीकरण इसकी सफलता की शर्तें होंगी, इन्हें सुसंगत रूप से धरातल पर उतारना आवश्यक है।

### प्रसंगवश

## डीप फेक का निशाना बनते चर्चित लोग

डीप फेक तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग ने डिजिटल दुनिया में एक नई और गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के ज़रिये तैयार किए जा रहे फर्जी वीडियो और ऑडियो अब इतने वास्तविक लगते हैं कि आम व्यक्ति के लिए सच और झूठ में अंतर कर पाना लगातार कठिन होता जा रहा है। हाल के दिनों में इस तकनीक का इस्तेमाल कर देश-दुनिया की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को निशाना बनाया गया है, जिससे न केवल उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है, बल्कि आम लोगों को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ी है।

हाल ही में राज्यसभा सांसद, प्रसिद्ध लेखिका और समाजसेवी सुधा मूर्ति भी डीप फेक का शिकार हुई हैं। उनकी आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर बनाए गए फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें उन्हें विभिन्न वित्तीय योजनाओं का प्रचार करते हुए दिखाया गया। इन वीडियो ने देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी पहुंच बना ली, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई।




धनीश शर्मा

लेखक


इन घटनाओं के बीच सुधा मूर्ति स्वयं सामने आईं और इन वीडियो को पूरी तरह फर्जी बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंटरनेट पर उनकी आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर बनाए जा रहे सभी वीडियो तकनीक के दुरुपयोग का परिणाम हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे किसी भी विज्ञापन या संदेश पर भरोसा न करें और सतर्क रहें। उनका कहना था कि वे कभी भी किसी निवेश योजना या पैसों से जुड़े प्रचार का हिस्सा नहीं रही हैं।

वहीं फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके नाम से दो-तीन वीडियो तेज़ी से वायरल होते रहे, जिनमें यह दावा किया गया कि यदि कोई व्यक्ति 200 डॉलर या 20,000 रुपये का निवेश करता है, तो उसे दस गुना तक रिटर्न मिलेगा। सुधा मूर्ति ने इन दावों को पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के लालच भरे संदेशों का उद्देश्य केवल लोगों को ठगना है। सुधा मूर्ति इन्फ़ोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं और इन्फ़ोसिस फ़ाउंडेशन की संस्थापिका रही हैं। कॉरपोरेट जगत के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

डीप फेक केवल किसी एक व्यक्ति या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत में इससे पहले भी कई नामचीन हस्तियां इसका शिकार हो चुकी हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीप फेक वीडियो वर्ष 2023 में वायरल हुआ था, जिसमें किसी अन्य महिला के शरीर पर उनका चेहरा जोड़ दिया गया था। वहीं क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर एक फर्जी वीडियो बनाया गया, जिसमें उन्हें ऑनलाइन गेमिंग और निवेश ऐप का प्रचार करते हुए दिखाया गया। अभिनेता आमिर खान की आवाज़ की नकल कर राजनीतिक प्रचार से जुड़ा डीप फेक ऑडियो भी सामने आ चुका है।

डीप फेक एक आधुनिक डिजिटल तकनीक है, जिसके ज़रिये किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज़ और हाव-भाव की हूबहू नकल की जा सकती है। सही हाथों में यह तकनीक फ़िल्म, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकती है, लेकिन गलत इस्तेमाल के कारण यह फर्जी समाचार फैलाने, आर्थिक ठगी करने और सामाजिक भ्रम पैदा करने का बड़ा माध्यम बनती जा रही है। सोशल मीडिया के तेज़ प्रसार के कारण ऐसा कंटेंट कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। अब समय आ गया है कि डीप फेक को लेकर आम लोगों को भी अधिक जागरूक होना पड़ेगा।

# बजट: कंटेंट क्रिएटर्स को प्रोत्साहन दूरदर्शी फैसला






विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी


बजट में आर्थिक विकास, क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया गया है। विशेष रूप से, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज या 'ऑरेंज इकोनॉमी' को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जो कंटेंट क्रिएटर्स को सीधे लाभ पहुंचाएगी। ऑरेंज इकोनॉमी का मतलब क्रिएटिव सेक्टर से है, जिसमें एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स (AVGC) और डिजिटल कंटेंट शामिल हैं। ऑरेंज इकोनॉमी वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। भारत में यह सेक्टर न केवल रोजगार सृजन कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक निर्यात को भी बढ़ावा दे रहा है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि AVGC इंडस्ट्री को 2030 तक लगभग 20 लाख प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। इसे ध्यान में रखते हुए, सरकार ने क्रिएटिव इंडस्ट्रीज को नई ऊर्जा देने का फैसला किया है। यह पहल युवाओं को डिजिटल स्किल्स से लैस करके भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित है।

दिल्ली-एनसीआर के युवा वैज्ञानिक श्रेयांस जैन कहते हैं कि वित्त मंत्री ने अपने बजट प्रस्तावों में नई रिसर्च करने वाले तमाम उत्साही युवाओं और अन्य लोगों को तोहफा दिया है। सरकारी सहयोग के अभाव में बहुत सारे लोगों के रिसर्च प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। पर अब यह नहीं होगा। श्रेयांस जैन और आईआईटी के कई सहयोगी बैलून-सहायता प्राप्त रॉकेट लॉन्च सिस्टम विकसित कर रहे हैं। इस तकनीक में एक बड़ा बैलून रॉकेट को ऊपरी वायुमंडल तक ले जाता है, जहां हवा पतली होती है और प्रतिरोध कम। वहां से रॉकेट प्रज्वलित होता है, जिससे ईंधन की बचत होती है और पेलोड क्षमता 2-3 गुना बढ़ जाती है।

बजट में ऑरेंज इकोनॉमी को 'क्रिएटिव जॉब्स का नया इंजन' कहा गया है। यह सेक्टर सेवाओं पर आधारित विकास को बढ़ावा देगा। पहले से ही भारत के क्रिएटिव सेक्टर में स्टार्टअप्स की बाढ़ आ रही है, लेकिन स्किल गैप एक बड़ी चुनौती है। बजट इस गैप को भरने के लिए ठोस कदम उठाता है, जैसे कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में लैब्स स्थापित करना। इससे कंटेंट क्रिएटर्स को स्कूल और कॉलेज स्तर से ही ट्रेनिंग मिलेगी, जो उन्हें प्रोफेशनल वर्ल्ड में एंट्री के लिए तैयार करेगा।

> बजट में विशेष रूप से, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज या 'ऑरेंज इकोनॉमी' को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जो कंटेंट क्रिएटर्स को सीधे लाभ पहुंचाएगी।

बजट की सबसे प्रमुख घोषणा है मुंबई स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज (IICT) को सपोर्ट देकर कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित करना। वित्त मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में ये लैब्स सेट अप किए जाएंगे। ये लैब्स छात्रों को एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स बनाने की ट्रेनिंग देंगे।

ये लैब्स क्यों महत्वपूर्ण हैं? श्रेयांस जैन कहते हैं कि आज की डिजिटल दुनिया में कंटेंट क्रिएटर्स यूट्यूब, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों कमाते हैं, लेकिन कई युवाओं को प्रोफेशनल टूल्स और ट्रेनिंग की कमी होती है। ये लैब्स वीडियो प्रोडक्शन, एडिटिंग, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और एक्सटेंडेड रियलिटी (XR) जैसी स्किल्स सिखाएंगी। IICT के नेतृत्व में ये लैब्स ग्रास रूट स्तर पर टैलेंट को निखारेंगी, जिससे भारत का क्रिएटर वर्क फोर्स मजबूत होगा। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इससे गेम डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और स्टोरी टेलर्स की नई पीढ़ी तैयार होगी, जो इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर आधारित कंटेंट बनाएगी।

इसके अलावा, बजट में ईस्टर्न रीजन में एक नया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड डेवलपमेंट स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह डिजाइन एजुकेशन को बढ़ावा देगा, जहां कंटेंट क्रिएटर्स विजुअल डिजाइनिंग सीख सकेंगे। एक और महत्वपूर्ण पहल है डिजिटल नॉलेज ग्रिड का निर्माण, जो भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संपत्तियों को डिजिटली डॉक्यूमेंट करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे हिस्टोरियंस, रिसर्चर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नए जॉब्स बनेंगे। यह ग्रिड एक ओपन प्लेटफॉर्म होगा, जहां कंटेंट क्रिएटर्स भारतीय हेरिटेज पर आधारित वीडियोज, डॉक्यूमेंट्रीज और डिजिटल कंटेंट बना सकेंगे। यह पहल क्यों प्रोत्साहनकारी है? कंटेंट क्रिएटर्स अक्सर ऑथेंटिक सोर्स की तलाश में रहते हैं। डिजिटल नॉलेज ग्रिड उन्हें हाई-क्वालिटी डेटा प्रदान करेगा, जिससे वे एजुकेशनल और एंटरटेनमेंट कंटेंट बना सकेंगे। इससे टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि 20 आइकॉनिक डेस्टिनेशंस पर 10,000 टूरिस्ट गाइड्स को अपस्किल करने का पायलट प्रोग्राम शुरू होगा। कंटेंट क्रिएटर्स इन डेस्टिनेशंस पर वीडियोज बनाकर मोनेटाइज कर सकेंगे।

बजट में क्रिएटिव सेक्टर के लिए अप्रत्यक्ष प्रोत्साहन भी है। इस बाबत 10,000 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो क्रिएटिव स्टार्टअप्स को फंडिंग देगा। साथ ही, म्यूनिसिपल बॉन्ड्स के लिए 100 करोड़ का इंसेंटिव बड़े शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने में मदद करेगा, जो क्रिएटिव हब्स विकसित कर सकता है।

इस बीच, आज के समय में यूट्यूबर, पॉडकास्टर, इंस्टाग्राम क्रिएटर, गेमिंग स्ट्रीमर और डिजिटल लेखक एक नई अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। बजट में इन्हें सीधे नाम लेकर भले कुछ न दिया गया हो। सबसे पहले डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें। सरकार ने इंटरनेट कनेक्टिविटी, 5G, और डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने पर ज़ोर दिया है। इसका सीधा फायदा कंटेंट क्रिएटर्स को मिलता है, क्योंकि बेहतर इंटरनेट का मतलब है तेज़ अपलोड, बेहतर लाइव स्ट्रीमिंग और ज़्यादा दर्शकों तक पहुंचना। ग्रामीण और छोटे शहरों में इंटरनेट फैलने से नए क्रिएटर्स को भी मौका मिल रहा है।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. प्रभांशु ओझा कहते हैं कि निर्मला सीतारमण का बजट कंटेंट क्रिएटर्स को एजुकेशन, स्किलिंग और जॉब क्रिएशन के माध्यम से प्रोत्साहित करता है। ये लैब्स और डिजिटल नॉलेज ग्रिड जैसी पहलें भारत को क्रिएटिव सुपर पॉवर बनाने की दिशा में कदम हैं। यह बजट युवा-केंद्रित है, जो 'विकसित भारत' के विजन को मजबूत करता है।

### आमने सामने



मेरे पास नरवणे की किताब में लिखी बातें हैं, जिन्हें पढ़कर यह समझ आ जाएगा कि 'कौन देशभक्त है और कौन नहीं।' नरवणे की किताब में लिखा है कि डोकलाम में चार चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे, वे करीब 100 मीटर दूर थे।

**-राहुल गांधी**, नेता प्रतिपक्ष

मैं चाहता हूं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता सदन के समक्ष वह पुस्तक प्रस्तुत करें, जिसका वे हवाला दे रहे हैं, क्योंकि जिस पुस्तक का वे उल्लेख कर रहे हैं, वह प्रकाशित नहीं हुई है। राहुल गांधी को सदन में बिना तथ्य के बोलने की इजाजत न मिले।

**-राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री



# पाकिस्तान: बलूचिस्तान के विद्रोह के निहितार्थ




अरविंद जयतिलक

लेखक


यह पहली बार नहीं है जब बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों द्वारा अपनी आजादी का बिगुल फूंका गया है। वे पाकिस्तान के निर्माण के समय से ही अपनी आजादी की मांग कर रहे हैं। आमतौर पर उनके आंदोलन का आधार लोकतांत्रिक है, लेकिन जब पाकिस्तानी सरकार का अत्याचार बढ़ा तो उन्हें हथियार उठाने की जरूरत आन पड़ी। अब वे अपनी आजादी के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। देखा भी जा रहा है कि वे पाकिस्तान की सरकार और सेना दोनों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं।

गत वर्ष ही बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दिया था। इससे निपटने में पाकिस्तानी सेना के पसीने छूट गए थे। उस समय पाकिस्तान ने बीएलए लड़ाकों के हाथ तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात कबूली थी। ध्यान देना होगा कि बलोच लिबरेशन आर्मी लगातार मांग करता आ रहा है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा, लेकिन पाकिस्तान का अत्याचार जारी है।

> पहली बार नहीं है जब बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने आजादी का बिगुल फूंका है। वे पाकिस्तान के निर्माण से ही आजादी की मांग कर रहे हैं।

जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है, लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। कहना गलत नहीं होगा कि राजनीतिक तौर पर बलूचों के साथ भेदभाव, नाइंसाफी और शोषण ने वहां के लोगों के मन में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ नफरत का भाव भर दिया है।

पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। 2005 में अकबर बुगती और मीर बलाच मार्री द्वारा पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांग रखी गई थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने मांगों को खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया।

हकीकत यह है कि बलूचिस्तान के नागरिक अलगाववादी नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है, लेकिन विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है। उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा, लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला।

इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना ने 2002 में आकार लिया। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है, लेकिन इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ दो फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त हैं। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं।

इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का एलान किया था, लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया, जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे, लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दिया।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया, लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गई।

### सोशल फोरम

## सबसे पहले घोड़ों को डराने में हुआ बारूद का इस्तेमाल

ऐन जलूत के युद्ध (Battle of Ain Jalut) और मामलुक वंश के उदय ने इतिहास की धारा बदल दी थी। ऐन जलूत का युद्ध (1260), जहां मंगोलों का अजेय रथ रुका। बगदाद के पतन के बाद ऐसा लग रहा था कि मंगोल पूरे इस्लाम जगत को मिटा देंगे, लेकिन ऐन जलूत की लड़ाई ने इस धारणा को बदल दिया।


शोएब गाजी

ब्लॉगर


रणनीति और धोखा: मामलुक सेनापति कुतुज़ (Qutuz) और बैबर्स (Baibars) ने मंगोलों की अपनी ही रणनीति (पीछे हटने का नाटक करना) का इस्तेमाल उनके खिलाफ किया। वे मंगोलों को एक संकरी घाटी में खींच लाए, जहां पहले से ही मामलुक घुड़सवार छिपे हुए थे।

हलाकू की अनुपस्थिति: एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब मंगोल महान खान (मोंगके खान) की मृत्यु हो गई और हलाकू अपनी सेना का एक बड़ा हिस्सा लेकर वापस लौट गया, पीछे केवल एक छोटी टुकड़ी (करीब 10,000–20,000 सैनिक) छोड़ गया।

परिणाम: यह इतिहास में पहली बार था कि मंगोलों को किसी आमने-सामने की लड़ाई में निर्णायक रूप से हार का सामना करना पड़ा और वे कभी उस हार का बदला नहीं ले पाए।

मामलुक वंश: 'मामलुक' शब्द का अर्थ होता है 'स्वामित्व वाला' या गुलाम। ये योद्धा गुलाम थे, जिन्हें बचपन से ही सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता था। वे मध्य युग के सबसे बेहतरीन प्रशिक्षित घुड़सवार योद्धा माने जाते थे।

राजनीतिक बदलाव: जब बगदाद के खलीफा का पतन हुआ, तो मामलुक सुल्तानों ने खुद को इस्लाम का रक्षक घोषित कर दिया। उन्होंने जीवित बचे अब्बासी राजकुमारों को काहिरा (Cairo) में शरण दी और उन्हें नाममात्र का खलीफा बनाए रखा, ताकि उनकी अपनी सत्ता को धार्मिक वैधता मिल सके।

विरासत: उन्होंने न केवल मंगोलों को रोका, बल्कि धर्मयुद्ध (Crusades) करने वाली यूरोपीय सेनाओं को भी मध्य पूर्व से पूरी तरह बाहर कर दिया।

एक रोचक तथ्य: ऐन जलूत के युद्ध में पहली बार हैंड कैनन (Hand Cannons) या शुरुआती बारूद के हथियारों का इस्तेमाल मंगोल घोड़ों को डराने के लिए किया गया था।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## शिक्षा बजट से उम्मीदें और आशंकाएं

सरकार ने शिक्षा बजट में 8.27 प्रतिशत की वृद्धि कर 1,39,289 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो निसंदेह यह संकेत देता है कि शिक्षा को विकास की धुरी मानने की सोच अभी जीवित है, हालांकि सवाल यह भी है कि क्या यह वृद्धि देश की विशाल युवा आबादी, क्षेत्रीय असमानताओं और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ी चुनौतियों के मुकाबले पर्याप्त है या फिर यह केवल एक प्रतीकात्मक कदम बनकर रह जाएगी। इस बजट का सबसे अधिक चर्चित और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रस्ताव देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण की घोषणा है। 789 जिलों में छात्रावासों की यह योजना बालिका शिक्षा को लेकर लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक बाधाओं को तोड़ने का प्रयास है।

ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में शिक्षा छोड़ने की सबसे बड़ी वजह सुरक्षा, आवास और सामाजिक दबाव हैं। यदि यह योजना समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू होती है, तो यह न केवल उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाएगी बल्कि स्टैम (एसटीईएम) जैसे क्षेत्रों में उनकी मौजूदगी को भी मजबूत करेगी। पूर्व में घोषित कई छात्रावास योजनाएं अधूरी इमारतों, अपर्याप्त सुविधाओं और संचालन के अभाव में दम तोड़ चुकी हैं। बजट घोषणा के साथ-साथ राज्यों के साथ समन्वय, रखरखाव और सामाजिक जागरूकता पर भी उतना ही जोर जरूरी होगा।




योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार


सरकार का 'एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्राइज' दृष्टिकोण इस बजट की वैचारिक रीढ़ कहा जा सकता है। उच्च शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक रही है। इस अंतर को पाटने के लिए हाई-पॉवर स्थायी समिति के गठन की घोषणा स्वागत योग्य है, लेकिन भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में केवल समितियों से बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगा। जब तक पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली और फैकल्टी ट्रेनिंग में ठोस सुधार नहीं होंगे, तब तक डिग्रीधारी, लेकिन बेरोजगार युवाओं की समस्या बनी रहेगी। समिति का असली मूल्यांकन उसके सुझावों की गति और जमीन पर उनके क्रियान्वयन से होगा।

पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव शिक्षा, शोध और उद्योग के त्रिकोण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम है। औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के आसपास विश्वविद्यालयों, शोध केंद्रों और आवासीय परिसरों का एकीकृत विकास, यदि सही ढंग से हुआ, तो यह भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों के करीब ला सकता है। इससे इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के अवसर बढ़ेंगे और छात्रों को 'रेडी फॉर इंडस्ट्री' बनाया जा सकेगा। भारत में पहले से मौजूद कई औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास शिक्षा संस्थानों का विकास असंतुलित रहा है, जहां निजी संस्थान गुणवत्ता के बजाय मुनाफे को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी टाउनशिप मॉडल को केवल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट न बनने देने के लिए कड़े नियामक ढांचे और अकादमिक स्वायत्तता की जरूरत होगी।

आयुष और आयुर्वेद को लेकर बजट में की गई घोषणाएं भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की कोशिश का हिस्सा हैं। तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना, आयुर्वेदिक दवाओं की टेस्टिंग के लिए नेशनल लैब्स और बायोफार्मा हब बनाने की योजना, यह सब आयुर्वेद को वैज्ञानिक और व्यावसायिक आधार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को मिली वैश्विक स्वीकार्यता को यदि मानकीकरण, शोध और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ आगे बढ़ाया गया, तो भारत इस क्षेत्र में नेतृत्व कर सकता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# प्राचीन तीर्थों में प्रमुख संभल



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

सृष्टि के आरंभ में ही भगवान विश्वकर्मा ने अड़सठ तीर्थों और उन्नीस पुण्य कूपों के सहित संभल तीर्थ का निर्माण किया था। सत्ययुग में इसका नाम 'सत्यव्रत', त्रेता में 'महागिरि', द्वापर में 'पिंगल' और अब कलियुग में 'शंभल' है। शंभल आजकल 'संभल' नाम से प्रसिद्ध है। संभल माहात्म्य और अन्य पुराणों में भी तालव्य शकार से 'शंभल' नाम का उल्लेख है, किंतु आजकल 'संभल' नाम ही प्रचलित है। यह इसलिए है, क्योंकि कुछ लोग तालव्य 'शकार का उच्चारण नहीं कर पाते। ऐसा माना जाता है कि 'शंभल' और 'संभल' दोनों 'शम्भ्वालय' शब्द के अपभ्रंश हैं। 'शम्भ्वालय' शब्द से 'शंभु का आलय' अर्थ स्पष्ट ध्वनित होता है। इसे गुप्त रखने के लिए ही इस स्थान को 'शंभल' कहा जाता है।

## पृथ्वीराज चौहान की राजधानी

संभल अति प्राचीनकाल से पावन भगवद्धाम के रूप में प्रसिद्ध रहा है। आधुनिक शोधकर्ताओं ने भी इस पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला है। प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर छठी शताब्दी में हर्ष के शासनकाल में संभल में ब्राह्मणों की प्रधानता थी और उनके माध्यम से ज्ञान का सूर्य संभल में उदयाचल के शिखर पर चमक रहा था। डॉ. ब्रजेन्द्रमोहन शांख्यधर के अनुसार ईसा की बारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में पृथ्वीराज चौहान का संभल में आधिपत्य था तथा उनकी पुत्री बेला वहां सती हुई थी। उन्होंने शत्रुओं पर आक्रमण करने के लिए और उनके आक्रमणों से बचने के लिए संभल को अपनी राजधानी भी बनाया था। यहां सुरंगों के माध्यम से अपनी रक्षा का प्रबंध किया गया था। यहां दिल्ली, अजमेर और कन्नौज को जाने वाली सुरंगें थीं। खुदाई होने पर अब कहीं-कहीं उनके चिह्न मिलते हैं।



## तीनों कोनों पर स्थापित शिवलिंग

संभल माहात्म्य के पढ़ने से ज्ञात होता है कि पूरा संभल हरि-मंदिर ही है। इसके तीनों कोनों पर तीन शिवलिंग स्थापित हैं। दक्षिण में संभलेश्वर, पूर्व में चंद्रेश्वर और उत्तर में भुवनेश्वर। इन तीन कोनों वाले संभल की बाहरी परिक्रमा चौबीस कोस की है। प्रत्येक कार्तिक शुक्लपक्ष की चतुर्थी-पंचमी को इस परिक्रमा में हजारों नर-नारी सम्मिलित होते हैं। इसके बारह कोस के भीतरी क्षेत्र में अड़सठ तीर्थ और उन्नीस कूप हैं। इसके इतने बड़े आकार में ब्रह्मा जी का निवास है। इसके ठीक मध्य में तलवार हाथ में लिए, घोड़े पर सवार श्रीकल्कि भगवान की दिव्यमूर्ति से सुशोभित 'हरिमंदिर' था, जिसे मध्यकाल में विधर्मी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। बाद में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस स्थान के निकट एक बैष्णव मंदिर का निर्माण करवाया, जो अब श्रीविष्णु कल्कि मंदिर नाम से प्रसिद्ध हैं। कल्कि पुराण तृतीय अंश 18 अध्याय, श्लोक 4 में स्पष्ट उल्लेख है -यत्राष्टषष्टितीर्थानां सम्भवः शम्भलेभवत्। मृत्योर्मोक्षः क्षितौ कल्केरकलस्य पदाश्रयात्।। अर्थात् जहां अड़सठ तीर्थों का संभव हुआ है, वह तीर्थ शिरोमणि संभल भगवान, कल्कि के चरणों के प्रताप से मोक्ष का धाम है।

## पुराणों में वर्णित संभल

कल्कि पुराण में कल्कि भगवान के संभल में अवतरण की विस्तृत कथा वर्णित है। श्लोक 1/1/15 कहता है - प्रलयकाल के अंत में जगत की सृष्टि करने वाले लोकपितामह ब्रह्मा अपनी पीठ से भयंकर मलिन पातक की सृष्टि की, वह अधर्म नाम से विख्यात हुआ। उस अधर्म का प्रचार आरंभ होते ही सब देवता दुखी होकर श्रीनारायण को भूमंडल की दुर्दशा सुनाते हैं। तब विष्णु भगवान संभल (उत्तर प्रदेश) में विष्णुयशा ब्राह्मण के यहां अपने अवतार का वचन देते हैं। लक्ष्मी जी सिंहलद्वीप में बृहद्रथ राजर्षि की धर्मपत्नी कौमुदी की कोख से जन्म लेती हैं। इनका नाम 'पद्मा' है। कल्कि भगवान का वैशाखमास के शुक्लपक्ष की द्वादशी के दिन कन्या लग्न में अवतार होता है। भगवान चतुर्भुजरूप से माता-पिता को दर्शन देकर ब्रह्मा जी की प्रार्थना से द्विभुज रूप धारण करते हैं। भगवान शिव के द्वारा भेजे गए वेदमय शुक के माध्यम से सिंघलद्वीप में पद्मावती के स्वयंवर का समाचार प्राप्त कर श्रीकल्कि भगवान उस स्वयंवर में पधारे। वहां लक्ष्मी रूपिणी के साथ श्रीकल्कि भगवान का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। पद्मावती को साथ लेकर भगवान कल्कि ने विश्वकर्मा द्वारा सुसज्जित संभल नगर में प्रवेश किया। श्रीहरि की यह अवतारकथा परममंगलकारिणी है, जैसा कि कल्कि पुराण में कहा गया है- कल्कि महाविष्णु के परम अद्भुत अवतार की यह कथा भक्तिपूर्वक पढ़ने और सुनने वालों के सभी अमंगलों का नाश करने वाली है।

# 30 साल बाद बना शुक्र और शनि का दुर्लभ संयोग



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

शनि-शुक्र का 30 साल बाद दुर्लभ संयोग मीन राशि में बना है, जिसने ज्योतिष जगत में मालव्य राजयोग का प्रारंभिक स्वरूप रचा है। यह योग स्थिरता के कारक शनि और सुख-वैभव के दाता शुक्र का अनुपम मेल है, जब शुक्र उदय अवस्था में अपनी उच्च राशि मीन की ओर अग्रसर होकर शनि से युति करेंगे। 28 जनवरी का अर्धकेंद्र योग (शनि मीन में, शुक्र मकर में) प्रारंभिक ऊर्जा का संकेत है, जो पूर्ण युति तक (मार्च तक) कार्य करता रहता है। शनि मीन में 29 मार्च 2025 से 3 जून 2027 तक रहेंगे, लेकिन शुक्र के साथ निकट युति केवल 2 मार्च से 26 मार्च तक चरम पर होगी। यह 30 वर्ष बाद का संयोग धन-प्रगति का लंबा प्रभाव छोड़ेगा।



## योग का ज्योतिषीय महत्व

शनि-शुक्र युति मीन में कर्म और भोग का दुर्लभ संतुलन स्थापित करती है। शनि पहले से मीन में स्थित हैं, जबकि शुक्र 1 फरवरी के उदय से ठीक पहले 28 जनवरी को इस योग को सक्रिय किया।

28 जनवरी 2026 से बना शनि-शुक्र का दुर्लभ अर्धकेंद्र योग (45 डिग्री दूरी) मुख्य रूप से एक दिवसीय या अल्पकालिक प्रभाव वाला है, लेकिन इसका व्यापक फल मीन युति तक जारी रहेगा। वास्तविक शनि-शुक्र युति मीन राशि में 2 मार्च 2026 को सुबह लगभग 5 बजे बनेगी और लगभग 26 दिनों तक (26 मार्च 2026 तक) प्रभावी रहेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, शुक्र का मीन गोचर 2 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च के आसपास समाप्त होगा, जब शुक्र अगली राशि में प्रवेश करेंगे मीन जल राशि गुरु के अधीन होने से यह युति आध्यात्मिक ऊंचाइयों को भी छूएगी। पिछले 30 वर्षों में ऐसी युति दुर्लभ रही, जो जीवन के कठिन दौर को वैभवपूर्ण मोड़ देती है। वर्तमान गोचर चक्र में यह शनि की साढ़ेसाती और शुक्र की दशा प्रभावित राशियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। वास्तु शास्त्र में उत्तर-पूर्व कोण की शुद्धि (जल स्रोत स्थापना) और फेंग-शुई में दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में गुलाबी क्रिस्टल रखने से ग्रह ऊर्जा का अधिकतम लाभ मिलेगा।

## सभी राशियों पर विस्तृत प्रभाव

- **मेष राशि :** 12 वें भाव में यह योग विदेश यात्रा, छिपे खर्चों पर नियंत्रण और आध्यात्मिक जागरण लाएगा। नौकरीपेशा लोगों को अप्रत्याशित लाभ, लेकिन जल्दबाजी से बचें। प्रेम संबंध गहराएंगे।
- **वृषभ राशि :** 11 वें भाव से मित्र मंडली और सामाजिक नेटवर्क से धन लाभ। विवाह योग प्रबल, व्यापारिक साझेदारी मजबूत होगी। सौंदर्य और विलासिता पर निवेश फलदायी।
- **मिथुन राशि :** 10 वें भाव में करियर का स्वर्णिम काल, प्रमोशन, नई जिम्मेदारियां। रचनात्मक क्षेत्रों में मान-सम्मान, प्रेमी से स्थायी बंधन की संभावना।
- **कर्क राशि :** भाग्य स्थान (9 वें भाव) सक्रिय, उच्च शिक्षा, धार्मिक यात्रा या पिता से सहयोग। कानूनी मामलों में विजय, धन संचय में वृद्धि।
- **सिंह राशि :** 8 वें भाव से विरासत, बीमा या रहस्यमय लाभ। वैवाहिक जीवन में मधुरता, स्वास्थ्य में सुधार, लेकिन नियमित जांच जरूरी। आध्यात्मिक साधना फलेगी।
- **कन्या राशि :** 7 वें भाव में साझेदारी मजबूत, व्यापार वृद्धि। नीच प्रभाव कम होकर वैवाहिक सुख बढ़ेगा, लेकिन निर्णय सावधानी से लें।
- **तुला राशि :** 6 वें भाव से शत्रु पर विजय, स्वास्थ्य उन्नति और नौकरी में स्थिरता। विवाद सुलझेंगे, ऋण मुक्ति के योग।
- **वृश्चिक राशि :** 5 वें भाव में संतान सुख, रोमांस चरम पर। रचनात्मकता, शिक्षा और निवेश में सफलता, कलात्मक क्षेत्र चमकेंगे।
- **धनु राशि :** 4 वें भाव से घर-सुख, वाहन खरीद और माता से लाभ। संपत्ति सौदे आदर्श, पारिवारिक शांति स्थापित होगी।
- **मकर राशि :** 3 वें भाव में साहस वृद्धि, भाई-बहन सहयोग। संचार, लेखन या मीडिया क्षेत्र में प्रगति, छोटी यात्राएं सुखद।
- **कुंभ राशि :** 2 वें भाव से धन वर्षा, वाणी शक्ति प्रभावी। पारिवारिक सुख, बचत में इजाफा और स्वादिष्ट भोजन का आनंद।
- **मीन राशि :** लग्न में योग व्यक्तित्व को चुंबकीय बनाएगा। विवाह, करियर और स्वास्थ्य में चरम सफलता यह आपका स्वर्णिम समय है।

पौराणिक कथा

# मौन का वरदान



प्राचीन काल में सरस्वती नदी के तट पर एक समृद्ध राज्य था। उस राज्य में देवदत्त नाम का एक विद्वान ब्राह्मण रहता था। शास्त्रों का उसे गहरा ज्ञान था, वाणी में अद्भुत प्रभाव था, किंतु उसका स्वभाव अत्यधिक वाचाल था। वह हर सभा में बोलता, हर विषय पर अपनी राय देता और प्रायः बिना सोचे-समझे कठोर वचन कह बैठता। उसकी विद्या के कारण लोग उसका सम्मान करते थे, पर उसके वचनों से कई मन आहत भी होते थे। एक दिन देवदत्त ज्ञान-यज्ञ के लिए वन की ओर गया। वहां उसे एक तपस्वी मिले, जो वर्षों से मौन व्रत धारण किए हुए थे। देवदत्त ने उन्हें बार-बार प्रश्न किए, पर वे शांत रहे। उनकी निःशब्द उपस्थिति ने देवदत्त को विचलित कर दिया। अंततः उसने उपहास करते हुए कहा, "हे मुनिवर, यदि आप बोल नहीं सकते तो तपस्या का क्या लाभ?" तभी उस तपस्वी का तेजस्वी रूप प्रकट हुआ। वे स्वयं बृहस्पति थे, देवताओं के गुरु। उन्होंने मधुर स्वर में कहा, "वत्स, वाणी ईश्वर का वरदान है, किंतु उसका संयम उससे भी बड़ा तप है।"

यह कहकर बृहस्पति ने देवदत्त को वरदान दिया- "एक दिन के लिए तुम्हारे मुख से केवल वही वचन निकलेंगे, जो सत्य और कल्याणकारी होंगे।" देवदत्त हंस पड़ा। उसे लगा यह तो साधारण-सा वरदान है। पर जैसे ही वह नगर लौटा, उसे अनुभव हुआ कि वह बिना सोचे कुछ भी नहीं बोल पा रहा है। जहां पहले वह तुरंत प्रतिक्रिया देता था, वहां अब उसे मौन रहना पड़ रहा था। कई बार लोग उससे प्रश्न करते, पर वह उत्तर देने से पहले भीतर झांकता कि क्या उसका वचन किसी को चोट तो नहीं पहुंचाएगा। दिन ढलते-ढलते देवदत्त को अनुभूति हुई कि मौन में एक अद्भुत शांति है। उसके शब्द अब कम थे, पर प्रभावशाली थे। जिन स्थानों पर वह पहले विवाद उत्पन्न करता था, वहां अब सौहार्द बन रहा था। संध्या समय बृहस्पति पुनः प्रकट हुए। देवदत्त ने विनम्र होकर कहा, "गुरुदेव, आज मैंने जाना कि अनियंत्रित वाणी अज्ञान है और संयमित मौन ही सच्चा ज्ञान।" बृहस्पति मुस्कराए और अंतर्धान हो गए। उस दिन से देवदत्त ने व्रत लिया कि वह बोलेगा तो सोचकर और मौन रखेगा तो समझकर।

बोधकथा

# अवसर और विवेक

एक साधारण-सा व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की राह पर चला जा रहा था। दिन ढलने को था, धूप मद्धिम पड़ चुकी थी। तभी रास्ते में उसे एक गंभीर, तेजस्वी व्यक्तित्व वाला पुरुष दिखाई दिया। उसके चेहरे पर अद्भुत शांति और आंखों में गहराई थी। उस अजनबी ने थके स्वर में पानी मांगा। व्यक्ति ने बिना कोई प्रश्न किए, बिना यह सोचे कि सामने कौन है, अपना लोटा आगे बढ़ा दिया और उसकी प्यास बुझाई। पानी पीते ही उस पुरुष का स्वर बदल गया। उसने कहा, "वत्स, तुम मुझे पहचान नहीं सके, पर मैं यमराज हूं। आज मैं तुम्हारे प्राण लेने आया था। किंतु तुम्हारे इस निःस्वार्थ कर्म ने मुझे तुम्हें एक अवसर देने के लिए बाध्य कर दिया है।"



यह कहकर यमराज ने उसे एक डायरी थमाई और बोले, "इसमें जो कुछ भी तुम लिखोगे, वही सत्य हो जाएगा, किंतु ध्यान रहे, तुम्हारे पास केवल पांच मिनट हैं।" व्यक्ति का मन उत्सुकता और लोभ से भर उठा। उसने जल्दी-जल्दी डायरी के पन्ने पलटने शुरू किए। पहले पृष्ठ पर लिखा था कि उसका पड़ोसी लॉटरी जीतकर करोड़पति बनने वाला है। यह पढ़ते ही उसके मन में ईर्ष्या जाग उठी। उसने तुरंत लिख दिया कि पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पन्ने पर लिखा था कि उसका मित्र चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है। उसे यह भी सहन नहीं हुआ। उसने लिख दिया कि वह चुनाव हार जाए। इसी तरह वह एक के बाद एक पन्ने पलटता गया और हर जगह दूसरों के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में बदलता चला गया। समय का ध्यान ही नहीं रहा। अंततः जब उसने अंतिम पन्ना पलटा, तो वहां उसका स्वयं का नाम लिखा था। उसका हृदय धड़क उठा। जैसे ही उसने अपनी किस्मत लिखने के लिए कलम उठाई, यमराज ने डायरी उसके हाथ से ले ली। यमराज गंभीर स्वर में बोले, "वत्स, तुम्हारा समय समाप्त हो चुका है। तुम्हें जो शक्ति अपने जीवन को संवारने के लिए दी गई थी, उसे तुमने दूसरों का अहित करने में व्यर्थ कर दिया। जिसने अपने अवसर का दुरुपयोग किया, वह स्वयं अपने विनाश का कारण बनता है। अब तुम्हारा अंत निश्चित है।" यह सुनते ही व्यक्ति का सिर लज्जा और पश्चाताप से झुक गया। उसकी आंखों से आंसू बहने लगे, किंतु अब समय लौटकर नहीं आ सकता था।

यह कथा हमें सिखाती है कि ईश्वर द्वारा दिया गया समय, शक्ति और अवसर अत्यंत मूल्यवान होते हैं, जो व्यक्ति दूसरों के कल्याण में उन्हें लगाता है, वही सच्चे अर्थों में सुखी और धन्य होता है। दूसरों का बुरा सोचने वाला अंततः स्वयं ही अपना भविष्य बिगाड़ लेता है।

# जीवन को संवारने वाला सर्वोत्तम गुण है संयम



सुनील कुमार महला
लेखक

मनुष्य जीवन को सुचारु, सार्थक और सुखद बनाने में कई गुणों की आवश्यकता होती है, जैसे सत्यनिष्ठा (ईमानदारी), करुणा और संवेदनशीलता, आत्मनियंत्रण (क्रोध, लालच, ईर्ष्या जैसी भावनाओं पर नियंत्रण), धैर्य, परिश्रम, अनुशासन, कृतज्ञता (जो मिला है उसकी सराहना करना और अहंकार से दूर रहना), सहयोग भावना, आदर और विनम्रता तथा सकारात्मक सोच आदि, लेकिन संयम उनमें सबसे उत्तम और प्रभावशाली गुण माना गया है। संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में संयम के बारे में यह कहा गया है कि-'संयमः सर्वसाधूनां भूषणं परमं स्मृतम्। संयमेनैव जीवन्ति विद्वांसोऽखिलकारिषु॥' तात्पर्य यह है कि संयम सभी सज्जनों का परम आभूषण है। विद्वान लोग अपने सभी कार्यों में संयम के बल पर ही सफल होते हैं। वास्तव में यहां यह जानने और समझने की जरूरत है कि संयम का मतलब क्या है। दरअसल, संयम का अर्थ है-'अपने विचारों, इच्छाओं, भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित रखते हुए संतुलित ढंग से जीवन जीना। सरल शब्दों में कहें, तो वास्तव में यह वह क्षमता है, जिसमें व्यक्ति कठिन परिस्थितियों, क्रोध, लालच, वासना या किसी भी आवेग के समय भी शांति, विवेक और मर्यादा बनाए रखता है।

संयम जीवन में आत्मनियंत्रण, संतुलन और विवेकपूर्ण आचरण का नाम है। संयम का अर्थ केवल इच्छाओं को दबाना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार अपने मन, वचन और कर्म को नियंत्रित रखना है, जो व्यक्ति अपनी भावनाओं, क्रोध, लालच, बोलचाल और व्यवहार पर रोक लगा सकता है, वही वास्तव में परिपक्वता की राह पर चलता है। संयमी व्यक्ति जीवन में हर स्थिति में धैर्य बनाए रखता है। कठिन समय में वह घबराता नहीं, बल्कि विवेक से निर्णय लेता है। यही कारण है कि ऐसे लोग जीवन में अधिक सफल होते हैं, क्योंकि जल्दबाजी और आवेश में लिए निर्णय अक्सर नुकसान पहुंचाते हैं। संयमित मन सोचने, समझने और सही दिशा चुनने में सक्षम होता है। सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जिनके विचार नियंत्रित होते हैं और जिनका ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रहता है, जो व्यक्ति सदैव संयम में स्थित रहता है, उसकी सिद्धि और सफलता निश्चित है। संस्कृत में एक श्लोक के माध्यम से यह उल्लेख किया गया है कि यः संयमं न जहाति दुःखसमयेऽपि दूरतः। तं नित्यमभिजानन्ति देवाः साधुवरं नरम्॥'



यानी कि जो व्यक्ति दुख या संकट में भी संयम नहीं छोड़ता, देवता भी उसे श्रेष्ठ मनुष्य मानते हैं। वास्तव में, संयम मनुष्य को भीतर से मजबूती देता है। यह ऐसा गुण है, जो हर परिस्थिति में व्यक्ति को सही दिशा देता है और उसे सम्मान व सफलता दिलाता है। यह संयम ही होता है, जो सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है, मानसिक शांति और स्थिरता लाता है।

याद रखिए कि जिस व्यक्ति में संयम होता है, वह छोटी-छोटी बातों पर विचलित नहीं होता। मन स्थिर रहता है, तनाव कम होता है। संयम हमारे संवाद को संतुलित रखता है और संबंध मजबूत बनाता है। मतलब यह है कि यह हमारे रिश्तों में मधुरता लाता है। जीवन में बड़ी उपलब्धियां पाने के लिए धैर्य और निरंतरता चाहिए। संयम व्यक्ति को विचलित होने से बचाता है और लक्ष्य की ओर बनाए रखता है। संयम खाना-पीना, खर्च करना, बोलना, भावनाओं को व्यक्त करना आदि सब पर स्व-नियंत्रण देता है, जिससे जीवन अनुशासित बनता है। सच तो यह है कि संयमी व्यक्ति परिपक्व, विश्वसनीय और संतुलित माना जाता है। यह व्यक्तित्व का श्रेष्ठ गुण है। संयम से व्यक्ति के भीतर एक आत्मिक शांति पैदा होती है। वह दूसरों की बातों पर अनावश्यक प्रतिक्रिया नहीं देता, छोटी बातों पर परेशान नहीं होता। इसलिए वह कभी ज्यादा दुखी नहीं होता, क्योंकि दुख का बड़ा कारण हमारी अनियंत्रित प्रतिक्रियाएं ही होती हैं। संयम हमें सिखाता है कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं, कभी-कभी मौन और धैर्य ही बुद्धिमानी होती है। संयमित जीवन जीने वाला व्यक्ति दूसरों की भावनाओं को समझता है, सम्मान देता है और विवादों से दूर रहता है। उसके व्यवहार में मर्यादा और नम्रता होती है, जिससे समाज में उसका सम्मान बढ़ता है।

आज के तेज रफ्तार जीवन में जहां तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता हर कदम पर साथ चलती है, वहां संयम का महत्व और भी बढ़ जाता है। संयम हमें संतुलन, स्थिरता और सकारात्मकता सिखाता है। अतः जो व्यक्ति संयम रखना जानता है, वह न केवल सफल होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सुखी रहता है। संयम ही जीवन का वास्तविक आभूषण है, जो हमें सही दिशा और समृद्ध जीवन की ओर ले जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,666.46 | 25,088.40 |
| बढ़त | 943.52 | 262.95 |
| प्रतिशत में | 1.17 | 1.06 |

सोना 1,52,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,60,000 प्रति किलो


अमृत विचार

हल्द्वानी, मंगलवार, 3 फरवरी 2026

www.amritvichar.com




## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8400, गौरी प्रीमियम 9800, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150, लाडली 4100

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4500, मसूरी- 1500, बासमती- 8500-9000, परमल- 3000-3500

**दाल दलहन :** काला चना- 3500-4000, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5200, राजमा- 9500-11000, दाल उड़द- 7500, साबुत मसूर दाल- 4500, मसूर दाल- 1020, उड़द साबुत- 10300, काबुली चना- 8000-10500, अरहर दाल- 10200 -11000, लोबिया/ करमानी- 3500-4200

# 7-8% की वृद्धि दर कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता

## सीतारमण बोलीं- वृद्धि की रफ्तार होगी अच्छी तो सभी को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर को कायम रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, क्योंकि इससे सभी नागरिकों को फायदा होता है और रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होते हैं। रविवार को आम बजट पेश करने के बाद देशभर के कॉलेज से आए विद्यार्थियों से सीतारमण ने कहा कि अगर आर्थिक वृद्धि की रफ्तार अच्छी होगी, तो इसका फायदा सभी नागरिकों तक पहुंचेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक वृद्धि से नौकरियां पैदा होती हैं, ज्यादा लोग श्रमबल से जुड़ते हैं और उत्पादकता बढ़ती है। सीतारमण ने आगे कहा कि नियोक्ता महिलाओं की दक्षता और सटीकता से काम करने की प्रतिभा से श्रमबल में उनके योगदान को तेजी से पहचान रहे हैं। अर्द्धकुशल भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ती संख्या से इसका पता चलता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल में महिलाओं के सीमित प्रतिनिधित्व को लेकर चिंता बनी हुई है और ज्यादा महिलाओं को नेतृत्व के पदों पर आगे आने की जरूरत है ताकि फैसले लेने में उनकी भूमिका हो और वे दूसरों के लिए रोल मॉडल बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रगति हुई है, लेकिन अभी और बहुत कुछ करने की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि पिछले बजट के बाद से, सरकार ने ऑरेंज'' इकॉनमी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स क्षेत्र) के लिए लगातार नीतियां, वित्तपोषण और समर्थन सुनिश्चित किया है। आज का टेलीविजन मीडिया भी ऐसी रचनात्मक सामग्री पर निर्भर करता है। यह कई अवसरों वाला शानदार क्षेत्र है। रचनात्मकता को हर दिन चुनौती मिलती है, और अगर आपमें काबिलियत है, तो यह निश्चित रूप से एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आगे बढ़ना चाहिए। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को बजट तैयार करने में शामिल कदमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बजट की तैयारी अक्टूबर के आखिर या नवंबर में शुरू होती है, जिसमें उद्योग समूह, कारोबार क्षेत्र, अर्थशास्त्री, ट्रेड यूनियन के साथ-साथ सोआम लोगों के सुझाव भी शामिल होते हैं। इसके बाद इन सुझावों को छांटा जाता है, संबंधित मंत्रालयों और राज्यों के साथ चर्चा की जाती है, और व्यवहार्यता और कार्यान्वयन के लिए उन्हें बेहतर बनाया जाता है।

### वृद्धि के लिए निवेश बढ़ाने पर सरकार का ध्यान



• बोलीं- राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता से है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है। वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।

### सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण मं आईबीसी संशोधन विधेयक करेगी पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से संबंधित प्रस्तावित कानून पर रिपोर्ट दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रही सीतारमण ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कुछ शर्तों के अधीन, समिति के सुझावों को शामिल करते हुए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश किया जाएगा। यह 2016 में लागू हुए आईबीसी अधिनियम का सातवां संशोधन होगा। अंतिम संशोधन 2021 में हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 12 अगस्त, 2025 को लोकसभा में दिवाला एवं और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था।

# गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 943 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 282.65 अंक तक पहुंचा था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड में 7.61 और अडाणी पोर्ट्स में 4.76% की तेजी रही। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, ट्रेंट और टाइटन के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में सर्वाधिक 2.66% की तेजी रही जबकि बिजली खंड में 2.54, सेवा खंड में 2.38 और ऊर्जा खंड में 1.98% की बढ़त दर्ज की गई। जनवरी में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। हालांकि, कारोबारी भरोसा साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।



• तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी निफ्टी भी 263 अंक की तेजी

### एफपीआई ने निकाले 36,000 करोड़, एसटीटी से जोखिम

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और उन्होंने करीब 36,000 करोड़ रुपये (3.97 अरब डॉलर) की निकासी की। इस बीच, वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने की बजट घोषणा से भविष्य में विदेशी निवेशकों की भागीदारी पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के मुताबिक, एफपीआई ने जनवरी में भारतीय बाजार से 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। एफपीआई ने इससे पहले वर्ष 2025 में भी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी।

# बजट के बाद उद्योग जगत में दिखाई दे रही आशावादिता

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान के साथ बजट 2026-27 के समग्र लाभों पर चर्चा के लिए बैठक की। इस बैठक में म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन से जुड़े निवेशक और प्रमुख उद्योग प्रतिनिधि भी शामिल हुए।



• केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने की एनएसई के सीईओ, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक

गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एनएसई में आयोजित बैठक बेहद उपयोगी और संवादपूर्ण रही। बजट के बाद उद्योग जगत में दिख रही आशावादिता, इससे मिलने वाले वृद्धि अवसरों से जुड़ा उत्साह और बैठक में सामने आए नए विचार और सुझाव उत्साहजनक हैं। यह बैठक वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में बढ़ोतरी से जुड़ा प्रस्ताव रखे जाने के एक दिन बाद हुई है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी को 0.02 से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, विकल्प प्रीमियम पर एसटीटी 0.10 से बढ़ाकर 0.15 और विकल्प सौदे करने पर 0.125 से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव है। सरकार को एसटीटी से 73,700 करोड़ राजस्व मिलने की उम्मीद है।

# विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में मामूली सुधार : पीएमआई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारतीय विनिर्माण कंपनियों में जनवरी में सुधार देखा गया, जिसका कारण नए ऑर्डर, उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि रही। कच्चे माल की लागत में मध्यम वृद्धि हुई जबकि फैक्ट्री-गेट कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। फैक्ट्री-गेट कीमत का मतलब वह कीमत है जिस पर कोई उत्पाद उसके विनिर्माता के कारखाने या गोदाम से निकलता है।



• नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि मांग में मजबूती, नए कारोबार में वृद्धि और प्रौद्योगिकी में निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कुल बिक्री को घरेलू बाजार से गति मिली। निर्यात के नए ऑर्डर में भी वृद्धि हुई लेकिन रफ्तार अपेक्षाकृत कमजोर रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से अधिक मांग का हवाला दिया।



# गुस्साई ममता ने सीईसी की बैठक बीच में छोड़ी

## बनर्जी ने आयोग पर अहंकारी होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का लगाया आरोप

• शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं ममता : ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के साथ सोमवार को बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों पर अहंकारी होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का आरोप लगाया।

विरोध स्वरूप काला शॉल ओढ़े हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी के साथ पश्चिम बंगाल के एसआईआर प्रभावित परिवारों के 12 सदस्यों के साथ यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से मुलाकात की। बनर्जी ने बाद में कहा कि उन्होंने विरोध में बैठक का बहिष्कार किया, जबकि आयोग के अधिकारियों ने दावा किया कि वह अपने द्वारा उठाए मुद्दों पर आयोग के शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं। बनर्जी चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की मांग कर रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, सीईसी ने टीएमसी नेताओं से कहा कि कानून का शासन सर्वोपरि रहेगा और कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कानून के प्रावधानों और निर्वाचन आयोग की शक्तियों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयोग के मुख्यालय से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री बनर्जी ने आयोग के खिलाफ फिर तीखा हमला बोलते हुए उस पर भाजपा के दलाल के रूप में काम करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने आरोप लगाया, इतने सारे लोग मारे गए, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है। वे भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। मैंने कहा कि हमें अफसोस है, हम न्याय के लिए यहां आए थे, हमें न्याय नहीं मिला, और आप झूठ बोल रहे हैं। वह बहुत बड़ा झूठा है...। हमने कहा कि हम ज़मीनी स्तर पर मुकाबला करेंगे। आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बहिष्कार किया और बाहर आ गए। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें बेइज्जत किया... मैंने इस तरह का निर्वाचन आयोग पहले कभी नहीं देखा, वे अहंकारी हैं... वे ऐसे बात करते हैं जैसे वे जमींदार हों और हम नौकर हों।

आयोग के अधिकारियों ने कहा कि टीएमसी नेताओं की बात धैर्यपूर्वक सुनी गई। पहले टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने अपनी बात रखी, इसके बाद ममता बनर्जी ने बात की।



चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर एसआईआर प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, साथ में सांसद अभिषेक व कल्याण बनर्जी।

### बनर्जी की दिल्ली पुलिस से बहस, बंगाल से आए एसआईआर प्रभावितों को धमकाने का आरोप

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित बंग भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हुई और उन्होंने अपने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। बंग भवन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। ममता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष मुद्दे उठाने को बंगाल से लोग आए हैं, लेकिन उन्हें धमकाया जा रहा है। उन्होंने बंग भवन परिसर के बाहर बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर सवाल उठाये। हालांकि, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संदर्भ देते हुए कहा कि वह पुलिस को नहीं, बल्कि ऊपर बैठे लोगों को दोषी ठहराती हैं। पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर से प्रभावित 50 परिवारों को दिल्ली लाया गया है और वे चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन सहित राज्य सरकार की विभिन्न परिसंपत्तियों में ठहरे हुए हैं। एक नाटकीय घटनाक्रम में बनर्जी सोमवार सुबह चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन पहुंचीं, जहां उनकी भारी सुरक्षा तैनाती को लेकर दिल्ली पुलिस से बहस हुई। उन्हें भवन के बाहर सुरक्षाकर्मियों से सीधे बहस करते हुए देखा गया। इस बीच, साकेत गोखले, डोला सेन, काकोली घोष दस्तीदार और बापी हलदर सहित तृणमूल कांग्रेस के सांसद राष्ट्रीय राजधानी के उन विभिन्न स्थानों पर पहुंचे, जहां एसआईआर से प्रभावित परिवार रह रहे हैं। दिल्ली के कैलाश कॉलोनी स्थित पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड के अतिथि गृह के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों से गोखले की बहस होती दिखाई दी।

# व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव रोका या बाधित नहीं किया जा सकता



• उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती वाली अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया को आसानी से रोका या बाधित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत शिकायतों के संबंध में अंतिम और उपाय चुनाव याचिका के माध्यम से ही संभव है।

पीठ ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के जुलाई 2025 के अंतरिम आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई अपील पर यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने निर्वाचन अधिकारी को एक व्यक्ति को एक चुनाव चिह्न आवंटित करने और उसे जिला पंचायत सदस्य के पद का चुनाव लड़ने देने की अनुमति देने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव में भाग लेने या उस पर सवाल उठाने का अधिकार वैधानिक प्रकृति का होने से, इस क्षेत्र से संबंधित कानून के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इसलिए, हाईकोर्ट को व्यक्तियों के पक्ष में उदार अंतरिम राहत देने से बचना चाहिए और इसके बजाय राज्य भर में चुनाव के सुचारू एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के व्यापक जनहित को ध्यान में रखना चाहिए। आदेश को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया को रोका या बाधित नहीं किया जा सकता है।

### वांगचुक ने नेपाल, बांग्लादेश जैसे प्रदर्शनों के लिए जेन जेड को उकसाने की कोशिश की : केंद्र

केंद्र और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने नेपाल और बांग्लादेश की तरह विरोध प्रदर्शन के लिए जेन जेड को उकसाने की कोशिश की थी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और पीवी वराले की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि वांगचुक ने अरब स्प्रिंग जैसे आंदोलन का भी जिक्र किया था। इस आंदोलन से अरब जगत के कई देशों में सरकारें गिर गई थीं। मेहता ने कहा कि उन्होंने जेन जेड को उकसाने के लिए अपने भाषण को सावधानीपूर्वक तैयार किया और नेपाल और बांग्लादेश की तरह आंदोलन का आह्वान किया तथा महात्मा गांधी के भाषणों का इस्तेमाल अपने असली इरादे को छिपाने के लिए किया। शीर्ष अदालत जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत उनकी हिरासत को चुनौती दी थी। मेहता ने कहा कि वांगचुक ने केंद्र सरकार को वे कहकर संबोधित किया और लद्दाख के लोगों को हम बताते हुए जनमत संग्रह की मांग की, ठीक वही मांगें जो पहले जम्मू कश्मीर में की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई वे या हम नहीं है, बल्कि हम सब भारतीय हैं। लद्दाख एक ऐसा क्षेत्र है जो दो देशों चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है, यह इलाका संवेदनशील है।

# नई श्रम संहिता के तहत नियमों को फरवरी के अंत तक दिया जाएगा अंतिम रूप : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि औद्योगिक संबंध संहिता के तहत नियमों को फरवरी के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ को सूचित किया कि लोगों से सुझाव मांगे गए हैं और नियमों को तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। अदालत औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के कार्यान्वयन से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो ट्रेड यूनियन, औद्योगिक प्रतिष्ठान में रोजगार की शर्तों और औद्योगिक विवादों के निपटारे से संबंधित सभी कानूनों को एकीकृत करती है। याचिकाकर्ताओं एन ए सेबेस्टियन और सुनील के अनुसार केंद्र ने 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित की, जिसमें औद्योगिक संबंध संहिता 2020 को अधिसूचित किया गया लेकिन नई व्यवस्था को लागू करने के लिए नियम नहीं बनाए गए।

# राज्यसभा : राष्ट्रीय हितों पर एकसमान रुख अपनाए विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

• राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सांसद सदानंदन बोले

राज्यसभा में सोमवार को भाजपा सदस्य सदानंदन मास्टर ने विपक्षी दलों से अपील की कि वे सिर्फ विरोध के लिए विरोध न करें और उनसे राष्ट्रीय हितों पर समान रुख अपनाना चाहिए। सदानंदन ने उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने सत्ता पक्ष की तरफ से धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। सदानंदन ने आसन की अनुमति से अपनी सीट पर बैठकर अपनी बात रखी।

सदानंदन द्वारा पेश धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भाजपा की विश्राम मेधा कुलकर्णी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हमें अथक परिश्रम करना है और आर्थिक समीक्षा बताती है कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में तीन करोड़ करदाता बढ़े हैं। इसका मतलब है कि युवाओं को रोजगार मिल रहा है, लोगों की आर्थिक क्षमता बढ़ी, वह क्रय कर रहे हैं और कर भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर आना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए, 80 करोड़ लोगों को अनाज दिया गया, 56 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला, 20 लाख से अधिक लोग स्टार्टअप में काम कर रहे हैं। यह उपलब्धियां बताती हैं कि मेहनत भी की और मेहनत सफल भी हुई। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ से अधिक लाभार्थी मुद्रा योजना के हैं जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। महिला सशक्तिकरण का इससे बेहतर उदाहरण और क्या होगा।

### डिजिटल इंडिया कहीं जॉबलेस इंडिया न बन जाए : कांग्रेस

एआई को वर्तमान की सचाई करार देते हुए राज्यसभा में कांग्रेस सदस्य ने कहा कि सरकार को एआई पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनानी चाहिए ताकि डिजिटल इंडिया कहीं जॉबलेस इंडिया न बन जाए। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के अशोक सिंह ने आईटी क्षेत्र से जुड़ा मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि हमारे देश की मध्यम वर्गीय आकांक्षाओं की रीढ़ कहलाने वाला यह क्षेत्र आज संकट के दौर से गुजर रहा है क्योंकि इस पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई हावी होता जा रहा है। भाजपा के डॉ के लक्ष्मण, रामभाई हरजीभाई मोकारिया, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई ने, लक्ष्मीकांत बाजपेयी और मनोनीत हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने भी आसन की अनुमति से लोक महत्व से जुड़े अपने-अपने मुद्दे उठाए।

# पत्नी की हत्या में व्यक्ति को अदालत ने सुनाई दोहरी उम्रकैद की सजा

अलाप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल में अलाप्पुझा की अदालत ने पत्नी की हत्या करने के जुर्म में सोमवार को एक व्यक्ति को दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई। अलाप्पुझा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भारती एस. ने चेरथला के पास पल्लीपुरम के निवासी राजेशकुमार उर्फराजन को पत्नी एंबिली की हत्या के लिए सजा सुनाई। अदालत ने अभियुक्त को संबंधित धाराओं में दोषी पाया। अदालत ने धारा 341 के तहत एक महीने का साधारण कारावास जबकि 302 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख का जुर्माना लगाया। धारा 397 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एंबिली ने राजेशकुमार से उसके विवाहेत्तर संबंधों के बारे में पूछा, जिसके बाद वह गुस्सा हो गया। इसके बाद 18 मई 2024 को शाम साढ़े छह बजे उसने पल्लीपुरम में पल्लीचंदा जंक्शन के निकट एंबिली को रोका, उसे उसके स्कूटर से धक्का दिया और चाकू से 17 वार किए, जिससे एंबिली की मौत हो गई।

# वैश्विक शांति के लिए अमेरिका भारत संबंधों की मजबूती अहम

- शीर्ष अमेरिकी नेताओं की द्विपक्षीय संबंधों की सुदृढ़ता का आह्वान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका के दोनों दलों के शीर्ष सांसदों और नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों तथा प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी विश्व भर में शांति और स्थिरता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है तथा उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को यहां एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान और उप महावाणिज्यदूत विशाल हर्ष ने समारोह में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस समारोह में सरकारी अधिकारी, कारोबारी नेता, शिक्षा और संस्कृति जगत के नेता, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई प्रमुख सदस्य, राजनयिक कोर के सदस्य और विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए डेलवेयर के गवर्नर मैट मेयर ने इस बात पर जोर दिया कि उनके राज्य में भारतीय समुदाय सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी समुदाय है। उन्होंने डेलवेयर की विदेश सचिव चारुनी पतिबांडा-सांचेज के माता-पिता की प्रवासी यात्रा को याद किया, जो अमेरिका में इस पद को संभालने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी थीं।

मेयेर मार्च में भारत की यात्रा करने वाले हैं, जिसमें वह मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। सफोल्क काउंटी से रिपब्लिकन अमेरिकी प्रतिनिधि निक ला लोटा ने न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में इतालवी और आयरिश समुदायों के बाद बढ़ते भारतीय समुदाय को तीसरा समुदाय बताया।

## फिर से वैश्विक चिंता का सबब

निपाह वायरस स्वास्थ्य जगत के लिए एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत के कुछ राज्यों, विशेषकर पश्चिम बंगाल और केरल में कुछ मामले आने के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। यह केवल भारत तक सीमित चिंता नहीं है; ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम और सिंगापुर जैसे देशों ने भी अपनी सीमाओं पर सुरक्षा प्रावधान और हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग तेज कर दी है। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में भारत में मिले मामलों के बाद जनता से सतर्क रहने की अपील की है। निपाह एक जूनोटिक वायरस है, यह जानवरों से इंसानों में फैलता है। इसके प्राकृतिक वाहक फ्रूट बैट्स (फल खाने वाले चमगादड़) हैं। इसकी मृत्यु दर चौंकाने वाली है, जो 40 से 75% के बीच रहती है, जिससे यह कोविड-19 जैसे अन्य वायरस की तुलना में कहीं अधिक घातक हो जाता है।

# निपाह वायरस




### लक्षण और पहचान

- पहले सामान्य फ्लू : निपाह के लक्षण संक्रमण के 4 से 14 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। शुरुआत में यह सामान्य फ्लू जैसा लगता है, लेकिन बहुत तेजी से गंभीर हो जाता है।
- शुरुआती लक्षण : तेज बुखार आना, सिरदर्द होना, मांसपेशियों में भी दर्द, उल्टी और गले में खराश भी होती है।
- गंभीर लक्षण : संक्रमित व्यक्ति को चक्कर आने के साथ मानसिक भ्रम, सांस लेने में गंभीर समस्या और मस्तिष्क में सूजन हो सकता है।
- अंतिम स्थिति : संक्रमण से मरीज 24-48 घंटों में कोमा में जा सकता है।

### डब्ल्यूएचओ रख रहा नजर

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारत सरकार का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) इस स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। जनवरी 2026 के अंत तक पश्चिम बंगाल के बारासात में दो स्वास्थ्य कर्मियों में इसके संक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद लगभग 196 लोगों की निगरानी की गई। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने इसे वैश्विक स्तर पर कम जोखिम वाली श्रेणी में रखा है क्योंकि इसका मानव-से-मानव प्रसार बहुत अधिक नहीं है, फिर भी इसकी गंभीरता को देखते हुए बचाव ही सबसे बड़ा उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने इसके लिए विशेष आइसोलेशन वार्ड, मोबाइल लैब (बीएसएल-3) और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (आरआरटी) को तैनात किया है ताकि किसी भी संभावित प्रकोप को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, वियतनाम, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अपने स्तर पर सतर्कता बरत रहे हैं। उन्होंने नागरिकों के लिए सुझाव भी जारी किए हैं।

### अभी कोई इलाज नहीं

- वर्तमान में निपाह वायरस के लिए कोई स्वीकृत टीका या विशेष एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है।
- इलाज का तरीका : अस्पताल में सपोर्टिव केयर ही मुख्य सहारा है। इसमें बुखार कम करने की दवाएं और सांस लेने के लिए वेंटिलेटर सहायता शामिल है।
- अनुसंधान की स्थिति : ऑक्सफोर्ड विवि बांग्लादेश में एक वैक्सीन का फेज-2 ट्रायल कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी का परीक्षण भी जारी है।

### क्या न करें

- जमीन पर गिरे या पक्षियों द्वारा कुतरे गए फलों को बिल्कुल न खाएं। खुले बर्तनों में रखी खजूर की ताड़ी का सेवन न करें। चमगादड़ों के रहने वाले इलाकों से दूर रहें। यदि किसी को तेज बुखार और भ्रम हो, तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाएं, खुद इलाज न करें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वेनेजुएला में जेवियर ताराजोना जेल से रिहा

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो के सहयोगी एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता जेवियर ताराजोना को सरकार द्वारा लाए गए माफी विधेयक के तहत जेल से रिहा कर दिया गया है। मानवाधिकार संगठनों और उनके परिवार के सदस्यों ने रविवार को यह जानकारी दी। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को माफी विधेयक की घोषणा की थी, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुला है। जेवियर ताराजोना वेनेजुएला के गैर-लाभकारी मानवाधिकार संगठन फंडारेडेस के निदेशक हैं।

### अमेरिकी कवि एक्सजे कैनेडी का निधन

**न्यूयॉर्क।** पुरस्कार विजेता अमेरिकी कवि, लेखक, अनुवादक एवं शिक्षक एक्स. जे. कैनेडी का निधन हो गया है। वह 96 वर्ष के थे। कैनेडी ने 'द बेडफोर्ड रीडर' और अन्य पाठ्यपुस्तकों के जरिए करोड़ों विद्यार्थियों को शिक्षित किया और बाल कथाओं एवं चुटीली कविताओं के जरिए पाठकों को आकर्षित किया। 'द बेडफोर्ड रीडर' कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली पाठ्यपुस्तक है। कैनेडी की पुत्री डॉ. केट कैनेडी के अनुसार, एक्स जे कैनेडी का रविवार को मैसाचुसेट्स के पीबॉडी स्थित अपने घर पर निधन हो गया।

### पोलैंड में ठंड से 50 से अधिक की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को बताया कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि परित्यक्त इमारतों में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं।

### चीन ने म्यांमार गिरोह के चार को फांसी दी

**ताइपे।** चीन ने छह चीनी नागरिकों की मौत का कारण बने और म्यांमार से चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के घोटाले और जुए का नेटवर्क संचालित करने के दोषी पाए गए चार लोगों को फांसी दे दी। दक्षिण चीन की शेनझेन इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार सुबह जारी एक बयान में इन सजाओं की पुष्टि की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि फांसी कब दी गई। म्यांमार में इसी मामले में 11 अन्य लोगों को पिछले सप्ताह सजा सुनाई गई।

# ट्रंप को ईरान से समझौते की उम्मीद खामेनेई की युद्ध के विरुद्ध चेतावनी

## ट्रंप बोले-हमने जंगी पोत तैनात किए लेकिन समस्या का चाहते हैं कूटनीतिक हल

- ट्रंप ने कहा-आने वाले दो दिनों में हमें समझौते की है उम्मीद

**तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौता होने की उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रंप ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जायेगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका युद्ध शुरू करेगा तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीज़ों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा, हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर ज़ुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा।



### ईरान ने ईयू के सभी राजदूतों को किया तलब

**दुबई।** ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले पर विरोध दर्ज कराने के वास्ते इसके सभी राजदूतों को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान को शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की कथित हत्या और सामूहिक फांसी के मामलों को लेकर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई का खतरा झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी सेना ने यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और कई मिसाइल विध्वंसक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। हालांकि, यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बल प्रयोग का फैसला करेंगे या नहीं।

### ट्रंप समझदारी से लेंगे कोई फैसला

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि अमेरिका से उनका विश्वास उठ चुका है लेकिन वे परमाणु हथियारों पर निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मुझे युद्ध की चिंता नहीं है। मुझे गलत सूचना और दुष्प्रचार अभियान के कारण लिए जाने वाले सैन्य फैसलों की चिंता है। जाहिर है कि कुछ लोग हैं जो अपने फायदे के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को इस युद्ध में खींचना चाहते हैं। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप इतने समझदार हैं कि वह अपने फैसले खुद ले सकते हैं। कहा कि अमेरिका हमारे देश पर पहले की तरह कब्जा करना चाहता है लेकिन अब यह संभव नहीं है। उसे किसी भी हिमाकत का बहुत करारा जवाब मिलेगा।

# साल 2026 के ग्रैमी पुरस्कारों की हुई घोषणा, दलाई लामा ने रचा इतिहास

- 90 की उम्र में ग्रैमी पाने वाले पहले व्यक्ति बने दलाई लामा

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी**

संगीत के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी के 68वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा यहां रविवार को हुई। रैपर बैड बनी के एल्बम डेबी तिरार मास फोतोज़ ने साल के सर्वश्रेष्ठ एल्बम का पुरस्कार जीता, जबकि साल के सबसे बेहतरीन रिकॉर्ड का पुरस्कार रैपर एवं गीतकार केंड्रिक लैमर तथा गायक एवं गीतकार सिज़ा के गीत लुथर ने जीता।

साल के सबसे बेहतरीन गीत का पुरस्कार वाइल्डफ्लावर ने जीता जिसे बिली एलिश और फिनीयस ओ'कॉनेल ने गाया है, जबकि साले के सबसे बेहतरीन नए कलाकार का खिताब ओलिविया डीन ने जीता। सर्वश्रेष्ठ पॉप वोकल एल्बम का खिताब मेहेम ने जीता जिसे मशहुर गायिका लेडी गागा ने गाया है। सर्वश्रेष्ठ सोलो पॉप का खिताब लोला यंग को मेसी के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम का पुरस्कार केंड्रिक लैमर ने जीएनएक्स के लिए जीता। जहां, बेस्ट पॉप डुओ या बेस्ट ग्रुप परफॉर्मेंस का खिताब सिन्थिया एरिवो और एरियाना ग्रांडे ने डिफाइंग ग्रैविटी के लिए जीता, वहीं सर्वश्रेष्ठ रॉक एल्बम का खिताब टर्नस्टाइल के नेवर इनफ ने जीता। पहली बार किसी स्पैनिश भाषा के एल्बम ने सर्वश्रेष्ठ एल्बम का खिताब जीता। केंड्रिक लैमर ने पांच खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वाइल्डफ्लावर के लिए सबसे बेहतरीन गीत का खिताब जितने वाले बिली एलिश और उनके भाई फिनीयस ओ'कॉनेल ने तीसरी बार इस श्रेणी में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। सबसे आश्चर्यजनक नाम दलाई लामा का रहा। अडियो-बुक रिकॉर्ड करने के लिए उन्हें ग्रैमी पुरस्कार दिया गया, जो कि 90 की उम्र में पहला ग्रैमी पाने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं।

### चीन ने किया दलाई को पुरस्कार देने का विरोध



**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा को दिए गए ग्रैमी पुरस्कार की निंदा करते हुए कहा कि वह तिब्बती आध्यात्मिक नेता द्वारा इस सम्मान का उपयोग चीन विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किए जाने का कड़ा विरोध करता है। दलाई लामा को पुरस्कार मिलने पर उनकी प्रतिक्रिया पूछे जाने पर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने चीन के इस आरोप को दोहराया कि 90 वर्षीय आध्यात्मिक नेता धर्म के नाम पर अलगाववादी गतिविधियां चला रहे हैं। कहा कि दलाई लामा विशुद्ध रूप से धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं।

### पुरस्कार पाने से फिर चूकीं अनुष्का शंकर

**लॉस एंजिलिस।** सितार वादक अनुष्का शंकर ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दो नामांकन मिलने के बावजूद कोई पुरस्कार नहीं जीत पाईं। ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में बैड बनी के ईओओ को पुरस्कार के लिए चुना गया। इस श्रेणी में अनुष्का के फ्यूजन बैंड शक्ति के सहयोग से बने गीत शिरिनीज ड्रीम (लाइव) को नामांकित किया गया था। अनुष्का को ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी में भी भारतीय संगीतकार सिद्धांत भाटिया (साउंड्स ऑफ कुंभ) और शक्ति के माइंड एक्सप्लोजन के साथ नामांकित किया गया था लेकिन पुरस्कार कैटानो वेलोसो व मारिया बेथनिया के कैटेनो ई बेथनिया आओ वीवो को मिला। अनुष्का शंकर को अब तक ग्रैमी में 13 बार नामांकन मिल चुका है।

## जार्जिया में होटल में गोलीबारी, पुलिस कर्मी की गई जान

**लॉरेंसविले।** अटलांटा के उपनगरीय इलाके पर स्थित एक होटल में एक व्यक्ति ने पूछताछ के लिए पहुंची पुलिस पर गोली चला दी, जिससे एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्विनेट काउंटी पुलिस प्रमुख जे.डी. मैक्लुर ने बताया कि गोलीबारी के संदिग्ध को भी एक अधिकारी ने गोली मार दी थी, उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि अटलांटा से करीब 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्टोन माउंटेन के पास रविवार सुबह यह घटना हुई। एक व्यक्ति ने फोन पर बताया कि होटल में कमरा लेने के लिए एक व्यक्ति धोखाधड़ी या जालसाजी का सहारा ले रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस को होटल भेजा गया।

## शेख हसीना को दी भ्रष्टाचार मामले में 10 साल की सजा

- बांग्लादेश की अदालत ने दो अलग-अलग केस में सुनाई सजा

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सरकारी आवास परियोजना में भूमि आवंटन से जुड़ी अनियमितताओं से संबंधित भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई।

ढाका की विशेष अदालत ने 79 वर्षीय शेख हसीना को सरकारी पद का गलत इस्तेमाल कर पुरबाचोल स्थित राजधानी उन्नयन कर्तृपक्ष (राजुक) न्यू टाउन परियोजना में अपनी भतीजी एवं ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद व वहां की पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक सहित अन्य लोगों को आवासीय भूखंड दिलाने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश रोबी-उल आलम ने इसी मामले में शेख हसीना की दो भतीजियों और एक भतीजे को भी अलग-अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई। सिद्दीक की छोटी बहन आजमान सिद्दीक और भाई रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। अपदस्थ प्रधानमंत्री और उनके रिश्तेदारों को यह सजा उनकी अनुपस्थिति में हुई सुनवाई के बाद दी गई। 16 आरोपियों में से केवल एक, भूखंड आवंटित करने वाली संस्था राजुक के वरिष्ठ अधिकारी खुर्शीद आलम पर ही व्यक्तिगत रूप से मुकदमा चला और फैसले के समय वह अदालत में मौजूद थे।

## वैज्ञानिक रामनाथन को क्रैफोर्ड पुरस्कार

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन को रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने भू-विज्ञान में 2026 का क्रैफोर्ड पुरस्कार देने की घोषणा की है। भू-विज्ञान का नोबेल कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत रामनाथन को सुपर-प्रदूषकों और वायुमंडलीय ब्राउन क्लाउड्स पर शोध के लिए सम्मानित किया गया है, जिसने ग्लोबल वॉर्मिंग की समझ को नई दिशा दी।

रामनाथन (82) ने 1975 में नासा में काम करते हुए एक ऐतिहासिक खोज की थी। उन्होंने बताया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), जो एरोसोल और रेफ्रिजरेशन में व्यापक रूप से इस्तेमाल होते थे, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 10,000 गुना अधिक प्रभावी तरीके से गर्मी खींचते हैं।

## आर्मेनिया से सुरक्षा सहयोग को मजबूत करेगा भारत

- आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे सीडीएस जनरल चौहान

**नई दिल्ली/यरेवन, एजेंसी**

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल आर्मेनिया की आधिकारिक यात्रा पर है। इस दौरे को दोनों देशों के साझा रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक रक्षा व सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय (आईडीएस एचक्यू) ने एक्स पर इस चार दिवसीय दौरे से जुड़ी कुछ जानकारी और तस्वीरें साझा कीं। आईडीएस एचक्यू ने एक पोस्ट में लिखा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में भारतीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल एक फरवरी को आर्मेनिया पहुंचा। यह दौरा दोनों देशों के साझा रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत यरेवन में भारत की राजदूत नीलाक्षी साहा सिन्हा और आर्मेनिया गणराज्य की सशस्त्र सेनाओं के उप प्रमुख मेजर जनरल टेमूर शहनजरयान ने किया।

आईडीएस एचक्यू ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि जनरल चौहान ने यरेवन में आर्मेनियाई जनसंहार स्मारक और संग्रहालय पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसंहार में जान गंवाने वाले 15 लाख आर्मेनियाई नागरिकों को श्रद्धांजलि दी।

## एआई के लिए ऑप्टिकल चिप्स बना रहा चीन

**बीजिंग।** आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेज़ी से बढ़ते इस्तेमाल और उसकी बढ़ती ऊर्जा खपत के बीच चीन अब पारंपरिक इलेक्ट्रॉनिक चिप्स के विकल्प के रूप में ऑप्टिकल चिप्स पर बड़ा दांव लगा रहा है। इन चिप्स को फ़ोटोन चिप्स भी कहा जाता है। ये चिप्स भविष्य में एआई की प्रोसेसिंग रफ्तार बढ़ाने और बिजली की खपत कम करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। ऑप्टिकल चिप्स ऐसे सेमीकंडक्टर होते हैं, जो बिजली (इलेक्ट्रॉन्स) की बजाय रोशनी (फोटॉन्स) के ज़रिए सूचना को प्रोसेस करते हैं। फोटॉन्स बहुत तेज़ गति से चलते हैं और इनमें गर्मी के रूप में ऊर्जा का नुकसान नहीं होता, इसलिए ये चिप्स पारंपरिक चिप्स से ज्यादा तेज़ हो सकते हैं।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 फरवरी 00.40 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 22.10 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष**: आज अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दांपत्य संबंधों में स्वार्थ की भावना को न आने दें। करियर में नए प्रयोग कर सकते हैं। दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें।

**वृष**: आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक अनुशासित रहेगी। सभी कार्यों को सुनियोजित तरीके से करने से सफलता मिलेगा। जॉब में मनोनुकूल स्थानांतरण हो सकता है। व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए तत्पर रहेंगे।

**मिथुन**: आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। संतान की उन्नति से मन उत्साहित रहेगा, लेकिन आपको उन पर अधिक दबाव नहीं बनाना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं। पुराने मित्रों से चर्चा होगी।

**कर्क**: आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यय की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी। रुकी हुई परियोजनाओं को प्रारंभ कर सकते हैं। जीवनसाथी को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**सिंह**: आज बिना पूछे दूसरों को ज्ञान न दें। गर्भवती स्त्रियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से बहस न करें।

**कन्या**: आज स्थायी संपत्ति प्राप्त होने की संभावना है। अपने काम पर फोकस करेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**तुला**: आज नए काम में मन लगेगा। व्यवसाय में सुगमता रहेगी। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में परस्पर सम्मान का भाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक**: आज शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे।

**धनु**: आज आपको धन हानि होने की आशंका है। इसीलिए उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। वरना मुख्य बातों से आपका ध्यान भटक सकता है। अधिक गर्म व ठंडे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।

**मकर**: आज व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी। कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जाएंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ**: आज सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन लाभ होगा, लेकिन आपको सभी कार्य अपने दम पर करने चाहिए। दूरस्थ क्षेत्र की यात्रा हो सकती है। दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मीन**: आज महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होने की संभावना है। नई विद्या या स्किल्स को सीखने का प्रयास करेंगे। नई परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। लंबित कानूनी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे।

## सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | 7 | | 1 | |
| | 6 | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | 2 | | 1 |
| | | | 3 | | 6 | 5 | | |
| 8 | | 1 | | | | | | |
| | 9 | | 1 | | | | | 6 |
| | 5 | | | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 7 | 8 | | 2 | |

### सुडोकू - 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 |





स्टेडियम
हल्द्वानी, मंगलवार, 3 फरवरी 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### हरमनप्रीत, मंधाना और दिव्या अवार्ड्स के लिए नामांकित

**नई दिल्ली।** भारत की महिला विश्व कप 2025 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

### अब्दुसत्तोरोव ने मास्टर्स खिताब जीता

**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगेसी को हराकर सोमवार को यहां टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीत लिया। जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश संयुक्त आठवें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। गुकेश ने अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर से ड्रॉ खेला और 6.5 अंक के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने हालांकि प्रतियोगिता के दौरान आधे अंक जुटाकर उम्मीद से खराब प्रदर्शन किया और 2750 रेटिंग अंक से नीचे खिसक गए। आर प्रज्ञानानंद ने भी नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला व 5.5 अंक के साथ टूर्नामेंट खत्म किया।

### फार्मूला वन फिर शुरू करना चाहता है मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय भविष्य में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फार्मूला वन फिर शुरू करने का इच्छुक है और 2013 में आखिरी बार भारत में हुई रेस फिर शुरू करने के लिये ट्रैक अधिकारियों से बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलमंत्री मनसुख मांडविया पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात भी की है जिसने अब दिवालिया को चुके ट्रैक के मालिक जेपी समूह से परिसर अपने नियंत्रण में ले लिया है। अडानी समूह जेपी समूह खरीदने की दौड़ में है और अगर ऐसा हो गया तो भारत में रेस को वापिस लाने की कोशिशों को बल मिलेगा।

### भारत बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों का भरोसेमंद मेजबान : मांडविया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक 2036 की मेजबानी के इच्छुक भारत को अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिये भरोसमंद और सफल मेजबान बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि पिछले एक साल में 20 से अधिक खेलों में 45 अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करके भारत ने यह साबित कर दिया है। पिछले महीने इंडिया ओपन बैडमिंटन के आयोजन से जुड़े मसलों के लिये हुई आलोचना के बीच खेलमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महासंघों से मिले समर्थन का हवाला दिया। भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होंगे और इसी शहर को ओलंपिक 2036 की मेजबानी के दावेदार के रूप में चुना गया है।



दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स व गुजरात की कप्तान एशले गार्डनर।

# दिल्ली की नजरें लगातार चौथी बार फाइनल के टिकट पर

**वडोदरा, एजेंसी**

लगातार तीन बार उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में मंगलवार को यहां जब पहली बार प्लेऑफ में पहुंची गुजरात जाएंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश चौथी बार फाइनल में पहुंचने की होगी।

डब्ल्यूपीएल के छोटे से इतिहास में सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल दिल्ली कैपिटल्स ने एक बार फिर लीग चरण को सफलतापूर्वक पार करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाई। इसके साथ ही वह अब तक के सभी चार सत्रों में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र टीम बन गई है। मौजूदा सत्र में हालांकि दिल्ली का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें दबदबे वाले प्रदर्शन के साथ-साथ गिरावट भी देखने को मिली। टीम ने अब तक चार मैच जीते हैं और उसे इतने में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली की गेंदबाजी की अगुवाई तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने की है। मौजूदा सत्र में 14 विकेट लेने वाली इस गेंदबाज ने आखिरी ओवरों में काफी प्रभावित किया है। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी (14 विकेट) का अच्छा साथ मिला है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी हरफनमौला मारिजेन कैप (10 विकेट) ने गेंदबाजी में नियंत्रण और भरोसेमंद प्रदर्शन जारी रखा है। बल्लेबाजी में कैप की हमवतन लौरा वोल्वार्ट (241 रन) और लिजेल ली (240 रन) ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (208 रन) के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी हालांकि चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने दबाव की स्थिति में अपनी फॉर्म दोबारा हासिल की। वह इससे पहले पूरे सत्र में निरंतरता के लिए जूझती नजर आई थीं। गुजरात जायंट्स की टीम दूसरी ओर एलिमिनेटर में जबरदस्त आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी। उन्होंने लगातार तीन मैचों की हार के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई। टीम ने इस दौरान गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 रन की अहम जीत भी हासिल की। यह दो बार की चैंपियन टीम के खिलाफ उनकी पहली जीत थी। टीम ने जीत से ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की की।

**महिला प्रीमियर लीग : एलिमिनेटर मुकाबला**

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रॉड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लौरा वोल्वार्ड्ट, लुसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, अलाना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मिन्नू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी, एड्डुला सुजना।

**गुजरात जायंट्स :** एश्ले गार्डनर (कप्तान), कनिका आहूजा, सोफी डिवाइन, भारती फुलमाली, किम गार्थ, काशवी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड़, हैप्पी कुमारी, जिंतिमनी कलिता, तनुजा कंवर, बेथ मूनी (विकेटकीपर), रेणुका सिंह, अनुष्का शर्मा, शिवानी सिंह, आयुषी सोनी, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

● गुजरात जाएंट्स के खिलाफ भिड़ंत आज शाम 7:30 बजे से

# भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को दी चेतावनी

## प्रतिबंध और राजस्व पर रोक सहित अन्य कड़े कदम उठाए जाने की संभावना

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार ''चुनिंदा भागीदारी'' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता।

15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है।

आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है, जिसका वह स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी की प्राथमिकता में आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप का सफल आयोजन करना है और यह पीसीबी सहित उसके सभी सदस्यों की जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा।

पाकिस्तान ग्रुप ए में भारत, नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका के साथ है। वे अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेंगे, जो भारत के साथ टूर्नामेंट का सह-मेजबान है। पाकिस्तान सात फरवरी को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन दिन नीदरलैंड्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा।

**टी-20 विश्व कप**
**4 दिन शेष**

● 15 फरवरी को तय है भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

### सरकार का फैसला मानेगा पीसीबी : सूत्र

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के बहिष्कार के सरकार के फैसले पर चुप्पी साध रखी है लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्वीकार किया कि उनके पास सरकार के निर्देश मानने के अलावा कोई चारा नहीं है। तमाम नाटकीयता के बीच पाकिस्तानी टीम सात फरवरी से शुरू हो रहा विश्व कप खेलने कोलंबो रवाना हो गई है। पीसीबी के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि अगर भारत के खिलाफ नॉकआउट चरण में कोई मैच खेलना पड़ता है तो बोर्ड सरकार का फैसला मानेगा। सूत्र ने कहा सरकार ने बोर्ड को भी बता दिया है कि टीम भारत के खिलाफ विश्व कप का मैच नहीं खेलेगी और अंक जाने देगी। अगर नॉकआउट चरण में भारत से खेलने की नौबत आई तो उस समय सरकार के फैसले पर अमल किया जाएगा।

## आईसीसी को करनी चाहिए कार्रवाई : गावस्कर, भज्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी**





भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का अनुमान है कि पाकिस्तान 'यू टर्न' लेगा, लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को टी-20 विश्व कप के मैच का बहिष्कार करने पर आईसीसी को उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि उसकी टीम कोलंबो में भारत के खिलाफ यह मैच नहीं खेलेगी और इसका कोई आधिकारिक कारण भी नहीं दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया है जिसने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था।

गावस्कर ने कहा मुझे लगता है कि अगले चार या पांच दिन में दुनिया भर से प्रतिक्रिया आने लगेगी तो संभव है कि पाकिस्तान अपना फैसला बदल ले। टूर्नामेंट सात फरवरी से शुरू होगा और पाकिस्तान को सारे मैच श्रीलंका में खेलने हैं। गावस्कर ने कहा इसमें क्या नया है। हम सभी को पता है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर रिटायर होते हैं और चार दिन बाद फैसला बदलकर कहते हैं कि हमारे प्रशंसकों ने और खेलने के लिए कहा है। उन्होंने कहा पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मिसाल कायम की है। वे संन्यास का फैसला बदलते रहते हैं लिहाजा 15 फरवरी से पहले ऐसा कुछ हो सकता है। गावस्कर और हरभजन सिंह दोनों ने कहा कि अगर आईसीसी पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करती है तो यह सही होगा। उन्होंने कहा पाकिस्तान के पास भारत के खिलाफ बड़े मैच से पीछे हटने का कोई कारण नहीं है। अनुबंध का उल्लंघन करने का कारण नहीं बता पाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा पहले उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी लेकिन बांग्लादेश के मसले के बाद वे इसमें कूद पड़े। इस फैसले का असर आईसीसी पर पड़ सकता है लिहाजा आईसीसी को कानूनी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। इससे पूरे टूर्नामेंट पर असर पड़ सकता है।

# 25 करोड़ डॉलर के नुकसान की आशंका

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है और ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी हितधारकों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के चलते भारत और पाकिस्तान केवल बहु-टीम टूर्नामेंटों में ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि आईसीसी हर वैश्विक आयोजन में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखता है। पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस बहु-प्रतीक्षित मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा की। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ों डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में आईसीसी के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकार धारक जियोस्टार को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जियोस्टार पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। वॉकओवर की स्थिति में हालांकि भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन आईसीसी के पास पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा।

● भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले में जमकर बरसता है धन

> प्रतिबंध या नुकसान की बात है, जैसा कि मैंने कहा, एक मैच की लागत 25 करोड़ डॉलर है (इसमें केवल प्रसारक का नुकसान नहीं, बल्कि सभी पहलू शामिल हैं)। पाकिस्तान की सालाना आय 3.55 करोड़ डॉलर है, इसलिए अंतर बहुत, बहुत बड़ा है।
>
> **समी-उल-हसन बर्नी, आईसीसी और पीसीबी के पूर्व संचार प्रमुख**

### 10 सेकेंड के स्लॉट की कीमत 40 लाख तक

मेजबान प्रसारक को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है। जबकि इस मैच के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन स्लॉट की कीमत 40 लाख रुपये तक होती है।

### अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबानी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम.ए चिदंबरम स्टेडियम में होंगे। श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर. प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

## तिलक वर्मा व मयंक यादव भारत ए टीम में

**मुंबई, एजेंसी**

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को सोमवार को टी-20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया, जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई। तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 शृंखला में नहीं खेल पाया था जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था। बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।

# सिंधु बगैर एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत के सामने कड़ी चुनौती

**किंगदाओ (चीन), एजेंसी**



स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को यहां मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। उन्होंने सत्र की शानदार शुरुआत की। इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी और दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी को तीन गेम तक चुनौती पेश की जिससे यह साबित हुआ कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकती हैं। उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधु को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।

● पुरुष बैडमिंटन टीम की नजरें पोडियम पर

**उत्साह**

**अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय टीम की जीत पर यकीन**

# मनचाहा कोच व ट्रेनर मिला, टीम का अच्छा हुआ माहौल : सविता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने स्वीकार किया कि अगले महीने हैदराबाद में होने वाला महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर भारतीय टीम के लिए करो या करो की तरह है, लेकिन उन्हें यकीन है कि कोच शोर्ड मारिन की टीम जीत के साथ इस चुनौतीपूर्ण वर्ष का आगाज करेगी। इस साल पद्मश्री सम्मान के लिये चुनी गई सविता ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा हमारी टीम पहले भी अच्छी थी और आज भी अच्छी है। हमने जो ट्रेनर मांगा, वह हमें मिला और जो कोच चाहा, वह भी मिला और टीम का माहौल बहुत अच्छा है। तीन सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुकी इस गोलकीपर ने कहा पूरी टीम को पता है कि विश्व कप क्वालीफायर हमारे लिये ''करो या मरो'' की तरह है लेकिन इतना यकीन है कि हमें उस तरह की हॉकी खेलनी आती है कि इसे जीत सकें।

एशिया कप के जरिये अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारतीय टीम को अब हैदराबाद में आठ से 14 मार्च तक क्वालीफायर खेलना होगा जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरूग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया भी शामिल है। प्रत्येक क्वालीफायर में शीर्ष तीन टीमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, साथ ही दोनों प्रतियोगिताओं में चौथे स्थान पर रहने वाली उच्च रैंकिंग वाली टीम भी क्वालीफाई करेगी। आगे की चुनौतियों के बारे में उन्होंने कहा कि प्रो लीग के लिये क्वालीफाई करना बहुत जरूरी है जिसके लिये नेशंस कप जीतना होगा। उन्होंने कहा प्रो लीग से बाहर होना बड़ा झटका है और अब नेशंस कप जीतकर इसके लिये क्वालीफाई करना है। हम इसके जरिये विश्व की शीर्ष आठ टीमों के खिलाफ खेल सकते हैं जिससे काफी अच्छा अनुभव मिलता है। पैंतीस वर्ष की इस पूर्व कप्तान ने कहा इस साल विश्व कप और एशियाई खेल भी हैं। दोनों टूर्नामेंटों के बीच में काफी कम समय है लिहाजा फिटनेस पर काम करना होगा। एशियाई खेलों में रजत और कांस्य है लेकिन अब नजरें स्वर्ण पर है ताकि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई कर सकें। उन्होंने कहा एशियाई खेलों में चीन से चुनौती मिलेगी लेकिन हमें उनकी और अपनी ताकत पता है। हमें विरोधी टीम की नहीं बल्कि अपनी ताकत पर फोकस करना है और इसी फलसफे से हमने नेशंस कप जीतकर प्रो लीग के लिये क्वालीफाई किया था और आगे भी करेंगे। टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन में पिछले साल आई गिरावट के लिये सविता ने फिटनेस के खराब स्तर को कसूरवार ठहराया।

उन्होंने कहा खेल में उतार-चढाव आते रहते हैं और पिछले साल ऐसा ही एक दौर था। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि हमारी फिटनेस में कहीं न कहीं कमी रह गई थी। टोक्यो ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन के पीछे फिटनेस बहुत बड़ा कारण था।

### नए कोच के आने से हुई प्रेरित

पूर्व कोच हरेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद शोर्ड 2017 से 2021 तक कोच रहने के बाद एक बार फिर भारतीय टीम से जुड़े हैं। सविता ने कहा शोर्ड हमें काफी प्रेरित करते हैं और सकारात्मक माहौल रखते हैं। मैदान पर वह काफी डिमांडिंग कोच हैं और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं। फिटनेस समस्याओं से उबरकर हॉकी इंडिया लीग के जरिये वापसी करने वाली इस धुरंधर ने कहा अगर मैं अपनी बात करूं तो 2017 में मेरा कैरियर लगभग खत्म होने वाला था क्योंकि रियो ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने मुझे एक मौका दिया और वहीं से मैंने अपनी गोलकीपिंग का मजा लेना शुरू किया। उनके भरोसे से मुझे अच्छे प्रदर्शन में काफी मदद मिली।